प्रथम यदि यह पुरस्कार किसी विद्वान को उसके द्वारा किये गये प्रशंसनीय कार्य के लिये दिया गया होगा। दूसरे, यदि यह पुरस्कार किसी देश द्वारा न दिया जाकर, नेहरू पुरस्कार निकाय की भांति एक अन्तरराष्ट्रीय निकाय द्वारा दिया जाता है।

श्री ब० रा० भगत : वास्तव में यह मार्ग दर्शक सिद्धान्त है। हम राजनीतिक विचार धारा के प्रसार का विरोध करते हैं।

श्री समर गुह : अभी आपने जो लेनिन पुरस्कार प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के नाम बताये थे, क्या उन्हें किसी साहित्यिक ग्रन्थों के लिये पुरस्कार मिले थे ?

श्री ब० रा० भगत : उदाहरण के तौर पर एक पुरस्कार चिकित्सा अनुसंधान के लिये दिया गया था.....(अन्तर्बाधाएँ)

श्रीमती इंदिरा गांधी : जैसा कि नाम से ही विदित है, लेनिन पुरस्कार शान्तिपूर्ण वातावरण पैदा करने के कार्य के लिये दिया जाता है। माननीय मन्त्री ने जनरल सोरवी को दिये जाने वाले पुरस्कार का उल्लेख किया था उन्होंने सारा धन जो उन्होंने चिकित्सा अनुसंधान के लिये सुरक्षित रखा था दे दिया। माननीय मन्त्री ने भूतपूर्व मन्त्री को दिये जाने वाले तमगे का भी उल्लेख किया था। इस प्रकार का तमगा विशेष कार्यक्रम में उपस्थित रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को दिया जाता है। यह पुरस्कार के रूप में नहीं था।

श्री मनुभाई पटेल : क्या ये विशिष्ट व्यक्ति, जो इन पुरस्कारों को लेने के लिये जाते हैं, इस बात की जानकारी सरकार को देते हैं ? क्या उनको पार-पत्र नहीं दिये जाते ? जब वे किसी विशेष स्थान को जाने की अनुमति सरकार से मांगते हैं, तब क्या वह दूसरे देशों में जाने के बारे में अपना प्रयोजन स्पष्ट नहीं करते ?

श्री ब० रा० भगत : विदेश जाने से पहले किसी भी व्यक्ति को सरकार से अनुमति लेनी होती है। उसे पारपत्र भी प्राप्त करना होता है। यह आवश्यक नहीं है कि वह अपना विदेश जाने का कारण या प्रयोजन भी बताये।

Shri Rabi Ray : Mr. Jai Prakash Narain and Mrs. Aruna Asaf Ali received the Phillipines and Lenin Prizes respectively for expressing something which was against our Government. Whether Government are taking such steps that in future such prizes are not given to such persons ?

Shri B. R. Bhagat : All these prizes have been given by foreign countries. We have not got the details of the grounds for which prizes were given to them.

Shri Bibhuti Mishra : It is very strange that even after having such a big Machinery, our External Affairs Minister is not aware of the number of prizes given and to whom, and on what grounds ? Whether it is a fact that these awards were given to the persons due to such views expressed on are subscribed by country which gives the awards ? Whether the Government will enquire the reasons for which the awards have been given ?

Shri B. R. Bhagat : Government should not disclose any information, if she has, regarding it.

Shri Jagannath Rao Joshi : The question was very clear and it was intended to collect imformation. In the question, the number of Indians who have so far been awarded International awards sponsored by Official and non-official agencies in U.S.S.R and other Communist countries, was asked.

It was asked to get complete information. In the beginning, the hon. Minister did not give any information, but later on, he told the names of persons who were awarded. I want to know the names of the persons to whom awards were given and their contributions for which awards have been given.

अध्यक्ष महोदय : यह जानकारी देने के लिए मंत्री महोदय सहमत हो गये हैं।

केरल राज्य योजना बोर्ड द्वारा तैयार की गई वैकल्पिक योजना

*705. **श्री रा० कृ० सिंह** :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केरल राज्य योजना बोर्ड चौथी योजना के स्थान पर जिसको योजना आयोग द्वारा अन्तिम रूप दिया जा रहा है, एक वैकल्पिक राष्ट्रीय योजना तैयार कर रहा है; और

(ख) यदि हाँ, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वैदेशिक कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री ब० रा० भगत) :

(क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

केरल का विकास

*726. **श्री अविचन :**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केरल में एक मजदूर की औसत दैनिक मजदूरी केवल 3 रुपये 54 पैसे है जब कि अखिल भारतीय औसतन मजदूरी 6 रुपये 13 पैसे है और उस राज्य में प्रति व्यक्ति आय केवल 290 रुपये है जब कि इसके अखिल भारतीय आंकड़े 350 रुपये से अधिक हैं ;

(ख) यदि हां, तो तेजी से विकास करने के लिये उस राज्य की क्षमता होने के बावजूद भी वहां के विकास की गति कम होने के क्या कारण हैं ; और

(ग) चौथी पंचवर्षीय योजना में शामिल की जाने वाली राज्य के विकास की प्रस्तावित योजना की मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों पर कितना कितना व्यय किया जायेगा, यह व्यय केन्द्रीय सरकार तथा योजना आयोग को किस हद तक स्वीकार्य है और इससे उस राज्य के तेजी से विकास करने में कहां तक सहायता मिलने की संभावना है ?

वैदेशिक कार्य मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री ब० रा० भगत)

(क) किसी क्षेत्र में प्रचलित दैनिक मजूरी की सम्पूर्ण देश की दैनिक मजूरी के साथ तुलना दर्शाने वाला कोई तुलनात्मक सूचकांक नहीं है । मजदूरों की दैनिक मजूरी का निर्धारण स्थानीय परिस्थितियों तथा समय समय पर होने वाले परिवर्तनों के आधार पर होता है ।

केरल की और सम्पूर्ण भारत की प्रति व्यक्ति आय को दर्शाने वाले तुलनात्मक प्राक्कलन अभी उपलब्ध नहीं हैं ।

(ख) किसी राज्य की विकास दर कई बातों पर निर्भर होती है । राज्य की विकास दर के लिये उत्तरदायी किसी विशेष तत्व का सूक्ष्मतापूर्वक पता लगाना सम्भव नहीं है । जहां तक केरल का सम्बंध है, ऐसा मालूम पड़ता है कि विकास की धीमी गति का मुख्य कारण वहां की जनसंख्या का अधिक होना है ।

(ग) इस समय ऐसा प्रश्न नहीं उठता, क्योंकि चौथी पंचवर्षीय योजना (1969-74) के लिए राज्य सरकार से अभी प्रस्ताव नहीं आये हैं ।

श्री रा० कृ० सिंह : फैजाबाद डिवीजन के बारे में संसद के पांच सदस्यों ने उत्तर प्रदेश योजना बोर्ड को एक ज्ञापन भेजा था जिनमें श्री अटल बिहारी बाजपेयी, श्री राम सेवक यादव और स्वयं मैं भी शामिल हूँ, उत्तर प्रदेश के इस डिवीजन में छः जिले हैं ।

अध्यक्ष महोदय : यदि आप प्रश्न संख्या 725 के बारे में अनुपूरक प्रश्न पूछना चाहते हैं तो आप बाद में पूछ सकते हैं। फैजाबाद का केरल से क्या संबध है। अभी श्री अदिचन प्रश्न पूछेंगे।

श्री अदिचन : इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि पिछली तीन योजनाओं में केरल राज्य की सर्वथा उपेक्षा की गई थी, और जिसके परिणाम स्वरूप विकास की दृष्टि से केरल अन्य राज्यों की अपेक्षा बहुत पीछे रह गया है, क्या सरकार चौथी योजना में केरल राज्य के लिए उदारता पूर्ण तथा न्यायसंगत आबंटन करेगी ताकि पिछली तीन योजनाओं के दौरान इस राज्य की उपेक्षा किये जाने के कारण जो असन्तुलन पैदा हो गया था, वह समाप्त हो सके ?

श्री ब० रा० भगत : श्रीमन्, मैं प्रश्न को नहीं समझ सका।

श्री योगेन्द्र शर्मा : प्रश्न यह है कि पिछली तीन योजनाओं के दौरान केन्द्र द्वारा केरल राज्य को पर्याप्त सहायता नहीं दी गई है; क्या सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि चौथी योजना में केरल के लिये अधिक धन नियत किया जायेगा ?

श्री नम्बियार : कम से कम चौथी योजना में।

श्री ब० रा० भगत : यह सच नहीं है। पिछली तीन योजनाओं के दौरान केरल को अन्य सभी राज्यों की अपेक्षा केन्द्र द्वारा अधिक सहायता प्राप्त हुई है।

एक माननीय सदस्य : ऐसा भेद भाव क्यों है ?

श्री ब० रा० भगत : पहली योजना की अपेक्षा दूसरी योजना में सभी राज्यों को 20 प्रतिशत अधिक सहायता दी गई थी जब कि केरल के सम्बन्ध में यह सहायता 58 प्रतिशत थी। दूसरी योजना के मुकाबले तीसरी योजना में सारे भारत के लिए सहायता में वृद्धि 137 प्रतिशत थी जबकि केरल के सम्बन्ध में यह वृद्धि 221 प्रतिशत थी।

एक माननीय सदस्य : क्यों ?

श्री ब० रा० भगत : तथ्य इस प्रकार हैं। चौथी योजना में सभी राज्यों के लिए सहायता की राशि में वृद्धि 43 प्रतिशत है जब कि केरल के संबंध में यह वृद्धि 50 प्रतिशत है। इसलिए समस्या को समझते हुए हमें यथा सम्भव सब कुछ करना चाहिये ताकि विकास दर में वृद्धि हो। यह कहना सच नहीं है कि केन्द्र द्वारा सहायता दिये जाने के सम्बन्ध में केरल के साथ कोई भेद-भाव पूर्ण रवैया अपनाया गया है। वास्तव में, हम सहायता में वृद्धि करने के लिए प्रयत्न कर रहे हैं।

श्री सोनावने : उनका रवैया भेद-भाव पूर्ण है।

अध्यक्ष महोदय : श्री सिंह। श्री अदिचन के दूसरे प्रश्न का सवाल नहीं उठता जब दो प्रश्न एक ही में पूछ लिये जायें।

श्री रा० कृ० सिंह : हमारे देश में केरल पिछड़ा हुआ तथा अविकसित राज्य है।

दो परस्पर विरोधी बातें हैं जिनके बारे में सरकार को योजना की राष्ट्रीय सूची में विचार करना है—पहला है पिछड़े हुए क्षेत्र तथा दूसरा है विकसित क्षेत्र। मैं मंत्री महोदय को एक और प्रतिवाद के बारे में बताना चाहता हूँ। राज्यों में कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जो ग्रामीण हैं और कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जो शहरी हैं, क्या ग्रामीण क्षेत्र के लोग भारत के मानचित्र में अपना अस्तित्व नहीं रखते; क्या वे कर नहीं देते और क्या वे मत नहीं देते ?

क्या योजना का कार्य केवल बड़े नगरों में ही सीमित रहना चाहिये, और देश के उनसम्पूर्ण क्षेत्रों की पूर्ण उपेक्षा की जानी चाहिये जहां गावों के लोग रहते हैं जो कि कर चुकाते हैं और भारत सरकार के पक्ष में मत देते हैं ?

श्री ब० रा० भगत : यह सच है कि कुछ नगरीय क्षेत्रों में विरूपण के कारण विकास दर अधिक हो, और कुछ उद्योग, यहां तक कि मध्यम उद्योग अथवा औद्योगिक सम्पदा किसी एक क्षेत्र में चले गये हों, और परिणाम स्वरूप, पूंजी निवेश के अधिक होने के कारण विकास दर अधिक हो। किन्तु इस असंतुलन अथवा विकृति को ठीक करना है। तीसरी योजना में प्रयत्न किया गया था और चौथी योजना में भी बहुत अधिक प्रयत्न किया जायेगा कि कृषि, गाँवों में बिजली पहुँचाने, ग्रामीण उद्योगों तथा अन्य क्षेत्रों को जहाँ विकास दर कम है, प्राथमिकता देकर ग्रामीण क्षेत्रों में विकास दर का यह असंतुलन ठीक किया जाये।

श्री ए० श्रीधरन : मंत्री महोदय ने अपने उत्तर में बताया है कि केरल के विकास दर में कमी का कारण उस राज्य की जन संख्या का उच्च घनत्व है। मुझे कभी ऐसी आशा नहीं थी कि कोई मंत्री बीसवीं शताब्दि की सांध्य वेला में भी इस प्रकार का वक्तव्य देगा क्योंकि यह वक्तव्य बिल्कुल अवैज्ञानिक है। जापान जैसे देशों में जहां जनसंख्या का बहुत ऊँचा घनत्व है, विकास और वृद्धि दर बहुत ऊँची है। यदि केरल में विकास दर तीव्र नहीं रहा है तो इसका अर्थ यह हुआ कि केन्द्रीय सरकार ने वहां उद्योग स्थापित नहीं किये हैं, जिनसे राज्य के बहुत से लोगों को रोजगार प्राप्त हो जाता।

मैं प्रश्न के लिये पृष्ठ भूमि तैयार कर रहा हूँ। क्योंकि मंत्री महोदय यह नारा लगाते रहते हैं कि वे केरल के प्रति भेद-भाव पूर्ण नीति नहीं अपनाते हैं; इसलिये मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि केरल में तीन योजनाओं के दौरान सरकारी क्षेत्र के उद्योगों में केन्द्रीय सरकार का पूंजी निवेश कुल निवेश का एक प्रतिशत है और यहाँ तक कि परियोजनायें जो केरल में स्थापित की जाती हैं थीं; वहाँ स्थापित नहीं की जा रही हैं। उदाहरणार्थ ह्याटो कैमिकल प्रोजैक्ट तथा प्रेसिशन इंन्स्ट्रुमेंट फैक्ट्री के बारे में सरकार विचार कर रही है क्या इन कारखानों को वहाँ से हटाकर दूसरी जगह ले जाया जाय अथवा छोड़ दिया जाय। इसी प्रकार, कोचीन में जहाज-निर्माण यार्ड को भी अभी जन्म लेना है।

इस पृष्ठ भूमि के साथ, मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूँ कि क्या सरकार चौथी योजना बनाते समय केरल की जनसंख्या के अधिक घनत्व तथा बेरोजगारी की ऊँची प्रतिशतता को ध्यान में रखेगी और केरल को विशेष महत्व देगी तथा केरल में स्थापित कारखानों को वहाँ से नहीं हटायेगी ?

श्री द्वा० ना० तिवारी : बिहार को भी उसमें सम्मिलित किया जाय।

श्री० ब० रा० भगत : केन्द्रीय सहायता की मात्रा निर्धारित करते समय केरल राज्य की बेरोजगारी की ऊँची दर अथवा सामुद्रिक क्षरण के प्रश्न की जांच करनी होगी। जब मैंने बताया है कि जनसंख्या के ऊँचे घनत्व के परिणाम स्वरूप प्रति व्यक्ति पूंजी निवेश अथवा प्रति व्यक्ति आय कम होती है, तो यह सच है और यह तथ्य कि यह बीसवी शताब्दि है; उस तत्व को नहीं मिटा सकती। यदि आप वृद्धि के अथवा विकास के विभिन्न निवेशों को लें तो आप देखेंगे कि

केरल में प्रति व्यक्ति निवेश आंध्रप्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, मद्रास, राजस्थान, उत्तर प्रदेश तथा पश्चिमी बंगाल से अधिक ऊंचा रहा है ।

श्री ए० श्रीधरन : मंत्री महोदय भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं ।

श्री ब० रा० भगत : मैं इस बात को स्वीकार नहीं करता, मुझे दुःख है कि माननीय सदस्य मेरी बात नहीं समझ पा रहे हैं ।

श्री वासुदेवन नायर : क्या यह केन्द्रीय सरकार द्वारा किये गये निवेश का अंश है ।

श्री ब० रा० भगत : मैं आपके प्रश्न और बातों का अनुमान लगा रहा हूँ । मैं उनका उत्तर दूंगा । जहां तक प्रति व्यक्ति योजना व्यय का सम्बन्ध है, सात राज्य केरल से नीचे हैं, जहाँ तक केन्द्रीय सहायता का सम्बन्ध है और छः राज्य केरल से नीचे हैं । यदि आप प्रति व्यक्ति योजना व्यय अथवा केन्द्रीय सहायता पर ध्यान दें तो आप देखेंगे कि केरल की स्थिति कोई बुरी नहीं है । लेकिन बड़ी बात यह है कि जब हम प्रति व्यक्ति निवेश अथवा प्रति व्यक्ति आय को देखते हैं तो केरल राज्य की जनसंख्या का घनत्व राष्ट्र के औसत घनत्व से तीन गुना या तीन गुने से भी अधिक बैठता है । इसलिये जब आप प्रति व्यक्ति आय निर्धारित करते हैं, जैसा कि माननीय सदस्य भी करना चाहते हैं, तो यह नीचे जाता है अर्थात कम होती है क्योंकि जनसंख्या के तीन गुने अधिक घनत्व की पूर्ति नहीं की जा सकती । इसीलिये मैंने वैसा कहा था, सम्भवतः जन संख्या के ऊँचे घनत्व के कारण, जो कि प्रति व्यक्ति निदेश या प्रति व्यक्ति आय में प्रतिबिम्बित होती है । लेकिन तथ्य यह है कि देश के सम्पूर्ण संसाधनों के अनुकूल हम केरल की समस्याओं की ओर यथा सामर्थ्य ध्यान दे रहे हैं ।

श्रीमती सुचेता कृपालानी : क्या यह सच है कि यदि आप आकार, पिछड़ापन तथा जनसंख्या को ध्यान में रखकर पिछली तीन योजनाओं में योजना संबन्धी धन आबंटन का विश्लेषण करें तो उत्तर प्रदेश ही ऐसा राज्य ठहरता है जिसके साथ सबसे अधिक भेद भाव पूर्ण व्यवहार हुआ है ?

श्री ब० रा० भगत : यदि आप राज्यवार प्रति व्यक्ति आय को लें तो केरल की इतनी बुरी स्थिति नहीं है बल्कि बिहार सबसे नीचे है ।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न काल समाप्त हो गया है । अब श्री भारती अल्प सूचना प्रश्न पूछेंगे ।

श्री नी० श्रीकान्तन नायर : केरल सम्बन्धी प्रश्न पर आपने उत्तर प्रदेश के सदस्य को बुलाया । आपने केरल के सदस्य को नहीं बुलाया ।

श्री कंवर लाल गुप्त : क्या मैं पूछ सकता हूँ कि क्या दिल्ली विकास प्राधिकार उनके मंत्रालय के अन्तर्गत आता है अथवा किसी अन्य मंत्रालय के ?

अध्यक्ष महोदय : मुझे भी इस बारे में पता नहीं हैं ।

श्री जगन्नाथ राव : मैं इसके बारे में बताऊंगा ।

Allotment of Plot for Petrol Pump opposite Krishi Bhavan, New Delhi.

Short Notice Question No. 14. Shri Maharaj Singh Bharati : Will the Minister of **Works, Housing and Supply** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Delhi Development Authority has allotted land to M/s. Burmah Shell Co. for a petrol pump opposite Krishi Bhavan, New Delhi ;

(b) if so, whether the action of D.D.A. in allotting land to M/s. Burmah Shell in preference to the Indian Oil Corporation is not contrary to the declared policy of Government ;

(c) whether it is also a fact that M/s. Burmah Shell do not produce petrol themselves but it would be purchased from the Public Sector and then sold through this petrol pump ; and

(d) if so, the considerations which weighed with Government in not allotting this place to the Indian Oil Corporation ?

Minister of Works, Housing and Supply (Shri Jaganath Rao) : (a) With the development of the Jantar Mantar Complex, the existing Burmah Shell petrol pump on a non-conforming site opposite the New Delhi Municipal Committee had to be shifted. The Delhi Development Authority is stated to have approved of the shifting of the petrol pump to the parking area near the Chelmsford Club. Chairman, New Delhi Municipal Committee authorised Burmah Shell to instal the pump on the new site.

(b) Allotment of the site to M/s Burmah Shell by the Chairman, New Delhi Municipal Committee without the approval of Land and Development Officer is unauthorised.

(c) M/s. Burmah Shell also manufacture petrol, though, the product sold by all the oil companies in the Delhi area, including by M/s. Burmah Shell, is drawn from the public sector refineries, on the basis of the existing product exchange arrangements between the marketing oil companies.

(d) The land in question belongs to the Central Government and no decision to allot it to any party for a petrol pump has so far been taken by Government. As the allotment is without authority, the Delhi Administration has been asked to get the plot vacated.

Shri Maharaj Singh Bharati : May I know whether it is a fact that this petrol pump has started working without getting licence for retail sale from the Sales Department, storage licence from the Chief Inspector of Explosives, without getting sanction for plan of the building from the Municipal Corporation, without getting sanctioned the supply of electricity and by printing Cash Memos without name and numbers ? It seems that sales have started at this petrol pump in an unfair manner. The Delhi Development Authority had not even fully transferred this land to New Delhi Municipal Corporation keeping in view that this petrol pump started functioning in an unfair way in collusion with the Municipal Corporation, whether the Government will prosecute them for all these things and file a suit against them ?

श्री जगन्नाथ राव : जैसा मैंने बताया हमसे परामर्श नहीं किया गया। हमने पैट्रोल पम्प को इस स्थान पर स्थापित करने की अनुमति नहीं दी थी, यह भी सच है कि बर्मा-शैल के पैट्रोल पम्प ने विस्फोटक पदार्थों के मुख्य निरीक्षक से लाइसेंस नहीं लिया था तथा पेट्रोलियम उत्पाद का भण्डार रखने के लिये भी लाइसेंस प्राप्त नहीं किया, ऐसा मालूम पड़ता है कि पैट्रोल पम्प को चालू करने में कुछ अनावश्यक शीघ्रता की गई है, सांठ-गांठ किये जाने के बारे में मुझे जानकारी नहीं है, अब हम इस प्रश्न पर विचार करना चाहते हैं कि यह कार्य इतनी जल्दी से क्यों किया गया था।

Shri Maharaj Singh Bharati : You have framed a policy at the National level that the petrol, which is prepared in the Public Sector, will be sold by the petrol pumps and the private sector will also sell that petrol and you also have mentioned it. Simultaneously, you have decided that after the expiry of lease of all the private petrol pumps in Delhi or after their closure due to some other reasons, the new petrol pumps will be located in the public sector, because all the petrol sold belongs to the public sector. When the public sector petrol is sold by the foreign companies like Burmah Shell the money earned goes to foreign countries in the form of profit or foreign exchange. You have decided a policy and the public sector company is demanding this site for the last many years but you have not allotted that site to them. The Municipal Corporation has easily allotted that site to private sector without bringing it to your knowledge. Does it not prove that you have adopted policy to eliminate public sector and to promote private companies specially foreign companies ?

श्री जगन्नाथ राव : जैसा मैंने बताया है मोरारका समिति की रिपोर्ट सरकार को नवम्बर में दी गयी थी और सरकार ने उसे स्वीकार कर लिया है, इस समिति ने पैट्रोल पम्पों के लिए फुटकर बिक्री के बारे में नीति निर्धारित की है, भविष्य में गैर-सरकारी क्षेत्र को कुल फुटकर बिक्री का 5 प्रतिशत दिया जायेगा । शेष भारतीय तेल कम्पनी के लिये आबंटित किया जायेगा । इसी नीति का सरकार पालन कर रही है । इस विशिष्ट मामले में मैंने पहले ही बता दिया है कि नई दिल्ली नगर पालिका की ओर से कुछ शीघ्रता की गई तथा कुछ गलतफहमी थी । अतएव मैंने इसे अनियमित आवंटन कहा है हमने इसे अभी अनुमोदित नहीं किया है, और दिल्ली प्रशासन को इस पम्प को बन्द कर देने के लिये कहा गया है ।

Shri Kanwar Lal Gupta : The Hon. Minister has stated that this place belonged to the Government and the officials of New Delhi Municipal Committee handed it over to other persons illegally. I want to know how much land belonges to the Government. Do you have any list ? Which lands have been given to others on rent lease without your permistion by the New Delhi Municipal Committee ? May I know whether the land at Regal Park on which a restaurant was constructed, also beloged to you as no information was furnished to you. If so, will you get it vacated and conduct an inquiry with a view to find out as to which officials of the New Delhi Municipal Committee are responsible for it and make efforts to punish them.

श्री जगन्नाथ राव : जी हाँ, यह भूमि सरकार की है, हमने इस स्थान का अनुमोदन नहीं किया है और हमने दिल्ली प्रशासन को इसे खाली करवाने को कहा है, मैंने पहले ही कहा है कि हम समस्त मामले के जाँच पड़ताल करेंगे ।

Shri Kanwar Lal Gupta : The land at Regal Park in New Delhi, on which a restaurant was just constructed and for which the N.D.M.C. has issued a licence also belongs to you. You please make an enquiry.

श्री जगन्नाथ राव : यह मुख्य प्रश्न से सम्बन्धित नहीं है ।

Shri Nathu Ram Ahirwar : The N.D.M.C. has sanctioned instalation of a Petrol Pump on your land without your permission. Will you ask them to get it vacated ?

श्री जगन्नाथ राव : मैंने पहले ही बता दिया है कि हमने दिल्ली प्रशासन को इसे खाली करने को कहा है ।

श्री रा० की० अमीन : क्या मैं जान सकता हूँ कि क्या किसी सरकारी क्षेत्र की संस्था ने भूमि की मांग का प्रस्ताव रखा है ताकि वहां पैट्रोल पम्प लगाया जा सके ।

श्री जगन्नाथ राव : दिल्ली प्रशासन तथा उपराज्यपाल-भूमि तथा विकास अधिकारी को

पैट्रोल पम्प के लिए भूमि के सम्बन्ध में लिखते हैं, और हम उनकी सिफारिश पर कार्य करते हैं। मेरे विचार में एक समिति ऐसी भी है जो पैट्रोल पम्प के लिए भूमि के आवंटन के प्रश्न पर विचार करती है।

Shri Bibhuti Mishra: This place is close to Shastri Bhawan, Krishi Bhawan and Parliament House. Even the passerby says that there is something in this deal and that is why the site has been allotted to Private Company of Burmah Shell and as such it has not been alloted to Indian Oil Company. If it is correct whether the Government would cancel this deal and make arrangements to hand it over to the Indian Oil Company ?

श्री जगन्नाथ राव : मैंने पहले ही बताया है कि हम इस समूचे मामले की जाँच कर रहा हूँ और यह भूमि इण्डियन आयल कम्पनी को दी जानी चाहिए न कि किसी और गैर सरकारी कम्पनी को।

Shri Kameshwar Singh : The case of N.D.M.C. is different. The Burmah Shell has started sale and the officials of Burmah Shell are guilty for this. I want to know from the Hon. Minister whether he is going to take legal action against Burmah Shell for its violation of rules ? It not, what are the reasons ?

श्री जगन्नाथ राव : जैसा कि मैंने बताया है हम समूचे मामले की जांच करेंगे और यदि कहीं नियमों का उल्लंघन पाया गया तो हम निश्चय ही कार्यवाही करेंगे।

Shri Om Prakash Tyagi : The Hon. Minister has admitted that N.D.M.C. has alloted site to Burmah Shell for installing Petrol Pump with the permission of Central Government. This proves that the N.D.M.C. is a tool in the hands of the Government. There are many cases of Corruption. Will the Government institute an enquiry so that it may come to light as to how many such plots have been alloted and encroached upon without the permission of the Government.

श्री जगन्नाथ राव : मैंने पहले ही बता दिया है कि हम इस समूचे मामले की जाँच करेंगे।

श्री बलराज मधोक : सरकार ने स्वीकार किया है कि नई दिल्ली नगर पालिका ने बिना उनके अनुमोदन के अवैध निर्माण कार्य किया है, क्या मैं जान सकता हूँ कि क्या वे इस पम्प को तुरन्त ही बन्द करने को तैयार हैं और क्या वे नई दिल्ली नगरपालिका के अध्यक्ष के विरुद्ध शीघ्र ही कार्यवाही करेंगे, जो कि सरकार के कर्मचारी हैं और जिनको सरकारी अनुदेशों का पालन करना चाहिये। यदि वे सरकारी अनुदेशों की अवहेलना करते हैं तो इस देश में हम क्या कर सकते हैं ?

श्री जगन्नाथ राव : पेट्रोल पम्प पहले ही बन्द कर दिया गया है। जहाँ तक नई दिल्ली नगरपालिका के अध्यक्ष के विरुद्ध कोई कार्यवाही करने का प्रश्न है, हम इस समूचे मामले की जांच करेंगे, और यदि इसका कोई परिणाम निकला, तो निश्चय ही कार्यवाही की जाएगी।

प्रश्नों के लिखित उत्तर

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

"बाल्टीमोर सन" के एक सम्वाददाता का लेख

*722. **श्री चपलाकान्त भट्टाचार्य** : क्या वैदेशिक कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान 22 जुलाई 1968 के "बाल्टीमोर सन" में उसके नई दिल्ली स्थित सम्वाददाता द्वारा प्रकाशित इस आशय के एक समाचार की ओर (प्रेस ट्रस्ट आफ

इंडिया द्वारा परिचालित) दिलाया गया है, कि मंत्रिमंडल के एक वरिष्ट सदस्य ने इस सम्वाददाता के साथ रूसी हथियारों की खरीद से सम्बन्धित गोपनीय मामलों के बारे में बातचीत की थी ;

(ख) : क्या सरकार का ध्यान इस सम्वाददाता की निम्नलिखित महत्वपूर्ण टिप्पणी की ओर भी दिलाया गया है :

"सन समाचार" में आगे बताया गया है कि चाहे भारत सरकार इन आंकड़ों को बताने से इन्कार भी कर दे, तो भी अमरीकी गुप्तचर विभाग को रूसी हथियारों की लागत तथा ब्योरे का अनुमान लगाने में कोई कठिनाई नहीं होगी, क्योंकि भारतीय प्रतिरक्षा से संबंधित गोपनीय बातों को गुप्त रखने में बड़ी असावधानी बरती जाती है।"

(ग) मंत्रिमंडल का वह सदस्य कौन था; और

(घ) उन्होंने 'वाल्टीमोर सन' के इस सम्वाददाता से क्या कहा था ?

वैदेशिक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) और (ख) जी हाँ।

(ग) मंत्रिमंडल के किसी भी सदस्य का वाल्टीमोर सन के संवाददाता से बातचीत करने का मौका नहीं पड़ा।

(घ) : प्रश्न नहीं उठता।

नियात नीतियां सम्बन्धी सलाहकार दल

*727. **श्री अंबचेजियान :** **श्री नि० रं० लास्कर :**
श्री चैगलराया नायडू : **श्री देवकी नन्दन पाटोदिया :**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि योजना आयोग के अध्यक्ष ने कहा है कि चौथी पंचवर्षीय योजना की अवधि में निर्यात बढ़ाने सम्बन्धी नीतियां बनाने तथा उपाय करने में परामर्श लेने के लिये निर्यात प्रधान उद्योगों के प्रतिनिधियों का एक छोटा सा दल बनाया जायेगा :

(ख) यदि हाँ, तो इससे सरकार को क्या सहायता मिलने की संभावना है;

(ग) इस सलाहकार दल के सदस्यों के नाम क्या हैं; और

(घ) इसके कब तक गठित हो जाने की संभावना है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) चौथी पंचवर्षीय योजना की तैयारी के सम्बन्ध में, प्रमुख उद्योगपतियों के साथ 2 अगस्त, 1968 को योजना आयोग में हुई बैठक में, कतिपय भागीदारों के सुझाव के उत्तर में उपाध्यक्ष योजना आयोग ने कहा कि निर्यात लक्ष्यों की उपलब्धि के लिए यह आवश्यक है कि सरकारी नीतियों के अनुरूप सहायक उपाय किये जायें। उन्होंने यह भी कहा कि इन कार्यों में उद्योग के प्रतिनिधियों को सहयोजित करने में योजना आयोग को खुशी होगी।

(ख) सरकार की अपनी नीतियों के संदर्भ में, सम्बन्धित हितों से परामर्श करना, निर्णय लेने के लिए बहुत ही उपयोगी है।

(ग) और (घ) : अभी तक इस प्रकार का कोई परामर्श दल गठित नहीं किया गया है।

जनरल केटो की हत्या

*728 **श्री वेद व्रत बरुआ :** **श्री महाराज सिंह भारती :**

श्री कंवर लाल गुप्ता :

क्या **वैदेशिक-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को कोई ऐसी जानकारी है कि चीन समर्थक गुट के नागा विद्रोही लोग जनरल केटो की हत्या के लिये जिम्मेदार हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या उस सम्बन्ध में कोई व्यक्ति गिरफ्तार किया गया है ; और

(ग) क्या नागा विद्रोहियों ने इस बात से इन्कार किया है कि इस मामले में उनका कोई हाथ है ?

वैदेशिक कार्य मंत्रालय में उप मन्त्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह) : (क) और (ख) राज्य प्राधिकारीगण हत्या के लिए जिम्मेवार व्यक्ति को खोज निकालने के लिए आवश्यक जांच-पड़ताल कर रहे हैं। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

(ग) जी नहीं।

फिजो द्वीप की स्वतंत्रता

*729. **श्री कामेश्वर सिंह :** **श्री ओंकार लाल बेरवा :**

श्री श्रीधरन :

क्या **वैदेशिक-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने ब्रिटिश सरकार से फिजो द्वीप को तुरन्त स्वतन्त्रता देने के लिये अनुरोध किया है ; और

(ख) यदि हां, तो ब्रिटिश सरकार की इस बारे में क्या प्रतिक्रिया है ?

वैदेशिक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) भारत ने संयुक्त राष्ट्र के उन प्रस्तावों का समर्थन किया है जिनमें फिजो को जल्दी स्वतंत्र करने की मांग की गई है।

(ख) यह बड़े खेद का विषय है कि यूनाइटेड किंगडम की सरकार ने इन प्रस्तावों पर अमल नहीं किया है।

उपग्रह छोड़ने का केन्द्र

*730. **श्री शिव चन्द्र झा :**

क्या **प्रधान मंत्री** 8 मई, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 10154 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उपग्रह छोड़ने का एक केन्द्र भारत में स्थापित करने की योजना को इस बीच अन्तिम रूप दिया जा चुका है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो भारत ने अन्तरिक्ष विज्ञान में अब तक कितनी प्रगति की है ?

प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता।

(ग) भारत में अन्तरिक्ष अनुसंधान की गतिविधियों का विवरण "स्पेस रिसर्च इन इंडिया" नामक पुस्तक में दिया गया है, जिसकी प्रतियां पुस्तकालय में रख दी गई हैं।

Sword of Shivaji

*731. **Shri Jagannath Rao Joshi** : **Shri Sharda Nand** :
Shri Atal Bihari Vajpayee :

Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Chairman of the Maharashtra Legislative Council has stated that the sword of Chhatrapati Shivaji is in U.K. and that the Government of India should make attempts to bring it to India ;

(b) whether Government propose to bring the sword of Shivaji to India and honour it as was done in the case of the relics of Guru Govind Singh ; and

(c) if so, the details in this regard and if not, the reasons therefor ?

The Deputy Minister in the Ministry of External Affairs (Shri Surendra Pal Singh : (a) **to** (c) : Government have seen Press reports to this effect.

They are making enquiries.

दमकल सेवा अनुसंधान, विकास तथा प्रशिक्षण संस्थान

732. **श्री गाडिलिंगन गौड** :

क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अधिकारियों के लिये दमकल सेवा अनुसंधान, विकास तथा प्रशिक्षण संस्थान के आरम्भ होने के पश्चात् 1965 तक वहाँ कोई प्रशिक्षण कोर्स नहीं हुआ ;

(ख) यदि हाँ, तो इसके कारण क्या हैं और अधिकारियों के लिये संस्थान में इन प्रशिक्षण सुविधाओं का अधिक अच्छा उपयोग करने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ; और

(ग) 1966-67 में कितने अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्यमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) :

(क) **से (ग)** : फायर सर्विस रिसर्च डिवेलपमेंट एण्ड ट्रेनिंग एस्टेब्लिश्मेंट रक्षा असैनिकों समेत सभी श्रेणियों के अफसरों और व्यक्तियों के प्रशिक्षण के लिये स्थापित की गई है, न कि केवल अफसरों के प्रशिक्षण के लिए ही। 1959 से 1965 तक अग्निकांडों का सामना करने के मिश्रित व्यापक पाठ्यक्रम का नियमिततौर पर आयोजित किये गए थे। इस अवधि में 154 अफसरों, 118 जे० सी० ओज० और 1354 अवर श्रेणी सैनिकों और असैनिकों को प्रशिक्षण दिया गया था। 1965 से सेवाओं के मुख्यालय इस योग्य हो गये हैं कि वह अपने अफसरों की पर्याप्त संख्या को, केवल उन्हीं, के लिये पाठ्यक्रम चलाये जाने के लिये, विमुक्त कर सकें। 9

अफसर पाठ्यक्रम चलाये जा चुके हैं और दसवां प्रगतिशील है। 1966-67 में तीन पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित किए गए अफसरों की संख्या 41 है।

मजूरी बोर्ड की सिफारिशों को क्रियान्वित न करने के कारण अखबारी कागज का कोटा नियत न किया जाना

*733. **श्री देवकी नन्दन पाटोदिया :**

क्या **सूचना तथा प्रसारण** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 5 अगस्त, 1968 के 'पेट्रियट' में प्रकाशित हुए इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि उन्होंने यह आश्वासन दिया था कि जो समाचार पत्र मजूरी बोर्ड की सिफारिशों को लागू नहीं करेंगे उन्हें अखबारी कागज नहीं दिया जायगा ;

(ख) दिये हुए आश्वासन को क्रियान्वित करने के लिए सरकार ने इस बीच क्या कार्यवाही की है; और

(ग) क्या इस सम्बन्ध में कोई विधेयक लाने का विचार है ?

सूचना तथा प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) : (क) से (ग) इस प्रकार का कोई आश्वासन नहीं दिया गया। मामले के सभी पहलुओं पर विचार किया जा रहा है।

चौथी योजना की योजनाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों के लिए धन का आवंटन

*734. **श्री चेंगलराय नायडू :** क्या **प्रधान** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि योजना आयोग ने सभी राज्यों को यह निदेश दिया है कि वे चतुर्थ पंचवर्षीय योजना की योजनाएँ तैयार करते समय क्षेत्रों के लिए धन के आवंटन की राशि सूचित करें;

(ख) यदि हां, तो राज्यों को भेजे गये नवीनतम निदेश का ब्योरा क्या है ; और

(ग) इस बारे में केन्द्रीय सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रधान मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) और (ख) : राज्य सरकारों को इस बात की स्वतंत्रता दी गई है कि वे अपने क्षेत्रीय उद्देश्यों और प्राथमिकताओं का निश्चय, योजना आयोग के 'मार्ग निर्धारण' दस्तावेज में दिए गये निर्देशनों के आधार पर कर लें।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

सेवा निवृत्त सैनिकों, नौ सैनिकों, तथा वायुसैनिकों के लिये पेंशन

*735 **श्री म० ला० सोंधी :** क्या **प्रतिरक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 15 अगस्त, 1947 से पहले सेवानिवृत्त होने वाले सैनिकों, नौसैनिकों तथा वायु सैनिकों को उस तिथि के बाद सेवा निवृत्त होने वाले व्यक्तियों की तुलना में कम दर पर सेवा निवृत्ति वेतन मिलता है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या दोनों वर्गों के पेंशन भोगियों को समान स्तर पर लाने का विचार है; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

प्रतिरक्षा मन्त्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) तथा (ख) : जी नहीं, तदपि इस तथ्य के बल पर कि सेवा सेविवर्ग अपने रिटायर होने की तिथियों पर लागू पेन्शनों के अधिकारी हैं, 1 जून 1953 के पश्चात् रिटायर होने वाले सेविवर्ग ने पेन्शनों के उन बढ़े दरों से लाभ उठाए हैं जो उस तिथि पर लागू किये गये थे।

(ग) तथा (घ) उन व्यक्तियों को कि जो 1-6-1953 से पहले रिटायर हुए थे, उन व्यक्तियों की समानता देने के लिए कोई प्रस्ताव नहीं है कि जो 1-6-1953 के पश्चात् रिटायर हुये थे। तदपि, 26-1-1950 और 31-5-1963 के बीच रिटायर होने वालों को कई तदर्थ बढ़ोत्रिएं दी गई थी, कि जिन्होंने पुराने और नये पेन्शन कोडों के अन्तर्गत देय राशियों के बीच अन्तरों को काफी आवृत्त कर लिया है। जो सेविवर्ग 26-1-1950 से पहले रिटायर हुए थे और 100 रुपये मासिक तक पेन्शन प्राप्त कर रहे थे, उन्हें 1958 में 5 रुपये से 7.50 रुपये मासिक तक बढ़ी-चढ़ी अस्थायी बढ़ौत्रिएं प्रदान की गई थी।

चौथी योजना तैयार करना

*736. **श्री मुहम्मद इमाम :** **श्री धीरेन्द्र नाथ देव :**
श्री एस० पी० राममूर्ति :

क्या **प्रधान** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि योजना आयोग ने चौथी योजना के लिये परिव्यय निर्धारित करने के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं से परामर्श किया है;

(ख) यदि हां, तो किन-किन व्यक्तियों ने आयोग के समक्ष अपने विचार रखे हैं; और

(ग) उन विचारों का सार क्या है और क्या आयोग चौथी योजना का परिव्यय निर्धारित करते समय इन पर विचार करेगा ;

प्रधान मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) चौथी योजना की तैयारी से सम्बन्धित अनेक पहलुओं पर योजना आयोग विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं से विचार-विमर्श कर रहा है।

(ख) अभी तक श्री एस० निजलिंगप्पा, अध्यक्ष, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी तथा श्री एन० जी० गोरे, अध्यक्ष, प्रजा समाजवादी दल से विचार-विमर्श हुआ है। अन्य बैठकों की व्यवस्था की जा रही है।

(ग) दिनांक 19 जुलाई, 1968 और 24 जुलाई, 1968 की प्रेस विज्ञप्तियों की ओर ध्यान दिलाया जाता है। प्रेस विज्ञप्तियां की प्रतियों सभा-पटल पर प्रस्तुत हैं।

स्वाभाविक है कि राजनैतिक नेताओं द्वारा जो विचार व्यक्त किये जायेंगे उन पर समुचित ध्यान दिया जाएगा।

[पुस्तकालय में रखी गयीं। देखिये संख्या एल० टी० 1933-68]

श्रव्य दृश्य प्रचार निदेशालय की विज्ञापन एजेंसियां

*737 **श्री प्रेम चन्द वर्मा** : क्या **सूचना और प्रसारण** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) श्रव्य-दृश्य प्रचार निदेशालय की अनुमोदित सूची में भारतीय तथा विदेशी सहयोग वाली विज्ञापन एजेंसियों की संख्या तथा नाम क्या हैं और उनके मालिक कौन-कौन हैं;

(ख) पहले यह सूची कब तैयार की गई थी और इन एजेंसियों का अनुमोदन करने की कसौटी क्या थी;

(ग) पिछले पांच वर्षों में प्रति वर्ष प्रत्येक एजेन्सी को कितनी-कितनी कमीशन दी गई, और

(घ) इस सूची का पुनरीक्षण कितने समय के पश्चात् किया जाता है और अब इसका कब पुनरीक्षण किया जायेगा ?

सूचना और प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) : (क) एक सूची सदन की मेज पर रख दी गई है।

(ख) यह सूची दिसम्बर, 1967 में तैयार की गई थी।

(1) कम से कम तीन साल व्यवसाय करते हुये हो गये हो,

(2) 5 लाख रुपये से अधिक का वार्षिक कार्य हो,

(3) इंडियन ईस्टर्न न्यूज सोसाइटी से पूरी मान्यता;

(4) उपयुक्त उपकरण : एजेन्सी के पास एक अच्छी सूचनात्मक यूनिट और विज्ञापनों का कार्य देखने के लिये अर्हता प्राप्त एवं अनुभवी स्टाफ होना चाहिये, और

(5) आय कर का भरपाई प्रमाण-पत्र ।

(ग) विज्ञापन तथा, दृश्य प्रचार निदेशालय समाचार पत्रों को सीधे ही विज्ञापन देता है। एजेन्सियों के द्वारा नहीं, अतएव, उनको कोई पैसा नहीं दिया गया।

(घ) एजेन्सियों से सूची में सम्मिलित करने की प्रार्थना जब भी मिलती है, उस पर विचार किया जाता है। पुनरीक्षण के लिए कोई निश्चित अवधि निर्धारित नहीं की गई है।

[पुस्तकालय में रखी गयी। देखिये संख्या एल० टी० 1934-68]

स्थायी वार्ता व्यवस्था का पुनरारम्भ

*738. **श्री स० मो० बनर्जी** :

क्या **प्रतिरक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संयुक्त सलाहकार व्यवस्था में गतिरोध को देखते हुये उनका मन्त्रालय स्थायी वार्ता व्यवस्था को पुनः शुरू करने के प्रश्न पर गम्भीरता से विचार कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो कब;

(ग) क्या पुरानी स्थायी वार्ता व्यवस्था का पुनरारम्भ किया जायेगा; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

प्रतिरक्षा मन्त्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) से (ग) : जायंट कन्सल्टेटिव मशीनरी योजना के अन्तर्गत रक्षा मन्त्रालय के विभागीय परिषद के कामों में, गत बैठकों में कि जिनमें अन्तिम 23/24 मई 1968 को आयोजित की गई थी, अथवा उसकी अन्तिम बैठक में कि जो हाल ही में 23/24 अगस्त 1968 को आयोजित की गई थी, सरकार को किसी प्रकार की रुकावट का ज्ञान नहीं है। अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी संघ ने रक्षा मन्त्रालय की स्थायी मन्त्रणा मशीनरी के पुनः प्रवर्तन की मांग की थी। सरकार ने संघ की मांग पर ध्यानपूर्वक विचार किया है। सरकार के विचार में स्थायी मन्त्रणा मशीनरी अपनी पहली हालत में जायंट कन्सल्टेटिव मशीनरी योजना के साथ ठीक

फिट नहीं बैठती । तदपि, संघ की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने स्वीकार कर लिया है कि विभागी परिषद की बैठकों के लिए नियत की गई तिथियों से कुछ दिन पहले संघ के प्रतिनिधियों के साथ रक्षा मन्त्रालय (जे० सी० एम०) के विभागीय परिषद् की बैठकों के एजन्ट पर अनौपचारिक तौर पर विचार विमर्श किया जाये । ऐसे विचार विनियम केवल मन्त्रालय स्तर पर आयोजित किए जाएँगे । संयुक्त अनौपचारिक विनिमयों की सुविधा इस शर्त के साथ होगी कि अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी संघ सभी स्तरों पर जे. सी. एम. में शामिल होना स्वीकार कर लें । उपरोक्त प्रस्ताव पर अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी संघ का प्रतिकार अभी प्राप्त नहीं हुआ ।

Pak Propaganda on Kashmir

*739. **Shri Prakash Vir Shastri** : Will the Minister of External Affairs be pleased to state ;

(a) whether it is a fact that Pakistan has again started virulent propaganda in the world against India on the question of Kashmir ;

(b) if so, whether Pakistan is getting the co-operation of some major powers in this regard ; and

(c) the reaction of Government thereto ?

The Minister of State in the Ministry of External Affairs (Shri B. R. Bhagat : (a) Pakistan's propaganda continues. There is no question of restarting such propaganda.

(b) Pakistanti propaganda against India is often reproduced by Chinese publicity media.

(c) Government deplore such propaganda which is against the letter and spirit of the Tashkent Declaration and rebut it through our own diplomatic and informati on channels.

ब्रिटेन में रहने वाले सिख

*740. **श्री बाबू राव पटेल :**

क्या **वैदेशिक-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ब्रिटेन में रहने वाले सिख अलग थलग कर दिये गये हैं और उनके साथ जाति, रंग और धर्म के आधार पर भेदभाव किया जाता है ;

(ख) क्या उनमें से बहुत से व्यक्तियों को इसलिये रोजगार नहीं दिया गया है क्योंकि सिखों की दाढ़ी पर अंग्रेजों को आपत्ति है ;

(ग) क्या एक अथवा अन्य बहाने पर उन्हें रोजगार देने से इन्कार किया जाता है ;

(घ) क्या ऐसे बहुत से सिखों को, जिन्हें ब्रिटेन में जाने के लिये प्रोत्साहित किया गया था, अब सार्वजनिक शौचालय साफ करने, बर्तन साफ करने, गलियां साफ करने, कूड़े की टोकरियां खाली करने आदि का तुच्छ काम करने के लिये बाध्य किया जाता है ; और

(ङ) सिख भाइयों की कठिनाइयों को दूर करने के लिये लन्दन स्थित भारतीय उच्चायोग ने क्या कार्यवाही की है ?

वैदेशिक कार्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह) :

(क) सभी अश्वेत आप्रवासियों के प्रति कुछ भेदभाव बरता गया है जिनमें सिख भी शामिल हैं।

(ख) और (ग) : सिर्फ बुल्वरहैम्पटन कारपोरेशन में ही ऐसे कुछ मामले सरकार की जानकारी में आए हैं जिनमें मालिक ने सिखों को उनकी दाढ़ी और साफे के कारण निकाल दिया हो क्यों कि ये वर्दी सम्बन्धी उनके नियमों से मेल नहीं खाते। जाति और रंग के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों पर कमोवेश बुरा असर हुआ है।

(घ) सम्भव है कि उनमें से कुछ को इस तरह के काम करने पड़ जाएं। बहरहाल, सरकार की नीति भारत से यूनाइटेड किंगडम के लिये उत्प्रवास को प्रोत्साहन देने की नहीं है।

(ङ) हमारा हाई कमीशन सामान्य मसलों पर ब्रिटिश सरकार से बराबर संघर्ष बनाए हुये हैं। जब कभी आवश्यकता होती है, वह अलग-अलग एक-एक मामलों को भी उठाता है।

काश्मीर के प्रश्न पर पाकिस्तान को उत्तर वियतनाम से समर्थन

*741. **श्री श्रद्धाकर सुपकार :**

क्या **वैदेशिक कार्य** मन्त्री 24 जुलाई, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 653 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या काश्मीर के बारे में पाकिस्तान को उत्तर वियतनाम द्वारा समर्थन के सम्बन्ध में इस बीच उत्तर वियतनाम सरकार से कोई पत्र प्राप्त हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) इसके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वैदेशिक कार्य मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री बलिराम भगत) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठते।

काश्मीर में आकाशवाणी के संवाददाता

*742. **श्री स्वतन्त्र सिंह कोठारी :**

क्या **सूचना और प्रसारण मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राज्य सरकार द्वारा काश्मीर में लगातार आकाशवाणी के कई सम्वाददाताओं को अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया है और उन्हें दिल्ली वापस चले जाने को कहा गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

सूचना तथा प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) : (क) जी, नहीं।

(ख) सवाल नहीं उठता।

गुट-निरपेक्ष राष्ट्रों का शिखर सम्मेलन

*743. **दी० चं० शर्मा :** **श्री क० मि० मधुकर।**

क्या **वैदेशिक कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुट निरपेक्ष राष्ट्रों का शिखर सम्मेलन बुलाने के लिये युगोस्लाविया के राष्ट्रपति टीटो के प्रस्ताव का किसी देश ने समर्थन किया है ;

(ख) इस सम्मेलन के आयोजित होने की क्या सम्भावनायें है ; और

(ग) यह सम्मेलन कब तक आयोजित होने की सम्भावना है ?

वैदेशिक कार्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह) : (क) और (ख) प्रारम्भिक प्रतिक्रिया तो गुटों से अलग देशों के एक और सम्मेलन के पक्ष में ही लगती है ।

(ग) अभी तक कोई तारीख तय नहीं की गई है ।

चौथी योजना

*744. **श्री वेणी शंकर शर्मा :**

क्या **प्रधान मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चौथी पंचवर्षीय योजना को अन्तिम रूप देने के बारे में क्या प्रगति हुई है ;

(ख) अब तक किन-किन परियोजनाओं को स्वीकृति दी जा चुकी है ; और

(ग) क्या योजना कार्यक्रम के अनुसार पूरी हो जायेगी ?

प्रधान मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) कार्यक्रम के अनुसार चौथी पंचवर्षीय योजना का प्रारूप जनवरी, 1969 तक तैयार होना है । योजना आयोग ने कई कार्यकारी दल गठित किये हैं और वे काम पूरा करने के अग्रिम चरण में हैं । राज्य साधनों के बारे में सितम्बर, 1968 में विचार-विमर्श होने हैं । फिलहाल, योजना आयोग के दस्तावेज "चौथी पंचवर्षीय योजना का मार्ग निर्धारण" पर जनता का विचार प्राप्त करने तथा देश भर में इस सम्बन्ध में विचार-विमर्श करने के लिए योजना आयोग, राजनैतिक दलों के नेताओं, अर्थशास्त्रियों, उद्योगपतियों, मजदूर संघों, प्रगतिशील किसानों, सहकारों आर अन्य सम्बद्ध संगठनों से क्रमिक विचार-विमर्श कर रहा है ।

(ख) कार्यकारी दलों की सिफारिशों की जांच-पड़ताल करने के बाद यह प्रश्न उठेगा ।

(ग) कार्यक्रम के अनुसार कार्य करने का प्रयत्न किया जा रहा है ।

परमाणु हथियार ले जाने वाले विमानों की उड़ान पर प्रतिबन्ध

*745. **डा० रानेन सेन :**

क्या **वैदेशिक कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सोवियत संघ ने यह सुझाव दिया है कि राष्ट्रीय सीमाओं के पार परमाणु हथियार ले जाने वाले विमानों की उड़ान पर प्रतिबन्ध लगाया जाना चाहिये ;

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ; और

(ग) क्या जेनेवा में होने वाले निःशस्त्रीकरण सम्मेलन में इस सुझाव के बारे में बातचीत होगी ?

वैदेशिक कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) से (ग) सोवियत संघ ने जेनेवा में 18 देशों की निरस्त्रीकरण समिति को एक ज्ञापन दिया है जिसमें "परमाणु अस्त्र वाले बमवर्षकों की राष्ट्रीय सीमाओं के बाहर उड़ाने निषिद्ध करने तथा राकेट वाली पनडुब्बियों के नौवहन के क्षेत्र को सीमित करने के प्रश्न पर विचार करने का प्रस्ताव रखा है । सरकार इस

प्रस्ताव का स्वागत करती है और आशा करती है कि 18 राष्ट्रों की निरस्त्रीकरण समिति इस पर विचार करेगी ।

चीन के साथ राजनयिक सम्बन्ध

*746. **श्री स० चं० सामन्त :**

क्या **वैदेशिक-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत के विरुद्ध चीन सरकार के बढ़ते हुए शत्रुतापूर्ण रवैये को ध्यान में रखते हुए चीन से राजनीतिक सम्बन्ध तोड़ने का सरकार का विचार है ; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

वैदेशिक कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) जी नहीं ।

(ख) चीन के प्रति सरकार की नीति को सदन में अनेक बार बतलाया गया है ।

चटगांव में अमरीकी आण्विक सवक्षण केन्द्र

*746. **श्री हिम्मतसिंहका :**

क्या **वैदेशिक-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान इस आशय के समाचारों की ओर दिलाया गया है कि पाकिस्तान ने अमरीकी सरकार को पेशावर से अपने आण्विक सर्वेक्षण केन्द्र को हटाने को कहा है, किन्तु चिटगांव में एक ऐसा ही केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव है ; और

(ख) यदि हां, तो विशेष रूप से इस बात को देखते हुए कि इन केन्द्रों का भारत के विरुद्ध जासूसी करने के लिये प्रयोग किये जाने की सम्भावना है, इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वैदेशिक कार्य मन्त्रालय में राज्यमन्त्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) : हमारे विचार से पाकिस्तान अमरीका की सहायता से चटगांव और खुलना जिलों में तूफान का पता लगाने के केन्द्र खोलने का विचार कर रहा है । हमें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि ये केन्द्र "परमाणु सर्वेक्षण केन्द्र" हैं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

छावनी क्षेत्रों में असैनिक जनसंख्या

*748. **श्री बलराज मधोक :**

क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पछले बीस वर्षों में छावनी क्षेत्रों में असैनिक जनसंख्या बड़ी तेजी से बढ़ी है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि छावनी बोर्डों पर वे नियम और विनियम लागू होते हैं, जो कई दशाब्दियों पहले बनाये गये थे, जबकि छावनी क्षेत्रों में असैनिक जनसंख्या बहुत ही कम होती थी ;

(ग) क्या अनेक छावनियों के लोगों ने परिवर्तित स्थितियों के अनुकूल छावनी बोर्ड अधिनियम में संशोधन करने की मांग की है ; और

(घ) यदि हां, तो इस मांग के बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मंत्री (श्री ललित नारायण मिश्र) :

(क) जनगणना के आंकड़ों के अनुसार 1951 से 1961 तक के 10 वर्षों में छावनियों की जनसंख्या अखिल भारतीय 21% बढ़ौती की तुलना में 13% बढ़ी है ।

(ख) छावनी बोर्ड छावनी बोर्ड एक्ट 1964 के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों और विनियमों द्वारा शासित किए जाते हैं । समय-समय पर इस एक्ट और नियमों तथा विनियमों में परिवर्तन किए गए हैं ।

(ग) छावनी बोर्ड एक्ट में संशोधन के लिए विभिन्न पार्टियों से सुझाव और अभिवेदन प्राप्त हुए हैं ।

(घ) अन्य बातों सहित राज्यनीति के निदेशन सिद्धान्तों के अनुसार निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा पुरःस्थापित करने, सैनिक स्थानों के तौर पर छावनियों के गुणरूप से संगत छावनी प्रशासन के अधिक गणतन्त्री करण के लिए न्यायालयों द्वारा फैसलों में नजर आ पाई एक्ट में कई त्रुटियों को दूर करने के लिए और एक्ट को लागू करने में अनुभूत कठिनाईयों को दूर करने के लिए छावनी एक्ट 1924 में व्यापक संशोधन करना प्रस्तावित है । इस संबंध में प्राप्त हुए सभी सुझावों और अभिवेदनों पर भी विचार किया जाएगा ।

पूर्वी घाट में राकेट छोड़ने का केन्द्र स्थापित करना

*749. **श्री धीरेश्वर कलिता** :

क्या **प्रधान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पूर्वी घाट में राकेट छोड़ने का एक केन्द्र स्थापित करने का निर्णय किया है ;

(ख) क्या इस स्टेशन की स्थापना के सम्बन्ध में अणु शक्ति आयोग ने कुछ स्थानों का निरीक्षण किया है ;

(ग) यदि हां, तो किन-किन स्थानों का निरीक्षण किया गया है ;

(घ) क्या इस केन्द्र की स्थापना के लिये कोई जगह अन्तिम रूप में चुन ली गई है ; और

(ङ) यदि हां, तो कौन-सी जगह चुनी गई है ?

प्रधान मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) अभी ऐसा कोई निर्णय नहीं किया गया है ।

(ख) तथा (ग) भारत के पूर्वी समुद्र तट पर आन्ध्र तथा मद्रास राज्यों में बहुत से स्थानों का निरीक्षण केन्द्र के चुनाव के लिए किया गया है तथा उनके बारे मे गौर किया जा रहा है ।

(घ) जी, नहीं ।

(ङ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

Crisis in Film Industry

*750. **Shri Om Prakash Tyagi** : Will the Minister of **Information and Broadcasting** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the film industry is at present facing a crisis ;

(b) whether it is also a fact that Patil and Kher Committees have made certain suggestions to Government for the protection and progress of the film industry ; and

(c) if so, the reasons for which Government have not so far implemented the suggestions referred to above ?

Minister of Information and Broadcasting (Shri K. K. Shah) : (a) The Film Industry has been facing crisis of varying intensity for quite some time now.

(b) Yes, Sir.

(c) Several of the recommendations of the Patil Committee concerning the promotion and development of the film industry were adopted and put into action by the Government. Some more are under consideration. The Kher Committee was set up by the Maharashtra Government and its recommendations are to be implemented by the State Government.

केनिया से भारतीय लोगों का भारत में आना

6171. **श्री बाबू राव पटेल** : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जून, 1968 के अन्त तक केनिया से विभिन्न पारपत्र लिये हुए कितने भारतीय अथवा भारत मूलक व्यक्ति भारत में आए हैं;

(ख) उनको किस प्रकार के भारतीय बीजा दिये गये हैं तथा कुछ लोगों को मानवीय आधार पर बसाने के लिए क्या उपाय किए गये हैं; और

(ग) इन लोगों के कष्टों को दूर करने के लिये सरकार की अन्तिम नीति की मुख्य रूपरेखा क्या है ?

प्रधान मंत्री, अणु शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) मार्च और जून, 1968 के बीच, भारतीय, ब्रिटिश और कीन्या पासपोर्टधारी लगभग 5,600 व्यक्ति भारत आए हैं।

(ख) और (ग) : इनमें से 3705 व्यक्तियों को, जिनके पास ब्रिटिश पासपोर्ट थे, भारत में ठहरने के लिए तीन से छः महीने की अवधि के बीजा दिए गए हैं।

इस अवधि में, जब ब्रिटिश पासपोर्टधारी 13 परिवारों को कीन्या छोड़ने के लिए विवश किया गया तो उनको भारत में स्थायी रूप से आ बसने की अनुमति दया के नाम पर दे दी गई।

ब्रिटिश सरकार के साथ भी इस प्रकार की व्यवस्था की गई है कि जिन लोगों को कीन्या छोड़ने के विवश किया जाता है उनके पासपोर्ट में एक पृष्ठांकन होगा जिससे यू० के० में उनके प्रवेश का अधिकार सुरक्षित हो जायगा। इस प्रकार के व्यक्तियों को, यदि वे अन्यथा अयोग्य न होंगे, और यदि वे चाहेंगे तो, भारत में उनके अंततः बस जाने की संभावना की दृष्टि से भारत में प्रवेश करने के लिए बीजा दिए जाएँगे। अन्य लोगों के जो मामले ब्रिटिश सरकार के साथ की गई इस व्यवस्था के अंतर्गत नहीं आते, उन पर भी दयाभाव सहित विचार किया जायगा।

चूंकि कीन्या से अपनी अंतिम रवानगी के समय, इन सब लोगों को 5000 पौंड की निर्धारित सीमा तक कीन्या से बाहर अपनी बचतें ले जाने की इजाजत होती है, इसलिए उनके पुनर्वास का प्रश्न ही नहीं उठता क्योंकि वे शरणार्थी नहीं हैं। बहरहाल, भारत सरकार ऐसे सभी

लोगों को आय कर एवं सीमाशुल्क रियायतें उदारतापूर्वक देती है जो भारत में स्थायी रुप से बसने का निश्चय कर लेते हैं।

बाल चलचित्र समिति के भूतपूर्व सचिव के विरुद्ध कार्यवाही

6172. **श्री बाबू राव पटेल** : क्या **सूचना तथा प्रसारण** मंत्री 3 अप्रैल 1968 के तारांकित प्रश्न संख्या 1029 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बाल चलचित्र समिति के भूतपूर्व सचिव के विरुद्ध उक्त शिकायत कौन सी धारा के अन्तर्गत दर्ज कराई गई है और क्या अभियुक्त को गिरफतार किया गया था और यदि हां, तो कब तथा उसका क्या परिणाम निकला;

(ख) उक्त मुकदमा किस प्रक्रम पर है और उसके कब समाप्त होने की संभावना है ;

(ग) क्या यह सच है कि अपराध सम्बन्धी शिकायत को निपटाने के लिये अभियुक्त ने अपने दीवानी दायित्व का एक अंश नवद देने का प्रस्ताव किया है; और

(घ) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं और इस बारे में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

सूचना तथा प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) : (क) सोसाइटी के भूतपूर्व महा सचिव के विरूद्ध एक शिकायत भारतीय दंड विधान की धारा 408 के अन्तर्गत पुलिस आयुक्त, बम्बई के पास कर दी गई है। गिरफतारी नहीं हुई है।

(ख) : मामले की अभी जांच हो रही है।

(ग) : जी, नहीं।

(घ) सवाल नहीं उठता।

हमीरपुर जिले के पिछड़े क्षेत्रो का विकास

6173. **श्री किरितविक्रम देव वर्मन** : क्या **प्रधान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में राय और चरखारी तहसीलों के पिछड़े क्षेत्रों का विकास करने के लिये कोई योजना/योजनायें प्रस्तुत की है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उन पर कितनी लागत लगेगी ;

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (क) का उत्तर नकारात्मक हो, तो क्या उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पिछड़े क्षेत्रों की कोई सूची प्राप्त हुई है ताकि इस क्षेत्र को देश के अन्य विकसित क्षेत्रों के स्तर पर लाने के उद्देश्य से उनका तुरन्त विकास हो सके; और

(घ) यदि हाँ, तो क्या उपर्युक्त क्षेत्रों को उस सूची में शामिल किया गया है ?

प्रधान मन्त्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) जी, हाँ।

(घ) जी, नहीं।

परमाणु विज्ञान में हुई प्रगति को लोकप्रिय बनाना तथा उसका प्रचार करना

6174. **श्री समर गुह :**

क्या **प्रधान** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विभिन्न क्षेत्रों में परमाणु विज्ञान की प्रगति के बारे में सामान्य विचारों को लोकप्रिय बनाने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ;

(ख) जनता को परमाणु युग की प्रगति सम्बन्धी मोटी-मोटी बातों का बोध कराने के लिये परमाणु विज्ञान की प्रगति के सम्बन्ध में सभी प्रादेशिक भाषाओं में लोकप्रिय पुस्तकें तैयार करने के लिये क्या सरकार का विचार एक समिति नियुक्त करने का है ; और

(ग) क्या समूचे देश भर में हमारे छात्रों के सामने देश में तथा संसार में होने वाली परमाणु विज्ञान की प्रगति के बारे में विचार प्रस्तुत करने के लिये सरकार देश के उत्तर पूर्व तथा दक्षिण क्षेत्रों में कम से कम एक एक परमाणु प्रदर्शनियां आयोजित करने का प्रबन्ध करेगी, जिनका आयोजन परमाणु शक्ति आयोग के प्रचार विभाग द्वारा किया जायेगा ?

प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गाँधी) : (क) देश में परमाणु विज्ञान की प्रगति बताने के लिये प्रचार के सामान्य तरीकों का, जैसे समाचार चलचित्रों में समाचार, पुस्तिकाएँ प्रकाशित करना तथा प्रदर्शनियों में भाग लेना, प्रयोग किया जा रहा है। विद्यार्थियों तथा आम जनता को देश में परमाणु शक्ति संस्थानों को दिखाने की भी व्यवस्था की जाती है।

(ख) ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है ?

(ग) एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है और वह समूचे देश में दिखाई जा रही है।

तारापुर रिएक्टर

6175. **श्री समर गुह :** क्या **प्रधान** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तारापुर रिएक्टर के निर्माणकार्य में कितने वैज्ञानिक, इंजीनियर तथा तकनीशन लगे हुए हैं ; और

(ख) उन में से कितने विदेशी हैं और कितने भारतीय हैं ?

प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गाँधी): (क) जिस समय निर्माण कार्य अत्यधिक तीव्रगति पर हो रहा था, उस समय 355 इंजीनियर और तकनीशियन थे; उनकी वर्तमान संख्या 314 है। इन आंकड़ों में ठेकेदारों द्वारा नियुक्त कर्मचारी भी शामिल हैं।

(ख) जिस समय निर्माण-कार्य अत्यधिक तीव्र गति पर था, उस समय विदेशियों की संख्या 74 थी और वर्तमान संख्या 49 है।

चौथी पंचवर्षीय योजना में शामिल करने के लिये गुजरात की योजना का प्रारूप

6176. **श्री वीरेन्द्र कुमार शाह** : क्या **प्रधान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात सरकार ने चौथी पंचवर्षीय योजना में शामिल करने के लिये राज्य की योजना का प्रारूप प्रस्तुत कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उसमें कृषि और औद्योगिक विकास की क्या दर बताई गई है ;

(ग) क्या योजना आयोग ने उसे स्वीकार कर लिया है और यदि हां, तो यदि उसमें कोई-कोई संशोधन किये गये हैं तो क्या ?

प्रधान मंत्री (श्रीमती इंदिरा गाँधी) : (क) जी, नहीं। आशा है कि राज्य सरकार 1 सितम्बर, 1968 तक प्रस्तावों का मसौदा भेज देगी।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठते।

आकाशवाणी में वर्क्स मुन्शी

6177. **श्री अब्दुल गनी दार :**

क्या **सूचना तथा प्रसारण** मंत्री 17 अप्रैल, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 7500 तथा 7501 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्क्स मुन्शियों को नियमित पदों पर रखने में इस बीच क्या प्रगति हुई है;

(ख) इस कार्य में कितना समय लगने की सम्भावना है; और

(ग) कितने पद बनाये जाने की आशा है।

सूचना तथा प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) और (ख) वित्त मन्त्रालय के कर्मचारी निरीक्षक एकक की सिफारिशों के परिणाम स्वरूप, वर्तमान तीन प्राजेक्ट सर्कल तथा अनुरक्षण विभाग को चार प्रादेशिक कार्यालयों में तथा एक केन्द्रीय स्टोर कार्यालय में पुनर्गठित किया जा रहा है। वर्क मुन्शियों को आकाशवाणी से नियमित सिब्बदा में मिलाने का प्रश्न पुनर्गठन का काम समाप्त होने के उपरान्त नये सिर से लिया जायगा। इसमें कुछ समय लगने की सम्भावना है।

(ग) स्थिति का ज्ञान केवल पुनर्गठन के उपरान्त हो सकेगा।

आकाशवाणी में अपर डिवीजन क्लर्क

6178. **श्री अब्दुल गनी दार :**

क्या **सूचना तथा प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी में ऐसे अपर डिवीजन क्लर्कों की संख्या कितनी है जो सेवा में तो वरिष्ठ हैं परन्तु अपने कनिष्ठ अपर डिवीजन क्लर्कों से कम वेतन प्राप्त कर रहे हैं और इसके क्या कारण हैं;

(ख) ऐसे मामले में वेतन को सुरक्षित करने के लिये कितने अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं;

(ग) उन पर क्या कार्यवाही की गई है; और

(घ) यदि कोई कार्यवाही नहीं की गई है तो इसके क्या कारण हैं ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) (क): शून्य।

(ख), (ग) और (घ) : प्रश्न नहीं उठते।

चलचित्रों के विरुद्ध शिकायतें

6179. **श्री जुगल मंडल** : क्या **सूचना तथा प्रसारण** मंत्री 'यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या (1) अमन (2) ईवनिंग इन पेरिस (3) नाइट इन लंदन (4) आखें (5)

प्यार मोहब्बत (6) एराउन्ड दिवर्ल्ड (7) हांग-कांग (8) संगम तथा (9) स्पाई इन रोम चल-चित्रों के विरुद्ध, जो विदेशों में बनाई गई हैं, किन्हीं व्यक्तियों अथवा संसद् सदस्यों से कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ख) यदि हाँ, तो उनकी संख्या कितनी है; और

(ग) उन शिकायतों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है और उसका क्या परिणाम निकला ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) और (ख) : "अमन" "आंखें" और "हाँग-काँग" के विरुद्ध कोई शिकायत नहीं मिली है। अन्य फिल्मों के बारे में प्राप्त हुई शिकायतों की संख्या इस प्रकार है :—

फिल्म का नाम	प्राप्त शिकायतों की संख्या
1. "एन ईवनिंग इन पैरिस"	19
2. "नाइट इन लन्दन"	1
3. "प्यार मोहब्बत"	2
4. "अराऊंड दी वर्ल्ड"	4
5. "संगम"	39
6. "स्पाई इन रोम"	4

(ग) : फिल्म "ईवनिंग इन पैरिस" के बारे में प्राप्त शिकायतों को छोड़कर, अन्य शिकायतें सामान्य प्रकार की और छोटी थीं और उन पर कोई कार्रवाई नहीं करनी थी। उक्त फिल्में सरकार द्वारा देखी गई थी और केन्द्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड को सिनेमेटोग्राफ (सेंसरशिप) रूल्ज, 1958 के नियम 33 के अन्तर्गत जारी कार्रवाई करने के लिए निर्देश जारी किया गया था। बोर्ड द्वारा गठित पुनरीक्षण समिति ने इस फिल्ममें से 4 अंश निकालने का आदेश दिया था। निर्माता ने वे अंश निकाल दिए। फिल्म "स्पाई इन रोम" के विरुद्ध कोई कार्रवाई करनी आवश्यक नहीं समझी गई। फिल्म "अराऊंड दी वर्ल्ड" के बारे में मामला अभी सरकार के विचाराधीन है।

समाचार एजेंसियों को भुगतान

6180. **श्री जुगल मंडल :**

क्या **सूचना तथा प्रसारण मंत्री** 10 अप्रैल, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 6871 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या समाचार ऐजेंसियों को 1967-68 में किये गये भुगतान के बारे में सूचना इस बीच इकट्ठी कर ली गई है; और

(ख) यदि हाँ, तो उसका ब्योरा क्या है ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) और (ख) : एक विवरण सदन की मेज पर रख दिया गया है।

(पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 1935/68)

Arya Samaj Missionaries in Nagaland

6182. **Shri Brij Bhushan Lal** : Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Officers of the Governments of India and Nagaland present numerous difficulties in the way of the missionaries of Arya Samaj in Nagaland ; and

(b) if so the steps proposed to be taken by Government to obviate these difficulties in the national interest ?

The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) : (a) In so far as Government are aware, there is no Arya Samaj Organisation in Nagaland.

(b) Does not arise.

नागालैंड में शांति तथा व्यवस्था की स्थिति

6183. **श्री वेदव्रत बरुआ :**

क्या **वैदेशिक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नागालैंड की सरकार ने नागालेंड में शांति तथा व्यवस्था का कार्यभार सौंप दिया है ;

(ख) क्या इससे सैनिक कार्यवाहियों पर असैनिक अधिकारियों का नियंत्रण बढ़ जायेगा ; और

(ग) यदि हाँ, तो क्या इस काम के लिये नागालैंड के अधिकारियों को अधिक संख्या में पुलिस तथा सैनिक दिये गये हैं ?

प्रधान मंत्री, अणुशक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्रीमती इंदिरा गाँधी) : (क) और (ख) संविधान की सातवीं अनुसूची की दूसरी सूची-राज्य सूची-की मद संख्या 1 के अनुसार सार्वजनिक व्यवस्था पूर्ण रूप से राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। नागालैंड के गवर्नर को संविधान की उपधारा (ख) के अनुच्छेद 371-ए की व्यवस्था के अनुरूप शांति एवं व्यवस्था के सम्बन्ध में "विशेष उत्तरदायित्व," के लिए अधिकार प्रदान किया गया है। वर्तमान प्रबन्धों में कोई परिवर्तन नहीं आया है।

(ग) नागालैंड की राज्य सरकार को चार पुलिस बटालियन और दिए गए। (1अप्रैल मे और 3 मई 1968 में), शान्ति और व्यवस्था के उपायों को अधिकाधिक प्रभविष्णु बनाने के लिए हिंसात्मक तत्वों की गैर कानूनी कार्रवाइयों से कानून को मान कर कहने वाले लोगों की रक्षा के लिए तीन पुलिस बटालियन पहिले उनके पास थी।

1967-68 की वार्षिक योजना में किया गया कार्य

6184. **श्री हरदयाल देवगुण :**

क्या **प्रधान मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि योजना आयोग के कार्य की समीक्षा से यह पता लगा है कि

पिछले वर्ष की वार्षिक योजना (1967-68) के लिये निर्धारित किया गया कोई भी मुख्य लक्ष्य पूरा नहीं हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो इन लक्ष्यों के पूरा न होने के कारण क्या हैं ; और

(ग) आगामी योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिये सरकार क्या कार्यवाही करना चाहती है ?

प्रधान मन्त्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) जी, नहीं । सभा-पटल पर प्रस्तुत वार्षिक योजना 1968-69 दस्तावेज में 1967-68 के दौरान उपलब्धियों के जो अनुमानित आंकड़े दर्शाये गये हैं उनके अनुसार जहाँ 1967–68 में कुछ लक्ष्यों की उपलब्धियों में कमी आई है वहाँ ऐसे भी क्षेत्र हैं जहाँ कार्य ठीक हुआ है या निर्धारित लक्ष्यों से भी अधिक हुआ है ।

(ख) और (ग) : 1967–68 के दौरान किये गये कार्य की विस्तृत समीक्षा तैयार की जा रही है और तैयार होने पर सभापटल पर प्रस्तुत करदी जायेगी ।

खाद्य संबंधी अंतर्राष्ट्रीय रक्षित आपातकालीन दल

6185. **श्री चेंगलराय नायडू** : **श्री अम्बचेंजियान** :
श्री नि० रं० लास्कर :

क्या **वैदेशिक-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव ने संयुक्त राष्ट्र संघ की आर्थिक और सामाजिक परिषद् में खाद्य के लिये अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन रक्षित दल बनाने का प्रस्ताव रखा था ;

(ख) यदि हां, तो क्या उस परिषद् ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था; और

(ग) इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) बहुपक्षीय खाद्य सहायता अध्ययन कार्यक्रम के ऊपर एक रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने यह सुझाव दिया है कि अन्य राष्ट्रों; विशेषत: विकासशील देशों, की आपातकालीन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए, विकसित देश अपने सामान्य खाद्य भंडार के अतिरिक्त, एक पर्याप्त विश्व खाद्य भंडार के अस्तित्व को सदैव बनाए रखने के लिए सामुदायिक रूप से कार्य करें । साथ ही, महासचिव ने यह भी बतलाया कि कोई भी विशिष्ट प्रस्ताव तैयार करने से पूर्व, ऐसी अनेक आर्थिक, वित्तीय एवं वैधानिक समस्याएं होंगी जिनका अध्ययन करना आवश्यक होगा महासचिव की रिपोर्ट पर आर्थिक एवं सामाजिक परिषद द्वारा, उसके हाल के 45 वें अधिवेशन में, विचार किया जाना था, परन्तु समयाभाव के कारण इसको परिषद् के 46 वें अधिवेशन तक स्थगित कर दिया गया है, जो आगामी वर्ष में होगा ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) सरकार महासचिव के सुझावों की जांच कर रही है ।

आकाशवाणी के कलाकारों की हड़ताल की धमकी

6186 **श्री सीताराम केसरी :** **श्री वासुदेवन नायर :**
श्री देवकीनन्दन पाटोदिया :

क्या **सूचना तथा प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आकाशवाणी के दिल्ली केन्द्र के कलाकारों ने धमकी दी है कि यदि उनकी मांगों को स्वीकार न किया गया, तो वे प्रदर्शन, अनशन तथा हड़ताल का सहारा लेंगे;

(ख) यदि हां, तो कलाकारों की मांगें क्या हैं; और

(ग) उनकी मांगें पूरी करने तथा प्रदर्शनों और हड़ताल को टालने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) जी हां; स्टाफ़ आर्टिस्टों के एक भाग ने सरकार को इस प्रकार लिखा।

(ख) तथा (ग) : एक *विवरण संलग्न है जिसमें उनके द्वारा की गई मांगों और उनपर की गई कार्रवाई दी हुई है। आकाशवाणी के महानिदेशक ने उन व्यक्तियों की जिन्होंने उक्त पत्र लिखा ; स्थिति स्पष्ट की और यह सलाह दी कि हड़ताल या प्रर्शदन का सहारा न लें।

[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 1936/68]

कालेजों में राष्ट्रीय छात्र सेना दल का प्रशिक्षण

6187. **श्री बेदब्रत बरुआ** : क्या **प्रतिरक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ राज्यों ने फिर से राष्ट्रीय छात्र सेना दल के प्रशिक्षण को पहले की तरह छात्रों के लिये ऐच्छिक बना दिया है;

(ख) क्या यह भी सच है कि राष्ट्रीय छात्र सेना दल का अनिवार्य प्रशिक्षण छात्रों में वे गुण पैदा नहीं कर सका है, जिसकी उससे आशा की जाती थी; और

(ग) यदि हां, तो इस विषय में सरकार की क्या नीति है ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्री म० रं० कृष्ण) :

(क) कुछ विश्वविद्यालयों के उप-कुलपतियों ने अपने विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय छात्र सेना का प्रशिक्षण ऐच्छिक करने का निर्णय किया है ;

(ख) और (ग) भारत सरकार का मत यह है कि राष्ट्रीय छात्र सेना के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा कोर और राष्ट्रीय खेल संगठन का विकास भी किया जाना चाहिए तथा विश्वविद्यालयों अथवा कालेजों के प्रत्येक पुरुष विद्यार्थी को इन तीन कार्यक्रमों में से एक कार्यक्रम में भाग लेना आवश्यक होना चाहिए। शिक्षा मंत्री ने भारत सरकार का यह मत विश्वविद्यालयों के उप-कुलपतियों को बता दिया है।

छिपे हुए नागा लोग

6188. **श्री गाडिलिंगन गौड** : क्या **वैदेशिक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

*अंग्रेजी उत्तर के साथ देखें ।

(क) क्या यह सच है कि छिपे हुए विद्रोही नागा अपने शिविरों को विभिन्न गांवों से हटाकर निर्जन जंगलों तथा पहाड़ियों में ले गये हैं ;

(ख) क्या सरकार ने इसके परिणामों का अध्ययन किया है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि वे संघर्ष छोड़ देते हैं तो उस स्थिति का सामना करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

प्रधान मंत्री, अणुशक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी): (क) यह सच है कि 7 जून 1968 को जोतसोमा की ओर हमारी सुरक्षा सेना द्वारा कारवाई बंद करने के समझौते का सख्ती से पालन किए जाने के परिणाम स्वरूप छिपे नागा अपने कुछ ऐसे शिविरों को खाली करके जंगलों के भीतर चले गए हैं जो शहरों और गांवों के पास स्थित थे ।

(ख) जी हां ।

(ग) यह विवरण वर्गीकृत है, और इसके कारण भी स्पष्ट हैं किन्तु स्थिति के सामना करने के लिए सुरक्षा संबंधी पर्याप्त उपाय किए गए हैं ।

नई दिल्ली में सिनेमा घरों द्वारा चलचित्र अधिनियम का उल्लंघन

6189. **श्री बलराज मधोक :**

क्या **सूचना तथा प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नई दिल्ली नगर पालिका के क्षेत्राधिकार में कई सिनेमाघरों ने चलचित्र अधिनियम का उल्लंघन किया है;

(ख) क्या यह भी सच है कि उनमें से दो के मामले पूरी जांच के लिये केन्द्रीय जांच विभाग को सौंपे गये हैं;

(ग) यदि हां, तो उनके द्वारा की गई अनियमिताओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) उनके बारे में केन्द्रीय जांच विभाग द्वारा कब तक अपना प्रतिवेदन दिये जाने की सम्भावना है ?

सूचना तथा प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) : (क) से (घ) तक : सूचना एकत्र की जा रही है और यथा समय सदन का मेज पर रख दी जाएगी ।

राष्ट्रीय छात्र दल के वरिष्ठ डिवीजन में कैडेटों की संख्या में कमी

6190. **श्री क० प्र० सिंह देव :** **श्री हरदयाल देवगुण :**

क्या **प्रतिरक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में राष्ट्रीय छात्र सेना दल के वरिष्ठ डिवीजन की कैडेटों की संख्या कम करने का सरकार का विचार है;

(ख) यदि हां, तो देश में इस समय इस डिवीजन में कितने कैडेट हैं;

(ग) इनकी संख्या में कितनी कमी करने का विचार है; और

(घ) इसके क्या कारण हैं ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में उपमन्त्री (श्री मं० रं० कृष्ण) : (क) और (घ) राष्ट्रीय छात्र सेना के अनिवार्य प्रशिक्षण की अवधि 3 वर्ष से घटाकर 2 वर्ष की जाने के परिणामस्वरूप राष्ट्रीय छात्र सेना दल की सर्वाधिक संख्या की तुलना में, जो 31 मार्च, 1967 को थी, राष्ट्रीय छात्र सेना दल के वरिष्ठ डिवीजन के कैडेटों की संख्या पहले ही कम हो गई है। ऐसी आशा है कि 1968–69 से राष्ट्रीय सेवा कोर और राष्ट्रीय खेल संगठन योजना लागू किये जाने पर, जब कालेजों के कैडेटों को राष्ट्रीय छात्र सेना के स्थान पर इनमें से किसी एक में भाग लेने की छूट होगी, वर्तमान संख्या और कम हो जायेगी।

(ख) और (ग) : राष्ट्रीय छात्र सेना दल के सीनियर डिवीजन की वर्तमान प्राधिकृत संख्या 10,61,900 है और चालू वर्ष में इसके घटकर 8,21,200 हो जाने की आशा है, जो 1967–68 में इसकी अनुमानतः पंजीकृत संख्या थी।

Exports During Fourth Plan

6191. **Shri Om Prakash Tyagi** : Will the **Prime Minister** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that certain valuable suggestions were given for promoting export during the Fourth Plan in a meeting of the Planning Commission and Industrialists held in Delhi on the 2nd August, 1968 ; and

(b) if so, the suggestions proposed to be accepted by Government ?

Prime Minister (Shrimati Indira Gandhi) : (a) and (b) : A number of suggestions were made for promoting exports during the Fourth Plan period at the meeting of the Planning Commission with industrialists held on 2nd August, 1968. These would be examined in consultation with the Ministries concerned.

जर्मन लोकतंत्रात्मक गणराज्य के लिये वीसा की सुविधायें

6192. **श्री कामेश्वर सिंह** :
श्री इन्द्रजीत गुप्त :
श्री ए० श्रीधरन :
श्री के० आर० गणेश :
श्री ओंकार लाल बेरवा :

क्या **वैदेशिक-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जर्मन लोकतंत्रात्मक गणराज्य ने सरकार से वीसी सुविधायें देने का अनुरोध किया है;

(ख) यदि हां, तो जर्मन लोकतंत्रात्मक गणराज्य द्वारा किये गये अनुरोध का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उसके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) और (ख) : जर्मन लोक गणराज्य अपने राष्ट्रिकों के लिए समय-समय पर वीजा सुविधाएं प्राप्त करने की कोशिश में रहता है जो निर्धारित कार्यपद्धति के अनुसार स्वीकृत कर दिये जाते हैं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

अणु बिजली

6193. **श्री शिवचन्द्र झा :** **श्री स्वतन्त्र सिंह कोठारी :**

क्या **प्रधान मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय परमाणु संयन्त्रों में इस समय कितनी अणु बिजली उपलब्ध है और उसमें से कितनी अणु शक्ति को शान्ति प्रयोजनों के लिये उपयोग में लाया जाता है;

(ख) चतुर्थ योजनावधि में अनुमानतः कितनी अणु बिजली का निर्माण किया जायेगा; और

(ग) चतुर्थ योजनावधि में किन नये क्षेत्रों में अणु बिजली का उपयोग किया जायेगा ?

प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री, तथा वैदेशिक कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) अभी तक कोई भी परमाणु बिजलीघर पूरी तरह तैयार नहीं हुआ है ।

(ख) और (ग) परमाणु ऊर्जा विभाग की चौथी योजना अभी तैयार की जा रही है और उसे अन्तिम रूप दिये जाने के बाद ही इन बातों के बारे में जानकारी उपलब्ध होगी ।

आयरलैंड में प्रधान मंत्री की यात्रा

6194. **श्री शिवचन्द्र झा :**

क्या **वैदेशिक-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आयरलैंड के प्रधान मन्त्री ने हाल में भारत की यात्रा की थी ;

(ख) क्या उन्होंने प्रधान मन्त्री तथा भारत सरकार के अन्य नेताओं से बातचीत की थी ; और

(ग) यदि हां, तो क्या-क्या बातचीत हुई तथा उसका क्या परिणाम निकला ?

प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) जी हां । आयरलैंड के प्रधान मन्त्री श्री जॉन लिंच ने 4 अगस्त से 8 अगस्त, 1968 तक भारत की यात्रा की ।

(ख) और (ग) जी हाँ । भारत और आयरलैंड के बीच मित्रतापूर्ण संबंध हैं और हम दोनों के बीच कोई समस्याएं नहीं हैं । आयरलैंड के प्रधान मन्त्री और भारतीय नेताओं के बीच बातचीत मैत्री एवं सौहार्द के वातावरण में हुई थी । यह बातचीत सामान्य प्रकृति की थी और इस यात्रा से विचार-विनिमय के लिए सुअवसर प्राप्त हुआ ।

बिजली प्रतिरक्षा सम्बन्धी आवश्यकतायें

6195. **श्री भोगेन्द्र झा :**

क्या **प्रतिरक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रतिरक्षा सम्बन्धी आवश्यकताओं के सामान की कुल कितनी मात्रा का प्रतिवर्ष देश में उत्पादन होता है तथा इसका विदेशों से आयातित प्रतिरक्षा सम्बन्धी आवश्यक सामान से क्या अनुपात है ;

(ख) चौथी पंचवर्षीय योजना के अंत तक इस मात्रा तथा अनुपात का कितना होने की सम्भावना है; और

प्रतिरक्षा मन्त्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) राजकीय तथा निजी क्षेत्रों में उत्पादित रक्षा सामान की कुल राशि क्रमशः बढ़ती रही है, और 1967-68 में 300 करोड़ रुपये के स्तर की थी। उसी वर्ष में विदेश से आयात रक्षा स्टोर्ज पर खर्च बहुत कम है।

(ख) देश में रक्षा उत्पादन की राशि बढ़ने की आशा है, परन्तु इस प्रावस्था में कोई पक्के अनुमान दे पाना संभव नहीं है।

(ग) यह सूचना देना लोक हित में नहीं है।

Chinese Secret Base in the Everest Area

6196. **Shri Jagannath Rao Joshi** : **Shri Bharat Singh Chauhan** :
Shri Atal Bihari Vajpayee : **Shri Bal Raj Madhok** :
Shri Brij Bhushan Lal : **Shri S. S. Kothari** :

Will the Minister of **Defence** be pleased to state :

(a) whether Government's attention has been drawn to the reports that China has set up a secret base near Jhang-Ri-Jong in Everest area towards Tibet and near Nepal border ;

(b) whether Government are also aware that in the opinion of some experts, a Radar Centre has been set up there ; and

(c) if so, whether Government have taken suitable steps to face the likely consequences thereof ?

The Minister of Defence (Shri Swaran Singh) : (a) and (b) Government have seen press reports to this effect, but have no information which would go to corroborate them.

(c) Does not arise.

Supply of Uranium by U. S. A. to Pakistan.

6197. **Shri Jagannath Rao Joshi** : **Shri Bharat Singh Chauhan** :
Shri Sharda Nand :

Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether Government's attention has been drawn to the reports that U. S. A. would supply uranium to Pakistan ;

(b) if so, whether the attention of U.S.A. Government has been drawn to the dangers likely to arise therefrom ; and

(c) if so, the result thereof ?

The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) : (a) Yes, Sir.

On June 17, 1968, an agreement was signed between Pakistan, U. S. A. and the International Atomic Energy Agency under which Pakistan is to receive about 17 kgs. of uranium to assist its Karachi Nuclear Power Project. The nuclear material is subject to the safeguards of the International Atomic Energy Agency. The material is not likely to be used for non-peaceful purposes.

(b) and (c) Do not arise.

Attendance of Deputy Law Minister in a Meeting in an Arab Country.

6198. **Shri Jagannath Rao Joshi: Shri Sharda Nand:**

Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Deputy Law Minister had attended a meeting in Judda City in an Arab country sometime back ;

(b) whether it is also a fact that in the meeting, a resolution in regard to Kashmir was passed against India under the leadership of Sheikh Abdullah ; and

(c) if so, whether the Deputy Law Minister had cast his vote against the resolution ?

The Prime Minister, Minister of Atomic Energy. Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) : (a) In response to an invitation received from the Secretary General of the Rabita al-Alam-al-Islami three-man delegation of eminent Muslims under the leadership of Shri Nur-ud-din Ahmed attended the second session of the General Islamic Conference held at Mecca in April, 1965. The present Deputy Law Minister was one of the members.

(b) and (c) : The General Islamic Conference Sub-Committee on "Islamic issues and self determination" whose membership included Shri Nur-ud-din Ahmed and Sheikh Abdullah among other things adopted a resolution on Kashmir. Shri Nur-ud-din Ahmed, leader of the Delegation, got his dissent and disapproval recorded. The resolution was to be placed before the house for consideration. The meeting of the full house was held at night. It lasted for 10 minutes and ended in confusion without giving the platform to scheduled speakers including Shri Nur-ud-din Ahmed and Sheikh Abdullah. However, the resolution on Kashmir was adopted without discussion or voting. The members of the Delegation met the Secretary-General and Director General of the Rabita al-Alam-al-Islami and expressed their indignation in the matter.

Jullundur Cantonment Board

6199. **Shri Jagannath Rao Joshi : Shri Atal Bihari Vajpayee :**

Will the Minister of **Defence** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that some elected members of the Jullundur Cantonment Board have sent some complaints to the G. O. C.-in-C. of the Western Command regarding the election of the Deputy Chairman of the Cantonment Board and setting up of various Committees ; and

(b) if so, the details thereof and the action taken thereon ?

The Minister of Defence (Shri Swaran Singh) : (a) Yes, Sir.

(b) The main requests were—

(i) The adjournment of the meeting by the President, Cantonment Board, from 7th June 1968 to 26th June 1968 be rescinded, and a meeting be called within a week to elect the Vice President and form the Committees.

(ii) Resolution No. 2 passed by the Cantonment Board on 24th June 1968 regarding formation of the Committees be suspended and fresh formation of Committees be undertaken.

The election of the Vice President was duly carried out on 27th July 1968.

The G.O.C.-in-C, Western Command, has held that there was no irregularity in the formation of Committees on 24th June 1968.

प्रतिरक्षा गवेषणा संस्थापन-प्रयोगशालाएं

6200. **श्री गाडिलिंगन गौड :**

क्या **प्रतिरक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने प्रतिरक्षा गवेषणा संस्थापनाओं-प्रयोगशालाओं में आदर्श गठन व्यवस्था को लागू करने और तकनीकी निदेशालयों, जो कि सम्पर्क और समन्वय का काम करते हैं, के आकार को छोटा करने का निर्णय किया है ;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्योरा क्या है और इसकी कार्यन्विति के लिये क्या कार्यवाही की है ; और

(ग) इसे कब तक कार्यन्वित किया जायेगा ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र): (क) सरकार ने रक्षा अनुसंधान सिव्वंदियों-प्रयोगशालाओं में आदर्श संविधान कार्यान्वित करने का फैसला कर लिया है। आर० एंड डी० मुख्यालय के तकनीकी निदेशालयों के पुनःगंठन और कटौती के प्रश्न पर प्रशासनिक परिषदों के काम करना शुरू कर देने के पश्चात्, विचार किया जायगा, कि जब उन्हें कुछ अनुभव प्राप्त हो जाएगा।

(ख) इस उद्देश्य के लिए 9 प्रशासनिक परिषद स्थापित करना प्रस्तावित है। संबंधित किस्म के कार्य में लगी सिव्वंदियों-प्रयोगशालाओं का एक स्थान पर वर्गीकरण किया गया है, और उन्हें सांझे प्रशासनिक परिषद के आधीन रखा गया है।

(ग) आशा है प्रशासनिक परिषद कुछ ही मासों में काम करना शुरू कर देंगे।

काश्मीर हाउस, नई दिल्ली

6201. **श्री गाडिलिंगन गौड :**

क्या **प्रतिरक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार नई दिल्ली स्थित काश्मीर हाउस के लिये जम्मू तथा काश्मीर के भूतपूर्व नरेश को 80,000 रुपये प्रतिमास किराये के रूप में दे रही है;

(ख) क्या यह भी सच है कि सरकार ने काश्मीर हाउस में स्थिति सेना मुख्यालय के लिये नई दिल्ली में किसी भवन को लेने की पेशकश नहीं की है और किराया देना ही ठीक समझा है; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इस बारे में क्या कार्यवाही की गई है ?

प्रतिरक्षा मन्त्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) सरकार नई दिल्ली स्थित काश्मीर हाउस के लिये जम्मू तथा काश्मीर सरकार को किराये के रूप में 64, 200 रुपये प्रति वर्ष देती है।

(ख) और (ग) इस समय काश्मीर हाउस में स्थित सेना मुख्यालय के लिये काश्मीर हाउस अथवा किसी अन्य इमारत का अर्जन न करने का सरकार का इस समय कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि सेना मुख्यालय तथा अन्य प्रतिरक्षा संस्थानों के लिये 'एफ' ब्लाक के स्थान पर एक नई इमारत बनाने का विचार है।

संस्थानों/प्रयोगशालाओं के निदेशकों की वित्तीय शक्तियां

6202. **श्री गाडिलिंगन गौड** : क्या **प्रतिरक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रतिरक्षा संस्थानों/प्रयोगशालाओं के प्रभारी निदेशकों को मुख्यालय में नियुक्त तकनीकी निदेशकों की तुलना में कम वित्तीय शक्तियां प्राप्त हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस विषमता को दूर करने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

प्रतिरक्षा मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) मुख्यालय में नियुक्त तकनीकी निदेशकों को कोई वित्तीय शक्तियां स्वतः प्राप्त नहीं हैं । तथापि प्रशासनिक सुविधा के लिए वैज्ञानिक सलाहकार की ओर से उनके द्वारा कुछ वित्तीय शक्तियों का प्रयोग किया जाता है ।

(ख) और (ग) प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता।

मिजो पहाड़ियों के बारे में पाकिस्तान द्वारा अधिसूचना

6203. **श्री देवकी नंदन पाटोदिया** : क्या **वैदेशिक कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पाकिस्तान सरकार ने राजपत्रित अधिसूचना के माध्यम से मिजो पहाड़ियों के भागों को पाकिस्तानी क्षेत्र घोषित किया है ;

(ख) यदि हां, तो कौन सा क्षेत्र पाकिस्तान के कब्जे में है; और

(ग) क्या इस क्षेत्र से पाकिस्तान का कब्जा हटाने के लिये सरकार ने कोई कार्यवाही की है और यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले हैं ?

प्रधान मन्त्री, अणु शक्ति मंत्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक–कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गाँधी) : (क) भारत सरकार को ऐसी किसी अधिसूचना की जानकारी नहीं है ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

सैगोन में अन्तर्राष्ट्रीय नियंत्रण आयोग

6204. **श्री देवकी नन्दन पाटोदिया** :

क्या **वैदेशिक-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वित्तीय कठिनाइयों के कारण सैगोन में अन्तर्राष्ट्रीय नियंत्रण आयोग का पुनर्गठित किया जा रहा है ;

(ख) क्या इस मामले के प्रत्यक्ष अध्ययन के लिये भारतीय अधिकारियों का एक दल वहां भेजा गया था ;

(ग) यदि हां, तो उसके निष्कर्ष क्या थे ; और

(घ) इस मामले में अन्तर्राष्ट्रीय नियन्त्रण आयोग के अन्य सदस्य देशों के विचार क्या हैं ?

प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक कार्य मन्त्री (श्रीमती

इन्दिरा गांधी) : (क) वित्तीय कठिनाइयों की वजह से वियतनाम कमीशन की कर्मचारी संख्या में अस्थायी तौर पर कुछ कमी की गई है तथा और कमी करने पर विचार किया जा रहा है।

(ख) जी हां।

(ग) इस टीम की रिपोर्ट पर विचार किया जा रहा है।

(घ) पौलैंड और कनाडा के प्रतिनिधिमंडलों के विचारों का पक्का पता लगाया जा रहा है।

पाकिस्तान में भारतीय धार्मिक संस्थायें

6205. **श्री देवकी नन्दन पाटोदिया** :

क्या **वैदेशिक-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भी यह सच है कि पाकिस्तान सरकार ने पाकिस्तान स्थित कुछ भारतीय धार्मिक संस्थाओं को हाल में राष्ट्रीय महत्व के स्मारक घोषित किया है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि ये सभी संस्थायें पश्चिम पाकिस्तान में हैं ;

(ग) पूर्वी पाकिस्तान में ऐसी भारतीय धार्मिक संस्थायें कितनी हैं तथा क्या इन संस्थाओं को भी वही स्थान देने के लिए सरकार ने पाकिस्तान सरकार से प्रार्थना की है ; और

(घ) यदि हां, तो इस मामले में पाकिस्तान सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) और (ख) : जी हाँ, । सरकार को इस आशय की खबरें मिली हैं कि पश्चिम पाकिस्तान में हिन्दुओं और सिखों के 13 पूजा-स्थानों को पाकिस्तान सरकार ने प्राचीन स्मारक परिक्षण अधिनियम, 1904 के अंतर्गत राष्ट्रीय महत्व के स्मारक घोषित कर दिया है।

(ग) पूर्व पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों के धार्मिक संस्थानों की ठीक-ठीक सख्या मालूम नहीं है। सरकार ने पाकिस्तान सरकार से इन संस्थानों को कोई विशेष दर्जा देने के लिए नहीं कहा है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

Coloured Films

6206. **Shri Maharaj Singh Bharati** : Will the Minister of **Information and Broadcasting** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that black and white films produced by the Information Department cost Rs. 20 to 25 thousands each and the print thereof could be prepared at the cost of Rs. 500 each while the coloured pictures cost Rs. 60 to 70 thousands and the print whereof two thousands of rupees ; and

(b) if so, the reasons as to why the production of coloured films is not discontinued in view of the financial stringency ?

The Minister of Information and Broadcasting (Shri K. K. Shah) : (a) The cost of production of a one-reeler black and white film ranges from Rs. 20,000 to

Rs. 35,000. The cost of a print of a one-reeler black and white film in 35mm size is Rs. 235 and in 16mm. size Rs. 90. The cost of production of a one-reeler colour film ranges from Rs. 35,000 to Rs. 60,000. The cost of a print of a one-reeler colour film in 35mm. size is Rs. 515 and in 16mm. size Rs. 350.

(b) Colour films have better impact and are essential for export promotion, tourist and external publicity. Colour films are also more effective when dealing with subjects like flowers, paintings, Rangoli, textile designs, etc. At one time, about 15 per cent of films were produced by the Films Division in colour. Now only about six to seven percent of the films are produced in colour. Complete discontinuance of production of films in colour will be a retrograde step in the context of the fact that most of the other countries have almost completely switched over to colour films. In fact, some countries do not accept any black and white films from abroad.

भारतीय विदेश सेवा (बी) में पदोन्नतियाँ

6207. **श्री म० ला० सोधी :**

क्या **वैदेशिक-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय विदेश सेवा (बी०) के अधिकारियों की उच्च राजनयिक पदों पर पदोन्नति के मामले में अनियमितताएँ तथा मनमानी की जा रही है, जिसके कारण भारतीय विदेश सेवा (बी०) के अधिकारियों में बहुत निराशा व्याप्त है;

(ख) क्या यह भी सच है कि उन लोगों के लिए भी भारतीय विदेश सेवा में नियुक्ति पाना संभव नहीं है, जिन्होंने अति सराहनीय कार्यकुशलता दिखाई है और जिन्हें ऊंचे राजनयिक पदों पर काम करने के लिए उपयुक्त माना गया है;

(ग) क्या भारतीय विदेश सेवा पदावलि में वरिष्ठ पदों पर भारतीय विदेश सेवा (बी) के अधिकारियों की पदोन्नति नियुक्तियां करने के लिए वर्तमान कोटे में वृद्धि के किसी प्रस्ताव पर सरकार विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (**श्रीमती इंदिरा गांधी**): (क) जी नहीं। भारतीय विदेश सेवा (ख) से भारतीय विदेश सेवा में पदोन्नतियां योग्यता के आधार पर की जाती हैं और ऐसा करते समय तद्विषयक संविधि-नियमों का दृढ़तापूर्वक पालन किया जाता है।

(ख) विशिष्ट योग्यता संपन्न सभी अधिकारियों को अपनी-अपनी बारी के अनुसार उच्चतर राजनयिक पदों पर होने का अवसर दिया जाता है।

(ग) और (घ) : जी हां। सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि (सूचना सेवा के अधिकरियों को भी मिला कर) इस समय भारतीय विदेश सेवा (ख) से भारतीय विदेश सेवा में अधिकारियों की पदोन्नति का जो कोटा दस प्रतिशत निश्चित है, उसे बढ़ाकर केवल भारतीय विदेश सेवा (ख) के अधिकारियों के लिए ही 15 प्रतिशत कर दिया जाए।

खान अब्दुल गफ्फार खाँ की विचारधारा आदि के सम्बन्ध में आकाशवाणी के कार्यक्रम

6208. **श्री म० ला० सोंधी :**

क्या **सूचना तथा प्रसारण** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी के कार्यक्रमों में खान अब्दुल गफ्फार खां की सामाजिक और राजनैतिक विचारधारा प्रस्तुत करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है;

(ख) क्या खान अब्दुल गफ्फार खां के आगामी दौरे का लाभ उठाने के प्रयत्न किये जा रहे हैं जिससे उनके और भारत के लोगों के बीच जो निकट सम्बन्ध है उसे पुनः स्थापित किया जा सके;

(ग) क्या सरकार का विचार खान अब्दुल गफ्फार खाँ के प्रस्तावित दौरे के दौरान पश्तो कार्यक्रम के समय में वृद्धि करने का है;

(घ) क्या सरकार भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में खान अब्दुल गफ्फार खां के योगदान के सम्बन्ध में एक चलचित्र तैयार करने के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

सूचना तथा प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) : (क) खान अब्दुल गफ्फार खां के विचारों और आदर्शों पर आधारित एक कार्यक्रम, जो पिछले साल उनसे व्यक्तिगत भेंटों में रिकार्ड किया गया था, पिछले साल गांधी जयन्ती के अवसर पर आकाशवाणी के द्वारा प्रसारित किया गया था।

(ख) जी, हां।

(ग) जी, नहीं।

(घ) जी, नहीं।

(ङ) सवाल नहीं उठता।

विदेशों को प्रतिनिधि मन्डल

6209. **श्री प्रेम चन्द वर्मा** : क्या **सूचना तथा प्रसारण** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1967-68 में उनके मन्त्रालय के आदेश पर कितने प्रतिनिधि मन्डल, मन्त्री, अधिकारी अथवा अन्य विशेषज्ञ सरकारी खर्च पर अन्य देशों में गये;

(ख) प्रत्येक मामले में उन्होंने किन देशों का दौरा किया और उनके दौरों की समयावधि क्या थी ;

(ग) प्रत्येक दौरे पर कितना व्यय किया गया और उसमें विदेशी मुद्रा कितनी थी; और

(घ) प्रत्येक दौरे से सरकार को क्या यथार्थ लाभ हुआ और यदि कोई करार किये गये थे, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

सूचना तथा प्रसारण मन्त्री (श्री के. के. शाह) : (क) से (घ) तक : आवश्यक सूचना एकत्र की जा रही है और सदन की मेज पर रख दी जायेगी।

प्रतिरक्षा मन्त्रालय में भ्रष्टाचार के मामले

6210. **श्री प्रेम चन्द्र वर्मा :** क्या **प्रतिरक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मन्त्रालय में भ्रष्टाचार, घूस, चोरी तथा अन्य दंडनीय अपराधों के कितने मामलों का 1 अप्रैल, से 30 जून, 1968 तक पता लगा है और उसमें कितने अधिकारी तथा अन्य लोग अन्तर्गस्त हैं;

(ख) कितने मामलों में अभियोग चलाये गये हैं और कितने मामले केन्द्रीय जांच ब्यूरो को भेजे गये हैं;

(ग) 1967-68 में कितने मामले पकड़े गये थे, उनमें से कितने मामलों में दंड दिया गया है और कितने व्यक्तियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की गई है तथा उसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) ऐसे मामलों को रोकने के लिए क्या उपाय किये गये हैं ?

प्रतिरक्षा मन्त्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मन्त्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) से (घ) सूचना इकट्ठी की जा रही है और यथा समय सभा के पटल पर रख दी जाएगी।

भ्रष्टाचार के मामले

6211. **श्री प्रेम चन्द वर्मा :** क्या **वैदेशिक कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 अप्रैल, 1968 से 30 जून, 1968 तक की अवधि में ऐसे कितने मामलों का पता लगाया गया जो उनके मन्त्रालय में भ्रष्टाचार, घूसखोरी, चोरी तथा अन्य दाण्डिक अपराधों से सम्बन्धित हैं, और उनमें अंतर्ग्रस्त कर्मचारियों की वर्गवार संख्या कितनी है तथा उनमें कितने गैर सरकारी व्यक्ति अंतर्ग्रस्त हैं ;

(ख) कितने मामलों में अभियोग चलाये गये और कितने मामले केन्द्रीय जांच विभाग को भेजे गये ;

(ग) 1967-68 में ऐसे कितने मामले पकड़े गये, कितने मामलों में दोषी व्यक्तियों को दंड मिला और कितने व्यक्तियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की गई तथा उसका ब्यौरा क्या है ; और

(घ) ऐसे कदाचारों की रोकथाम के लिए क्या कार्यवाही की गई हैं ?

प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-काय मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) कुछ नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) सात मामले, जिसमें से किसी में भी सजा नहीं दी गई है। 6 मामलों में विभागीय कार्रवाई पूरी हो गई है, जिसमें से दो मामले उचित पड़ताल के बाद बन्द कर दिए गए हैं, तीन मामलों में सबद्ध अधिकारियों को चेतावनी दे दी गई है अथवा उनकी भत्सर्ना कर दी गई है और बाकी दो मामलों में संबद्ध कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। शेष मामलों में कार्रवाई जारी है।

(घ) मंत्रालय में तथा सभी मिशनों में सतर्कता की व्यवस्था को सुचारु बना दिया गया है।

कपड़े तैयार करने के कारखाने

6212. **श्री स० मो० बनर्जी :**

क्या **प्रतिरक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कपड़े तैयार करने के कारखानों में कार्य-भार की स्थिति सुधरी है;

(ख) यदि हां, तो किस सीमा तक;

(ग) क्या कुछ चीजें जो पहले ठेकेदारों को दी जाती थीं, अब इन कारखानों में बनाई जा रही हैं;

(घ) क्या काम के अनुसार मजूरी पाने वाले श्रमिक अपनी पूरी मजूरी कमा रहे हैं, और

(ङ) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

प्रतिरक्षा मन्त्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मंत्री (श्री ललित नारायण मिश्र) : (क) तथा (ख) सूचना इकट्ठी की जा रही है और जभी प्राप्त हुई सभा के पटल पर रख दी जाएगी ।

(ग) तम्बुओं, दरियों जैसी मदों के सम्बन्ध में सेवाओं की आंशिक आवश्यकताओं के लिए आर्डर आर्डनेन्स फैक्टरियों को भेज दिए गए हैं ।

(घ) व्यापक तौर पर, जी हां । तदपि उजरती कारीगरों द्वारा अर्जित लाभ, कम कार्यभार के कारण लगभग पिछले एक वर्ष में उपान्तस्थ रहे हैं। जहां काम की अप्राप्यता के कारण कारीगर अपनी उजरतें अर्जित कर पाने में असमर्थ रहे हैं गारन्टी की गई उजरतें दी गई हैं ।

(ङ) क्लोदिंग फैक्टरियों में क्षमता को इस्तेमाल जारी रखने के लिए अन्य केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों के विभागों तथा राजकीय क्षेत्र के उपकरणों से आर्डर प्राप्त करने के लिए यत्न किए गए हैं, और निरन्तर किए जा रहे हैं ।

कपूर एलन एण्ड कम्पनी, कानपुर

6213. **श्री स० मो० बनर्जी :**

क्या **प्रतिरक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करगे कि :

(क) क्या ब्रिटिश इण्डिया कारपोरेशन के एक समवाय कपूर एलन कम्पनी लिमिटेड को उनके मंत्रालय के अधीन लेने का अन्तिम निर्णय कर लिया गया है;

(ख) यदि नहीं, तो इस विलम्ब के क्या कारण हैं; और

(ग) इस सम्बन्ध में कब तक निर्णय किये जाने की सम्भावना है ?

प्रतिरक्षा मन्त्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) से (ग) : प्रस्ताव विस्तार पूर्वक निरीक्षण अधीन है । अन्तिम निर्णय लेने में कुछ समय लगेगा ।

आकाशवाणी का विशेषज्ञ सेवा एकक

6214. **श्री रा० कृ० सिंह** : क्या **सूचना तथा प्रसारण** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आकाशवाणी का विशेषज्ञ सेवा एकक श्रोताओं की इच्छाओं को पूरा नहीं कर सका है; और

(ख) यदि हां, तो उसमें सुधार करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

सूचना तथा प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) (क) इस प्रकार का कोई सैल अभी तक गठित नहीं किया गया है ।

(ख) सवाल नहीं उठता ।

भारत–वर्मा सीमा को बन्द करना

6215. **श्री रा. कृ. सिंह :** **श्री वि० ना० शास्त्री :**
श्री यशपाल सिंह :

क्या **वैदेशिक–कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नागा विद्रोहियों को सीमा पार करके चीन जाने को रोकने तथा वहां से प्रशिक्षण प्राप्त करके पुनः भारत में वापस आने से रोकने के लिए भारत वर्मा सीमा को बन्द करने के लिए कोई कार्यवाही की गई है;

(ख) क्या सीमा को बन्द करने के लिए वर्मा सरकार का सहयोग माँगा गया है; और

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में वर्मा सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) वर्मा के साथ लगने वाली अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा के प्रबन्ध मजबूत कर दिए गये हैं। बहरहाल, रास्ते को और सीमा के विस्तार को देखते हुए इस समूची सीमा को बन्द करना सम्भव नहीं है ।

(ख) और (ग) : माननीय सदस्य का ध्यान 27-3-1968 को लोकसभा में तारांकित प्रश्न संख्या 877 के उत्तर की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें यह बताया गया था कि हमारी दोनों सरकारें आपसी हित के मामलों पर स्वभावतः सलाह-मशविरा करती हैं। इस प्रकार का सलाह-मशविरा संतोषजनक ढंग से चल रहा है ।

Time Schedule for News Bulletins

6216. **Shri Prakash Vir Shastri** : Will the Minister of **Information and Broadcasting** be pleased to state :

(a) whether any proposal for making a change in the time scheduled of A.I.R. news bulletins is under consideration ;

(b) if so, the details thereof and the date from which change would be made effective ; and

(c) whether a change would also be made in the time schedule of the main Hindi News Bulletins ?

Minister of Information and Broadcasting (Shri K. K. Shah): (a) to (c) The question of revising the timings of some Hindi news bulletins including the main Hindi news bulletins is under consideration. We are trying our best to expedite so as some adjustments are inevitable.

गोआ के स्वतंत्रता संग्रामियों की रिहाई

6217. **श्री बाबू राव पटेल :** **श्री सु० कु० तापड़िया :**
श्री सीताराम केसरी :

क्या **वैदेशिक-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या स्पेन अथवा पुर्तगाल की ओर से सरकार को इस आशय का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है कि पादरी फैरर को भारत में रहने की अनुमति दिये जाने पर ही श्री मोहन रानाडे और डा० पासक्रेन्हास को पुर्तगाल की जेल से रिहा किया जायेगा;

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) यदि नहीं, तो मोहन रानाडे और डा. पासक्रेहान्स को रिहा कराने के लिए हमारी सरकार ने और क्या कार्यवाही की है; और

(घ) उनके कब तक रिहा हो जाने की सम्भावना है ?

प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) और (घ) श्री रानाडे और डा. मासकारेन्हास को छुड़ाने के लिए सरकार ने जो विभिन्न कदम उठाए हैं, उनसे सदन को अवगत रखा गया है । माननीय सदस्यगण 13 और 18 दिसम्बर 1967 के अतारांकित प्र० सं० 94 और 4694 को और 6 मार्च तथा 7 अगस्त 1968 को क्रमशः तारांकित प्र० सं० 451 और 364 के उत्तरों को देखें । राजनयिक सूत्रों के जरिये हम अब भी कोशिश कर रहे हैं। दुर्भाग्य से हम इन दोनों स्वतंत्रता सेनानियों को रिहा कराने में अभी तक सफल नहीं हो पाये हैं ।

आकाशवाणी से संस्कृत कार्यक्रम

6218. **श्री श्रद्धाकर सूपकार** : क्या **सूचना तथा प्रसारण** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत के विभिन्न प्रसारण केन्द्रों से संस्कृत कार्यक्रम प्रसारित करने के लिए वास्तव में कितना समय दिया जाता है; और

(ख) इसमें से कितना समय केवल संस्कृत भाषा सिखाने के लिए नियत किया जाता है ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह): (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और यथा समय सदन को मेज पर रख दी जाएगी ।

दिल्ली में टेलीविजन कार्यक्रम

6219. **श्री श्रद्धाकर सूपकार** : क्या **सूचना तथा प्रसारण** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में टेलीविजन कार्यक्रमों पर सरकार का प्रति मास औसतन कितना खर्च आता है; और

(ख) दिल्ली में कुल कितने टेलीविजन सेटों के लाइसेंस दिये गये हैं और उनसे कितनी आय होती है ?

सूचना तथा प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) : (क) 1967-68 के दौरान दिल्ली के टेलीविज़न केन्द्र का औसतन मासिक आवर्ती व्यय 2,35,542 रुपये था।

(ख) दिल्ली में 30 जून, 1968 को चालू टेलीविजन लाइसेंसों की कुल संख्या 6,752 थी। टेलीविजन लाइसेंसों से हुई आय 1,66,823 रुपये 50 पैसे थी।

राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री के विदेशों के दौरों में उनके साथ जाने के लिये पत्रकारों का चयन

6221. **श्री सु० कु० तापड़िया** :

क्या **सूचना तथा प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रपति तथा प्रधान मंत्री की विदेश यात्राओं में उनके साथ जाने के लिये पत्रकारों का चयन करने के लिये क्या कसौटी अपनायी जाती है;

(ख) क्या उनके साथ जाने वाले पत्रकारों द्वारा भेजे गये वृत्तों के माध्यम से होने वाले प्रचार का मूल्यांकन करने का विचार है, और

(ग) यदि हां, तो किस आधार पर ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) विदेशों में राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री के दौरों की खबरें भेजने के लिए समाचार पत्र और समाचार एजंसियां आम तौर पर अपने खर्च पर ही व्यवस्था करती हैं। सरकार द्वारा पत्रकारों का चयन केवल तभी जरूरी होता है जब वी०आई० पी० विमान में पत्र प्रतिनिधियों के लिए मुफ्त कुछ सीटें उपलब्ध होती हैं। ऐसे मामलों में चयन इस बात को ध्यान में रखकर किया जाता है कि विभिन्न क्षेत्रों के भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी के समाचार-पत्रों में अधिकतम खबरें प्रकाशित हों।

(ख) और (ग) : राष्ट्रपति के साथ गए पत्रकारों द्वारा भेजे गए संवादों और समाचारों की जांच की गई और यह पाया गया है कि भेजे गए संवाद आम तौर पर संतोषजनक थे।

कनाडा की फर्म के लिये परामर्श-कार्य

6222. **श्री सीता राम केसरी** : **श्री यशपाल सिंह** :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कनाडा की एक फर्म को परामर्श कार्य देने के बारे में दो मन्त्रालयों के बीच विचारों में मतभेद उत्पन्न हो गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या मंत्रिमण्डल की मल्यों सम्बन्धी उप-समिति ने इसके बारे में कोई निर्णय कर लिया है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

प्रधान मन्त्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) तथा (ख) सदन इस बात से सहमत होगा कि मंत्रिमंडल अथवा उसकी किसी कमेटी में हुई बातचीत का विवरण बताना संभव नहीं है।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

Hindi Broadcasts

6223. **Shri Ram Gopal Shalwale** : Will the Minister of **Information and Broadcasting** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that most of the broadcasts are made in Hindi from A.I.R. Station, New Delhi ; and

(b) if so, the reasons for giving all the material for broadcasts viz. programme queue-sheets, tape queue sheets etc. to the Announcers in English ?

Minister of Information and Broadcasting (Shri K. K. Shah) : (a) Yes, Sir.

(b) Delhi Station of All India Radio also broadcasts programmes in English, Urdu, Punjabi, Gorkhali etc. besides Hindi. Tape cue sheets are generally written in Hindi in respect of Hindi Programmes. Announcement provided to the Announcers as also scripts of programmes are usually in the language of the programme. Programme cue sheets are required for the use of different categories of staff such as the Engineers in the Control Room, Transmission Executives in the Duty Room etc. in addition to Announcers. Members of staff from various parts of the country are working in these branches and the programme cue sheets are prepared in English.

काश्मीर के बारे में प्रकाशन

6224. **श्री स्वतंत्र सिह कोठारी :**

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने काश्मीर में आर्थिक विकास और शिक्षा के बारे में अनेक पुस्तकें प्रकाशित की हैं जो काम प्राय: राज्य सरकारें अपने प्रचार के लिए स्वयं करती हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने अन्य राज्य सरकारों के लिये भी ऐसी पुस्तकें प्रकाशित की हैं ; और

(ग) क्या सरकार ने इन पुस्तकों का प्रकाशित करने की लागत काश्मीर सरकार से वसूल कर ली है ?

सूचना और प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) : (क) इस साल जून में श्रीनगर में हुए राष्ट्रीय एकता सम्मेलन के अवसर पर भारतीय धर्मनिर्पेक्षता के प्रतीक के रूप में जम्मू और काश्मीर राज्य के योगदान पर प्रकाश डालने के लिए "जम्मू और काश्मीर 1968" नामक एक पुस्तिका विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय द्वारा निकाली गई थी ।

(ख) : अभी तक नहीं ।

(ग) : सवाल नहीं उठता ।

श्रीनगर में टेलीविजन

6226. **श्री स्वतंत्र सिह कोठारी :** **श्री श्रद्धाकर सूपकार :**

क्या **सूचना तथा प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि यद्यपि सरकार के लिए भारत के प्रमुख नगरों में (दिल्ली को छोड़ कर) टेलीविज़न की व्यवस्था करना संभव नहीं हुआ है, तथापि श्री नगर में एक टेलीविजन केन्द्र खोलने के लिए 1.70 करोड़ रुपये की राशि नियत की गई है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने भारत के अन्य नगरों की अपेक्षा श्रीनगर को बरीयता किस आधार पर दी है ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह): (क) श्रीनगर में टेलीविजन केन्द्र स्थापित करने के लिए एक करोड़ 66 लाख रुपए की राशि की व्यवस्था की गई है।

(ख) : राष्ट्रीय हित में श्रीनगर को उच्चतर प्राथमिकता दी गई है।

भारत और पाकिस्तान के बीच राजनयिक स्तर पर वार्ता

6227. **श्री वी० चं० शर्मा :**

क्या **वैदेशिक-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत और पाकिस्तान के बीच दोनों देशों के भीतर तथा बाहर एक दूसरे के विरुद्ध किये जाने वाले प्रचार को रोकने के लिए राजनयिक स्तर पर कोई वार्ता हुई है ; और

(ख) इस मामले को कितनी सफलता मिली है ?

प्रधान मन्त्री, अणु शक्ति-मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इंदिरा गाँधी) : (क) : ताशकंद घोषणा के अनुच्छेद IV के अनुसार, भारत सरकार ने, पाकिस्तान के संचार साधनों द्वारा भारत विरोधी प्रचार को बंद करने के प्रश्नों को, पाकिस्तान सरकार के साथ उठाया है। भारत सरकार ने तो अपनी तरफ से उपर्युक्त अनुच्छेद का दृढ़तापूर्वक पालन किया है।

(ख) अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है। सरकार इस मामले में अभी तक कार्रवाई कर रही है।

भारत को रूस से आर्थिक सहायता

6228. **श्री वी० चं० शर्मा :**

क्या **वैदेशिक कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रूस ने ऐसा कोई आश्वासन दिया है कि परमाणु अस्त्र अप्रसार सन्धि पर भारत द्वारा हस्ताक्षर न करने के निर्णय से भारत को दी जा रही रूसी आर्थिक सहायता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

(क) टेलीविजन में प्रशिक्षण के लिये अब तक कितने स्टाफ आर्टिस्टों को विदेशों में भेजा गया है; और

(ख) उन्होंने किन-किन देशों का दौरा किया है तथा प्रत्येक देश में वे कितने-कितने समय के लिये ठहरे ?

सूचना तथा प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) : (क) चार ।

(ख) एक विवरण संलग्न है ।

विवरण

उस देश का नाम जिसका दौरा किया गया	**ठहरने की अवधि**
ब्रिटेन	1-9-1967 से 22-12-67
फ़ेडरल रिपब्लिक ऑफ जर्मनी	5-6-1968 से 6 महीने तक
आस्ट्रेलिया	2-7-1968 से साढ़े चार महीने तक
जापान	18-7-1968 से 9-10-1968 तक

डा० पी० के० सेन की दक्षिण अफ्रीका की यात्रा

6282. **श्री इन्द्रजीत गुप्त :**

क्या **वैदेशिक-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान केपटाउन में डा० पी० के० सेन को दिये समारोह के बारे में 15 जुलाई 1968 के समाचारों की ओर दिलाया गया है, जिसमें डा० सेन ने कहा था कि उनकी यात्रा में "दक्षिण अफ्रीका के बारे में उनके पहले दृष्टिकोण में परिवर्तन हुआ है" तथा जिसमें डा० सेन को वहां के महापौर ने अपील की थी कि वे दक्षिण अफ्रीका के बारे में गलत जानकारी रखने वाले लोगों के लिये सच्चाई का सन्देश अपने साथ ले जायें ;

(ख) क्या सरकार एक प्रसिद्ध भारतीय सर्जन तथा उसके दक्षिण अफ्रीकी मेजबानों के बीच इस प्रकार की बातचीत का अनुमोदन करती है ;

(ग) क्या सरकार के पास डा० सेन को दक्षिण अफ्रीका की यात्रा की अनुमति देने के बारे में अफ्रीकन-नेशनल कांग्रेस से कोई विरोध पत्र प्राप्त हुआ था; और

(घ) यदि हां, तो सरकार की इस सम्बन्ध में क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) और (ख) : जी हां । अखबार की इन खबरों की ओर सरकार का ध्यान दिलाया गया है, डा० पी० के सेन से इस बात का पक्का पता लगाया जा रहा है कि दक्षिण अफ्रीका की उनकी यात्रा के दौरान ठीक-ठीक क्या हुआ था ।

(ग) और (घ) अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस के श्री अल्फ्रेड एन्जो ने भी अखबार की इस खबर की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया है । श्री एन्जो को यह बताया गया कि डा० सेन को किन कारणों से जाने की इजाजत दी गई थी । ये कारण 14 अगस्त 1968 की लोक-सभा में तारांकित प्रश्न संख्या 4024 के उत्तर में बताये जा चुके हैं ।

Office work in Hindi

6283. **Shri Sharda Nand** : Will the Minister of **Information and Broadcasting** be pleased to state :

(a) whether the Ministry of Home Affairs Office Memorandum No. 2/29/68 O.L. dated the 6th July, 1968 has been received in his Ministry ;

(b) if so, the action taken or proposed to be taken on paragraphs 3,4,5,6 and 7 of the said Memorandum ;

(c) whether action is proposed to be taken to the effect that noting and drafting regarding Hindi Training Scheme and regarding all the administrative work relating to messengers L.D.Cs. and U.D.Cs. may be done in Hindi ; and

(d) if, so, when ?

The Minister of Information and Broadcasting (**Shri K. K. Shah**) : (a) Yes, Sir.

(b) The Memorandum has been circulated to all the Media Unit Officers and Sections of the Ministry of Information and Broadcasting for compliance. The use of Hindi in noting and correspondence has commenced to some extent. Arrangements for translation of papers from Hindi to English and viceversa, wherever necessary, have been made in the Ministry. The requirements for additional Hindi typewriters are being received. Steps are also being taken to release more officers and staff for training in Hindi. The position about the compulsory use of Hindi and English in resolutions, general orders, rules, notifications, administrative or other reports, press communiques, contract agreements, licences, permits, notices and forms of tenders etc. will be reviewed periodically.

(c) and (d) The instructions issued by the Ministry of Home Affairs not provide for the exclusive use of Hindi for such type work. According to their instructions, noting and drafting can be done either in Hindi or English. It is ensured that the member of the staff, using Hindi or English is not required himself to provide a translation in the other language, wherever that is necessary.

दीनापुर छावनी बोर्ड

6284. **श्री रामावतार शास्त्री :**

क्या **प्रतिरक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि छावनी बोर्ड दीनापुर (बिहार) के सदस्यों ने, प्रतिरक्षा मन्त्री श्री ओ० सी० एन० सी० सेन्ट्रल कमांड, लखनऊ तथा निदेशक, सैनिक भूमि तथा छावनी, प्रतिरक्षा मन्त्रालय, नई दिल्ली को, असैनिक क्षेत्रों के भीतर भूमि देने की पुरानी शर्तों पर दिये गये स्थानों के अग्रेतर विभाजन के सम्बन्ध में दिनांक 16 नवम्बर, 1962 के भारत सरकार के प्रतिरक्षा मन्त्रालय के पत्र संख्या 31/ 3/ एल० तथा सी०/ 56-7260/ एल/ सी० एन्ड एल० के विरुद्ध अपील के सम्बन्ध में एक ज्ञापन पत्र भेजा है;

(ख) क्या यह भी सच है कि दीनापुर छावनी बोर्ड के कुछ सदस्यों ने छावनी अधिनियम, 1924 में संशोधन के सम्बन्ध में 8 अगस्त, 1968 को उपरोक्त अधिकारियों को एक ज्ञापनपत्र भेजा है;

(ग) यदि हां, तो सरकार का उन पर क्या कार्यवाही करने का विचार है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

प्रतिरक्षा मन्त्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) जी हां। भारत सरकार, रक्षा मन्त्रालय के पत्र संख्या 31/ 3/ एल/ एल० एन्ड सी०/56/ 6260/एल/ सी० एन्ड एल० दिनांक 16 नवम्बर 1962 के सम्बन्ध में दीनापुर छावनी बोर्ड के एक सदस्य से एक ज्ञापन पत्र दिनांक 7 अगस्त 1967 प्राप्त हुआ था।

(ख) ऐसा कोई ज्ञापन पत्र प्राप्त हुआ प्रतीत नहीं होता।

(ग) और (घ) : ज्ञापन पत्र में दिये गये प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये गए। सरकारी पत्र दिनांक 16 नवम्बर 1962 में जारी किये गये निर्देशों के सरकार की सत्ता क्षमता के अन्तर्गत होने के अतिरिक्त, इन निर्देशों को, कि जिन्हें 23 मार्च 1968 को जारी किये गये एक अन्य सरकारी पत्र में समेकित कर दिया गया है, छावनी बोर्डों के अन्तर्गत भूमियों समेत, सरकार के भूमि विषयक हितों की सुरक्षा के आवश्यक समझा गया है। इनके परिणाम-स्वरूप सुव्यवस्थित विकास होगा, और वह छावनी निधि के लिए आय सुनिश्चित करेंगे।

चौथी योजना

6285. **श्री लोबो प्रभु** :

क्या **प्रधान** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) "एपरोच पेपर आन फोर्थ प्लान" में तीसरी योजना की सफलताओं तथा असफलताओं का कोई मूल्यांकन शामिल नहीं किया गया है; और

(ख) क्या योजना आयोग का विचार चौथी योजना तैयार करते समय सावधानी से हिसाब लगा कर तीसरी पंचवर्षीय योजना की असफलताओं को समाप्त करने का है ?

प्रधान मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) जी, हां। मार्ग-निर्धारण दस्तावेज सीमित उद्देश्य के लिये होने के कारण उसमें तीसरी योजना की उपलब्धियां और कमियों की समीक्षा करने का प्रयत्न नहीं किया गया है।

(ख) चौथी योजना को तैयार करने में, योजना आयोग पिछली योजनाओं के अनुभवों को ध्यान में रखेगा।

इम्फाल हवाई अड्डा

6286. **श्री नि० रं० लास्कर** :

क्या **प्रतिरक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इम्फाल हवाई अड्डे के विस्तार का कार्य आरम्भ कर दिया गया है और यदि हां तो इस विस्तार का ब्यौरा क्या है तथा इसमें अब तक कितनी प्रगति हुई है;

(ख) इस कार्य के कब तक पूरा होने की सम्भावना है; और

(ग) इम्फाल के लिये "फ्रेंडशीप" विमान सेवा आरम्भ करने में विलम्ब होने के क्या कारण हैं तथा यह सेवा कब तक आरम्भ किये जाने की सम्भावना है ?

प्रतिरक्षा मन्त्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) से (ग) इम्फाल (तुली हाल) हवाई अड्डे की उड़ान पट्टी के प्रसार का कार्य हस्तगत है। लगभग एक तिहाई काम पूरा हो चुका है। काम

दिसम्बर 1969 तक सम्पूर्ण हो जाने की आशा है। जब तक उसका उपयुक्त तौर पर प्रसार न किया जाये उड़ान पट्टी "फ्रैण्डशिप" सेवा के लिये उपयुक्त नहीं होती।

भारतीय सांख्यिकीय संस्थान के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण विभाग में सेवा की शर्तें

6287. **श्री कृ० मा० कौशिक** :

क्या **प्रधान** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय सांख्यिकीय संस्था के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण विभाग में सेवा की शर्तों को विनियमित नहीं किया गया है ;

(ख) क्या वे सरकारी कर्मचारियों पर लागू शर्तों से भिन्न हैं ; और

(ग) यदि हां, तो उन्हें सेवा की सुरक्षा तथा सरकारी कर्मचारियों को सामान्य रूप में मिलने वाली अन्य सुविधायें देने के लिये क्या कार्यवाही करने का सरकार का विचार है ?

प्रधान मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) से (ग) : भारतीय सांख्यिकीय संस्थान स्वायतशासी संस्था है जिसका पंजीकरण समिति पंजीयन अधिनियम 1860 के अन्तर्गत हुआ है और इसकी व्यवस्था का उत्तरदायित्व इसकी परिषद् पर है। इस इकाई से सम्बद्ध कर्मचारियों की सेवा की शर्तों का नियमन संस्थान के स्थायी आदेशों द्वारा होता है।

कृषकों के लिये रोजगार

6288. **श्री नाथूराम अहिरवार** :

क्या **प्रधान** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या योजना आयोग ने राज्य सरकारों को निदेश दिया है कि वे कृषकों तथा उनके बच्चों को रोजगार नहीं दे ; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

प्रधान मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

मद्रास में छात्र सेना दल का प्रशिक्षण

6289. **श्री यशपाल सिंह** :

क्या **प्रतिरक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मद्रास सरकार ने शिक्षा संस्थाओं में छात्र सेना दल के प्रशिक्षण को पुनः चालू करने के बारे में अन्तिम निर्णय कर लिया है; और

(ख) यदि नहीं, तो इस बारे में क्या वैकल्पिक व्यवस्था करने पर विचार किया जा रहा है ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में उप मन्त्री (श्री म रं० कृष्ण) :

(क) अभी तक नहीं।

(ख) मद्रास सरकार द्वारा उठाई गई बातें विचाराधीन हैं।

सैनिक संतुलन

6290. **श्रीमती सुशीला रोहतगी :** **श्री वेणी शंकर शर्मा**

क्या **प्रतिरक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लन्दन स्थित सामरिक अध्ययन संस्था द्वारा सेना सन्तुलन के बारे में हाल में किये गये अध्ययन से मालूम हुआ है कि पाकिस्तान ने ऐसा वातावरण बना दिया है कि भारत पाकिस्तान की तुलना में प्रतिरक्षा पर अधिक धन व्यय कर रहा है;

(ख) क्या इससे यह भी पता चलता है कि पाकिस्तान ने अपनी वायु सेना की आक्रमण तथा प्रतिरक्षा दोनों प्रकार से युद्ध-क्षमता बढ़ा ली है; और

(ग) यदि हां, तो पाकिस्तान द्वारा अपनी सैनिक शक्ति बढ़ाये जाने के कारण, सरकार का विचार प्रतिरक्षा पर अपना खर्च बढ़ाने का है ?

प्रतिरक्षा मन्त्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) "सैनिक संतुलन" में यह दिखाया गया है कि पाकिस्तान प्रतिरक्षा पर भारत में 2.5 डालर की तुलना में प्रति वर्ष 4 डालर प्रति व्यक्ति खर्च कर रहा है और पाकिस्तान में प्रतिरक्षा व्यय सकल राष्ट्रीय उत्पाद का 3.6 प्रतिशत है जबकि भारत में यह 3.3 प्रतिशत है । पाकिस्तान का वास्तविक व्यय बहुत अधिक है क्योंकि पाकिस्तान ने अपने प्रकाशित प्रतिरक्षा बजट में जान बूझ कर सारा प्रतिरक्षा व्यय नहीं दिखाया है ।

(ख) इस प्रकाशन में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान की सेना की संख्या 2,78,350 से बढ़कर 3,20,000 हो गई है तथा लड़ाकू विमानों के दस्तों (स्क्वैड्रन) की संख्या 11 से बढ़कर 14 हो गई है । पाकिस्तानी सेना के जमाव के बारे में जानकारी माननीय सदस्यों को परिचालित की गई प्रतिरक्षा मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्टों में दी जा चुकी है ।

(ग) अपनी तैयारी की स्थिति का निर्धारण करने में पाकिस्तान की बढ़ी हुई सैन्य शक्ति को ध्यान में रखा गया है और इस पर भी प्रतिरक्षा व्यय आधारित है ।

छोटे समाचार पत्र सम्बन्धी जांच समिति

6291. **श्री लोबो प्रभु :**

क्या **सूचना तथा प्रसारण** मंत्री 26 जून, 1967 के तारांकित प्रश्न संख्या 726 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने छोटे समाचार-पत्र जांच समिति के प्रतिवेदन की शेष सिफारिशों पर इस बीच निर्णय ले लिया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या ;

(ग) यदि नहीं, तो उन पर निर्णय लेने के बिलम्ब के क्या कारण है ;

(घ) क्या सरकार ने समिति की इस सिफारिश को अस्वीकार कर दिया है कि 50 ग्राम अथवा उससे कम भार वाले समाचार पत्रों को केवल एक पैसे का डाक टिकट लगाना चाहिए ; और

(ङ) यदि हां, तो इसके क्या कारण है ?

सूचना तथा प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) : (क) से (ग) : समिति की 145 सिफारिशों पर लिये गये निर्णयों का विवरण निम्न प्रकार सदन की मेज पर रख दिया गया था :

27-3-67	30 सिफारिश
26-6-67	81 सिफारिशें
12-8-67	34 सिफारिश

(घ) **और** (ङ) : डाक और तार विभाग का विचार है कि भारत में ये रियायती दर संसार में सब से कम हैं और इस विभाग को पहले ही इस प्रकार की श्रेणी को डाक को भेजने पर प्रतिवर्ष 2.36 करोड रुपयों का घाटा हो रहा है । उन्होंने इस सिफारिश को मानने में अपनी असमर्थता प्रकट की है ।

वर्ष 1922 में गांधी जी पर मुकदमा चलने से सम्बन्धित चलचित्र

6292. **श्री जार्ज फरनेन्डीज :**

क्या **सूचना तथा प्रसारण** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात सरकार ने गांधी जी पर 1922 में मुकदमा चलाये जाने से सम्बन्धित एक चलचित्र तैयार किया है ;

(ख) क्या उस चलचित्र को लिखित वस्तु (स्क्रिप्ट) और समीक्षा को भारत सरकार ने अनुमोदन दिया था ; और

(ग) क्या सरकार का विचार इस समीक्षा के पाठ की एक प्रति सभा पटल पर रखने का है ?

सूचना तथा प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) : (क) जी, हां ।

(ख) जी, नहीं । यह जरूरी नहीं था ।

(ग) फिल्म की समीक्षा के पाठ की एक प्रति जो गुजरात सरकार ने सप्लाई की है, सदन* की मेज पर रख दी गई है ।

(पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 1940/68)

भारतीय सेनाओं द्वारा सिक्कम-चीन सीमा के उल्लंघन के बारे में चीन का आरोप

6293. **श्री क० प्र० सिंह देव :**

क्या **वैदेशिक-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पाकिस्तान के विदेश मन्त्री की प्रमुख चीनी नेताओं के साथ वार्ता के अवसर पर हाल ही के चीनी प्रसारणों की ओर, जिनमें यह आरोप लगा कर कि, भारतीय सेनाओं ने सिक्कम-चीन सीमा का उल्लंघन किया है, और वायुसीमा का उल्लंघन किया है, भारत के विरुद्ध प्रचार तीव्र कर दिया गया है सरकार का ध्यान दिलाया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

*अंग्रेजी उत्तर के साथ देखें ।

प्रधान मन्त्री, अणु शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक कार्य मन्त्री (श्रीमती इंदिरा गाँधी) : (क) जी हां।

(ख) चीन सरकार ने भारत द्वारा सीमा उल्लंघन और वायुसीमा अतिक्रमण के जो दोष लगाये हैं उन्हें भारत सरकार 18 जून 1968 की प्रेस विज्ञप्ति में पहले ही अस्वीकार कर चुकी हैं।

लंका से शेख अब्दुल्ला को निमंत्रण

6294. **श्री क० प्र० सिंह देव :** **श्री रामचंद्र बोरप्पा :**

क्या **वैदेशिक-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि लंका की इस्लामी सोशलिस्ट फ्रंट ने शेख अब्दुल्ला को लंका में होने वाले अपने सम्मेलन में भाग लेने के लिये आमंत्रित किया है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस फ्रंट ने भारत पाकिस्तान युद्ध के समय भारत की निन्दा की थी तथा पाकिस्तान का समर्थन किया था ;

(ग) यदि हाँ, तो क्या सरकार का शेख को फिर पारपत्र जारी करने का विचार है, जिसे पहले रद्द कर दिया गया था, ताकि वह सम्मेलन में भाग लेने के लिये लंका जा सके ; और

(घ) यदि हाँ, तो उसके क्या कारण हैं ?

प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) सरकार को कोई जानकारी नहीं है परन्तु उसने अखबारों में इस आशय की खबरें देखी हैं।

(ख) जी हां।

(ग) शेख अब्दुल्ला ने श्रीलंका जाने के लिए पासपोर्ट के लिये आवेदन नहीं किया है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

खाद्य निरीक्षण संगठन में प्राप्त नमूनों का विश्लेषण

6295. **श्री एंथोस :** **श्री ई० के० नायनार**
श्री विश्वनाथ मेनन **श्री चक्रपाणी :**

क्या **प्रतिरक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1962-63 में ठेकेदारों द्वारा, टेंडर मंजूर होने पर या सप्लाई क्रयादेशों पर भेजी गई वस्तुओं में से खाद्य निरीक्षण संगठन को सशस्त्र सेनाओं के विभिन्न डिपुओं से कुल कितने नमूने प्राप्त हुए; और

(ख) यदि हां, तो कितनी किस्मों के नमूनों का विश्लेषण अधिकारियों द्वारा स्वतन्त्र रूप से किया गया और कितनी का वैज्ञानिक सहायकों द्वारा ?

प्रतिरक्षा मन्त्री (श्री स्वर्ण सिंह) (क) 1967 में लगभग 33,000 और 1968 के पहले सात महीनों में लगभग 25,000 नमूने प्राप्त हुए और उनका विश्लेषण किया गया।।

(ख) सामान्यत: नमूनों का विश्लेषण तकनीकी अधिकारियों के निर्देशन, पर्यवेक्षण तथा

नियन्त्रण में वैज्ञानिक सहायकों द्वारा किया जाता है। कुछ मामलों में तकनीकी अधिकारी स्वतंत्र रूप से पुनः जांच करते हैं। तकनीकी अधिकारियों द्वारा इस प्रकार की गई जांच का कोई रिकार्ड नहीं रखा जाता है। प्रत्येक नमूने के विश्लेषण को तकनीकी अधिकारी के हस्ताक्षरों से प्रमाणित किया जाता है।

भारतीय वायु सेना के अन्दमान जाने वाले कूरियर विमान में स्थान

6296. **श्री गणेश घोष :** **श्री ई० के० नायनार :**
श्री चक्रपाणि : **श्री प० गोपालन :**
श्री नम्बियार : **श्री उमानाथ :**
श्री मुहम्मद इस्माइल :

क्या **प्रतिरक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मुख्य भूमि से अन्दमान जाने वाले वायु सेना के डाक वाहक कुरियर विमान में गैर सरकारी व्यक्तियों को स्थान देने की व्यवस्था है; और

(ख) यदि नहीं, तो डाक वाहक विमान में स्थान पाने के लिये क्या विशेष आधार होने चाहिये ?

प्रतिरक्षा मन्त्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रत्येक मामले पर सरकार द्वारा स्थिति के आधार पर विचार किया जाता है और यदि ठीक समझा जाये, तो विशेष मंजूरी दी जाती है।

नेपाल से कुछ किस्म के कच्चे माल का आयात

6297. **श्री लोबो प्रभु :**

क्या **वैदेशिक कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नेपाल स्थित हमारे राजदूत से कोई ऐसी रिपोर्ट मिली है कि भारतीय उद्योग-पति कुछ किस्मों के कच्चे-माल के शुल्क-मुक्त आयात का लाभ उठाने के लिये नेपाल में अपने कारोबार जमा रहे हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि कुछ मामलों में कच्चे माल का उत्पादन नेपाली बाजार की आवश्यकता से अधिक है और वर्तमान करार के अन्तर्गत उसका भारत को निर्यात किया जाता है;

(ग) नेपाल में तथा भारत में नायलोन और स्टेनलैस स्टील के तुलनात्मक मूल्य क्या-क्या हैं; और

(घ) क्या मूल्यों के इस अन्तर को समाप्त करने के लिये आयात शुल्क लगाने का सरकार का विचार है ?

प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी : (क) से (घ) : सूचनाएं एकत्र की जा रही हैं और प्राप्त होते ही सदन की मेज पर रख दी जायेंगी।

अकालग्रस्त क्षत्रों में अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा लोगों के लिये गये फोटोग्राफ

6298. **श्री कार्तिक उराव :**

क्या **सूचना तथा प्रसारण मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1966 और 1967 में बिहार में पालामऊ जिले के अकालग्रस्त क्षेत्रों में आपातकालिक खाद्य व्यवस्था कार्यक्रम के अन्तर्गत काम करते समय "यूनिसेफ, केयर तथा रेड त्रास" जैसे अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों ने अमरीका तथा अन्य देशों में दिखाने के लिये भारत के लाखों हताश नग्न तथा भूखे व्यक्तियों के फोटो खींचे थे; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

सूचना तथा प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) : (क) और (ख) सरकार को इसकी कोई सूचना नहीं थी कि सहायता कार्य में लगे किसी अन्तर्राष्ट्रीय संगठन ने 1966 और 1967 में बिहार में सूखे की स्थिति के चित्र लिए हों। तथापि, सरकार के ध्यान में यह बात आई कि कुछ विदेशी स्वंयसेवी संगठनों ने विदेशों में ऐसे चित्र प्रदर्शित किए जो आपत्तिजनक थे। अपने दूतावासों को सही तथ्य भेजने के लिये कह दिया गया।

आयुध कारखानों में ए० एम० आई० ई० अर्हता प्राप्त व्यक्ति

6299. **श्री अ० सिं० सहगल :**

क्या **प्रतिरक्षा मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे तथा सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में काम करने वाले इन्जीनियरों के डिपलोमा धारी व्यक्तियों के वेतन में या तो वार्षिक वृद्धि जोड़ दी जाती है अथवा उन्हें ए० एम० आई० ई० की परीक्षा पास करने पर पदोन्नत कर दिया जाता है;

(ख) क्या यह भी सच है कि आयुध कारखानों में काम करने वाले व्यक्तियों को न तो वार्षिक वृद्धि दी जाती है और न ही उन्हें इस प्रकार पदोन्नत किया जाता है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) इस मामले में क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) से (घ) : अपेक्षित जानकारी इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ?

उत्तर प्रदेश के वाराणसी और गोरखपुर संभागों में जनसंख्या का घनत्व

6300. **श्री राजदेव सिंह :**

क्या **प्रधान मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वाराणसी और गोरखपुर संभागों के जिलों में अथवा इन संभागों के किसी एक जिले में प्रति वर्ग मील में संसार में सबसे अधिक देहाती जनसंख्या है ;

(ख) यदि हां, तो प्रति वर्ग मील के वास्तविक आंकड़े क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि इन दोनों डिवीजनों के जिलों में प्रति व्यक्ति भूमि का क्षेत्रफल न्यूनतम है, और

(घ) यदि उपर्युक्त भाग (क) और (ख) के उत्तर स्वीकारात्मक हों, तो क्या इसका सीधा सम्बन्ध प्रति व्यक्ति न्यूनतम आय से है ?

प्रधान मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) जी, नहीं। 1961 की जनगणना के अनुसार भारत में ग्यारह ऐसे जिले हैं जिनमें वाराणसी और गोरखपुर संभागों के जिलों से अधिक देहाती जनसंख्या का घनत्व है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

पाकिस्तान द्वारा गुरद्वारों पर नियंत्रण किया जाना

6301. **श्री कंवर लाल गुप्ता :** **श्री यशपाल सिंह :**
श्री यज्ञदत्त शर्मा : **श्रीमती निर्लेप कौर :**
श्री ओंकार लाल बेरवा : **श्री ओम प्रकाश त्यागी :**

क्या **वैदेशिक-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पाकिस्तान सरकार ने पाकिस्तान में कुछ गुरुद्वारों को अपने अधिकार में ले लिया है; और

(ख) यदि हां, तो गुरुद्वारों को उनके नियंत्रण से मुक्त करवाने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गाँधी): (क) और (ख) सरकार को यह मालूम है कि पाकिस्तान में गुरुद्वारे जैसी धार्मिक संस्थाओं को एक बोर्ड के नियंत्रण के अधीन रख दिया गया है जिसको पाकिस्तान सरकार ने 1960 में प्रवर्तित "धर्मार्थ, धार्मिक अथवा शिक्षा संबंधी न्यासों अथवा संस्थाओं से संबद्ध संपत्तियों के प्रबंध एवं निपटान की योजना" के अंतर्गत स्थापित किया था। सितम्बर 1967 में, सरकार को यह भी ज्ञात हुआ कि पाकिस्तान सरकार के वक्फ विभाग ने गुरुद्वारा डेरा साहिब और गुरुद्वारा ननकाना साहिब से दानपात्रों को उठा लिया और उनके स्थान पर अपने ही दान पात्र रख दिए। कुछ हाल के समाचारों के अनुसार पाकिस्तान में दो प्रमुख गुरुद्वारों के भारतीय सेवादारों को बाहर निकाल दिया गया है।

भारत सरकार ने पाकिस्तान सरकार से कई बार यह कहा है कि वह 1960 में प्रवर्तित "धर्मार्थ, धार्मिक अथवा शिक्षा सम्बन्ध न्यासों अथवा संस्थाओं से संबद्ध संपत्तियों के प्रबन्ध एवं निपटान की योजना" में संशोधन करे, परन्तु वे हमारे अनुरोध से सहमत नहीं हुए हैं। जहां तक दानपात्रों को हटाने का संबंध है, पाकिस्तान सरकार ने हमको सूचित किया है कि पाकिस्तान में गैर मुस्लिम धर्मस्थानों के परिरक्षण एवं देखरेख का दायित्व पाकिस्तान सरकार द्वारा स्थापित निष्क्रांत संपत्ति न्यास बोर्ड पर है भारतीय सेवादारों को बाहर निकालने के प्रश्न को भी पाकिस्तान सरकार के साथ उठाया गया। इस्लामाबाद में हमारे हाई कमीशन को उन्होंने सूचित किया है कि इस बात में कोई सच्चाई नहीं है कि भारतीय सेवादारों को पाकिस्तान से निष्कासित करने के लिए पाकिस्तानी अधिकारियों की ओर से कोई तथाकथित पूर्वनिर्धारित योजना थी।

Retirement of Three Service-Chiefs

6302. **Shri K. M. Madhukar** : Will the Minister of **Defence** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the term of office of all the three Service Chiefs is coming to an end by next year ;

(b) whether it is also a fact that Government propose to frame new rules for the selection of new service Chiefs ; and

(c) whether it is likely to affect the selection adversely and whether Government are vigilant towards the likely repercussions thereof ?

The Minister of Defence (Shri Swaran Singh) : (a) The normal tenures of the present Chiefs of the Army, Naval and Air Staff, are due to expire in 1969.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

"ब्रह्मचारी" तथा "शिकार" चलचित्रों चुम्बन

6303. **श्री काशी नाथ पाण्डेय :**

क्या **सूचना तथा प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या "ब्रह्मचारी" तथा "शिकार" फिल्मों में जिनको एक महीना पहले प्रदर्शन के लिये अनुमति दी गई थी; चुम्बन के तथा अश्लील और अशिष्ट दृश्य हैं;

(ख) यदि हां, तो केन्द्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड ने चुम्बन तथा अन्य अनुचित दृश्यों को "यूनिवर्सल" प्रदर्शन के लिये किन कारणों से पास किया; और

(ग) क्या सरकार का विचार उक्त फिल्मों पर प्रतिबन्ध लगाने अथवा उनका पुनः "सेंसर" करने का है ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) और (ख) : इन दो फिल्मों में न तो चुम्बन के दृश्य है न ही ऐसे दृश्य है जो केन्द्रीय फिल्म सेन्सर बोर्ड द्वारा सेन्सरशिप नियमों के अनुसार अश्लील तथा अशिष्ट समझे जांए ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

कुछ फिल्मों के प्रदर्शन के लिए अनुमति देना

6305. **श्री काणी नाथ पान्डेय :**

क्या **सूचना तथा प्रसारण मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड ने निम्नलिखित फिल्मों को प्रदर्शन के लिए अनुमति दे दी है (एक) नायक (दो) छट्टी (तीन) फर्ज (चार) ब्रम्हचारी (पांच) परिवार (छः) तकदीर (सात) आदमी (आठ) झुकगया आसमान (नौ) कहीं दिन कहीं रात (दस) नाइट इन लन्दन (ग्यारह) शिकार, (बारह) ऐन ईवनिंग इन पेरिस, जो भारतीय चलचित्र निर्माताओं द्वारा प्रदर्शन के लिये बनाई गई हैं;

(ख) यदि हां, तो किन राज्यों में इन फिल्मों का प्रदर्शन हो रहा है तथा क्या किसी राज्य ने उपरोक्त किसी-किसी फिल्म के प्रदर्शन पर प्रतिबन्ध लगाया है;

(ग) यदि हां, तो उस फिल्म का नाम क्या है;

(घ) क्या किसी राज्य में उपरोक्त किसी फिल्म को मनोरंजन कर से छूट दी गई है; और

(ङ) यदि हाँ, तो उस फिल्म का नाम क्या है ?

सूचना तथा प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह): (क) से (ङ) तक : सूचना राज्य सरकारों/संघ प्रशासित क्षेत्रों से एकत्र की जा रही है और शीघ्र ही सभा पटल पर रख दी जाएगी।

पाकिस्तान से 'युद्ध न करने की सन्धि' की पेशकश

6306. **श्री श्रीचन्द गोयल** :

क्या **वैदेशिक-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हाल में पाकिस्तान से युद्ध न करने की सन्धि करने की कोई पेशकश की है; और

(ख) यदि हां, तो उसके बारे में यदि पाकिस्तान की कोई प्रतिक्रिया है, तो क्या ?

प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) जी हां। 15 अगस्त, 1968 को प्रधान मन्त्री ने पाकिस्तान से फिर इस बात की अपील की कि वह दोनों देशों के बीच युद्ध-नहीं संधि के भारत के पुराने प्रस्ताव पर विचार करे।

(ख) पाकिस्तान के अखबारों में और रेडियो की प्रतिक्रिया तो प्रतिकूल रही है, लेकिन पाकिस्तान सरकार की प्रतिक्रिया मालूम नहीं है।

प्रतिरक्षा केन्द्र के रूप में चण्डीगढ़ का विकास

6307. **श्री श्रीचंद गोयल** :

क्या प्रतिरक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चंडीगढ़ की सामरिक और भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए उसका एक महत्वपूर्ण प्रतिरक्षा केन्द्र के रूप में विकास करने के हेतु सरकार ने क्या कार्यवाही की है; और

(ख) चंडीगढ़ छावनी का विकास करने के लिए यदि कोई कार्यवाही की गई है, तो क्या ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) और (ख) चण्डीगढ़ में सैनिक केन्द्र का उपयुक्त विकास किया जा रहा है। ब्यौरा देना लोकहित में नहीं है।

हवाई अड्डे के रूप में चण्डीगढ़ का विकास

6308. **श्री श्रीचन्द गोयल** :

क्या **प्रतिरक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि चण्डीगढ़ की भौगोलिक स्थिति तथा सामरिक महत्व को ध्यान में रखते हुए उसका विमान केन्द्र के रूप में विकास करने के लिये सरकार ने यदि कोई कार्यवाही की है, तो क्या ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : भारतीय वायु सेना के सभी प्रकार के विमानों के जाने-आने के लिए चण्डीगढ़ हवाई अड्डे का विकास किया जा चुका है।

Government Advertisement for 'Modern Times' published for Bulandshahr

6309. **Shri Onkar Lal Berwa** : Will the Minister of **Information and Broadcasting** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the weekly 'Modern Times' published from Bulandshahar, had been approved for getting advertisements from Government and Municipal Committees before completing the period fixed therefor ;

(b) whether it is also a fact that the editor of the said newspaper has neither submitted any affidavit as required under the rules nor fulfilled other conditions laid down in this regard ;

(c) whether it is further a fact that said newspaper is not brought out regularly ; and

(d) if so, the reasons for which the said weekly has been approved for being given advertisements ?

The Minister of Information and Broadcasting (**Shri K. K. Shah**) : (a) to (d) The publisher of 'Modern Times' has not approached the Directorate of Advertising and Visual Publicity for advertisements.

As regards part (b) and advertisements released by the State Government and Municipal Committees, who are free to pursue their own policy, information is being collected and will be laid on the Table of the House shortly.

According to the records of the Registrar of Newspapers for India, the weekly commenced publication on 25th December, 1967. So far copies of 20 issues have been received in that office.

पूर्वी अफ्रीका के देशों से गुजरातियों का वापस स्वदेश लौटना

6310. **श्री प्र० न० सोलंकी :**

क्या **वैदेशिक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूर्वी अफ्रीकी देशों से वापस स्वदेश आने वाले गुजरातियों को बसाने के लिए गुजरात सरकार को कितनी सहायता दी गई है ;

(ख) क्या उनको बसाने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है अथवा केन्द्रीय सरकार इसके लिये जिम्मेदार है ;

(ग) यदि हाँ, तो उन्हें व्यापार तथा अन्य सुविधायें देने के लिये अब तक क्या कार्यवाही की गई है ; और

(घ) क्या उनकी सम्पत्ति सुरक्षित है अथवा पूर्वी अफ्रीका देशों में उन्हें अपनी सम्पत्ति से वंचित किया गया है ?

प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) :

(क) : जो भारत मूलक व्यक्ति भारत में स्थायी रूप से बसने के लिए पूर्व अफ्रीकी देशों से लौटते हैं उनको संबंधित सरकारों की ओर से यह इजाजत होती है कि वे अपनी बचतों को भी स्वदेश ला सकें। यहां पहुँचने पर भारत सरकार उनको आयकार और सीमाशुल्क में उदारता पूर्वक रियायतें भी देती है। इसलिए सरकारी लागत पर उनके पुनर्वास का प्रश्न ही नहीं उठता।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) : जंजीबार को छोड़कर, बाकी अन्य किसी भी पूर्व अफ्रीकी देश में भारतीय संपत्ति को जब्त नहीं किया गया है ।

Danapur Cantonment Board

6311. **Shri Ramavatar Shastri** : Will the **Minister of Defence** be pleased to state :

(a) whether the salaries to the employees of the Danapur Cantonment Board, Bihar are paid on a fixed day in a month ;

(b) if not, the reasons therefor ; and

(c) the steps proposed to be taken by Government to ensure that the salaries of these employees are paid on the fixed date in future ?

The Minister of State (Defence Production) in the Ministry of Defence (Shri L. N. Mishra) : (a) to (c) : The salaries of the Dinapur Cantonment Board employees have been paid on the prescribed dates, except in respect of May, June and July 1968 where there was some delay on account of the non-availability of adequate funds with the Cantonment Board mainly as a result of delay in realisation of Cantonment dues. Instructions have been issued to the Cantonment on the 26th August 1968 to ensure that disbursement of salaries is made on the prescribed dates.

पश्चिम बंगाल में दिखाई गई विदेशी फिल्में

6312. **श्री जुगल मन्डल** :

क्या **सूचना तथा प्रसारण** मन्त्री यह बताने का कृपा करग कि :

(क) जनवरी से जुलाई 1968 की अवधि में पश्चिम बंगाल के सिनेमा घरों में कितनी और कौन-कौन सी विदेशी फिल्में दिखाई गई हैं;

(ख) इन विदेशी फिल्मों को भारत में आयात करने वालों के नाम क्या हैं ; और

(ग) सैन्सर अधिकारी ने कितने मामलों में इन फिल्मों को दिखाने की अनुमति नहीं दी थी, और उन फिल्मों के नाम क्या हैं?

सूचना तथा प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) : (क) से (घ) तक : सूचना एकत्र की जा रही है और शीघ्र ही सदन की मेज पर रख दी जाएगी ।

Clash of Army Personnel with Jhonpri dwellers near Poona

6313. **Shri S. M. Joshi** : Will the Minister of **Defence** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the army personnel of the Dunkirk Lines Unit near Yarwada Jail, Poona clashed with their neighbouring Jhonpri dwellers in the first week of June, 1968 ;

(b) if so, the reasons therefor ;

(c) whether it is also a fact that the main cause of the clash was teasing of a woman putting up in the Jhonpri by some army personnel ?

(d) whether it is further a fact that on being rebuked by the villagers, the said army personnel brought forty to fifty of their colleagues from the military lines, beat the

residents of that colony and the people gathered there for marriage ceremony. put off the lights in the Mandap and also beat the women, children and animals and looted the property ;

(e) whether Government have looked into the said incident ; and

(f) if so, the action taken on the findings ?

The Minister of Defence (Shri Swaran Singh) : (a) to (f) : A Court of Inquiry has been ordered to investigate the incident and its proceedings are awaited.

Population in Nagaland

6314. **Shri J. B. Singh** : Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) the area and population of Nagaland ; and

(b) the number of Hindus and Christians separately among the population of Nagaland ; and

(c) whether it is a fact that there is no Hindu Naga among the rebel Nagas of Nagaland and all the rebel Nagas there are Christians ?

The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) : (a) The State of Nagaland has an area of 16,488 square kilometres and its population according to the 1961 census was 369,200.

(b) **and** (c) : According to the census of 1961 about 53% of the population in Nagaland was Christian and the rest professed their ancestral Naga faiths. In this connexion, attention of the Hon'ble Member is invited to the reply given on 4th December, 1967 to Lok Sabha Starred Question No. 427.

Development of Nagaland

6315. **Shri Bansh Narain Singh** : Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) the amount of grant given for the development of Nagaland during the Third Five Year Plan ;

(b) whether it is a fact that a major portion of this amount was spent on Christian Nagas and the amount spent on Hindu Nagas was proportionately less ; and

(c) if not, the total amount spent on Christian and Hinnu Nagas, separately ?

The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) : An amount of Rs. 10.78 crores was spent in Nagaland on development programmes during the Third Five Year Plan.

(b) **and** (c) : In accordance with the provisions of the Constitution which enjoins the pursuit of a secular policy by the Government of India and the Governments of the States no distinction is made on grounds of religion in disbursing public funds. The only weightage as authorised by the Constitution is given to socially and educationally backward classes of citizens or for Scheduled Castes and the Scheduled tribes and in this context the entire population of the State of Nagaland is treated as deserving of special consideration.

Elections in Nagaland

6316. **Shri Bansh Narain Singh** : Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that during elections, Christian Naga leaders force the Hindu Nagas to cast Votes in their favour ; and

(b) if so, the steps Government propose to take to ensure free and fearless elections in Nagaland ?

The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) : (a) Government are not aware of any group of Nagas known as 'HINDU' Nagas. According to the 1961 Census 53% of the population of the State of Nagaland was Christian while the rest professed their ancestral beliefs. General elections in the State were held in 1964 and bye-elections in 1966. Government are not aware of any complaints of the type referred to by the Hon'ble member having been preferred by any one in the State. The elections in Nagaland, as elsewhere in the country, are conducted under the supervision of the Election Commission.

(b) Does not arise.

Financial and Social position of Christians in Nagaland

6317. **Shri Bansh Narain Singh** : Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the financial and social condition of the Christian people of Nagaland is much better than that of Hindus ; and

(b) if so, the reasons therefor ?

The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi): (a) and (b) Government are not aware of the existence in Nagaland of any group or class known as 'HINDU' Nagas. According to the 1961 Census, 53% of the population was Christian while the rest professed their ancestral faith. As the Constitution prohibits any discrimination by the State on grounds of religion, no statistics are maintained along these lines.

Rights of Hindus in Nagaland

6318. **Shri T. P. Shah** : Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that majority of people in Nagaland are Hindu Nagas, who are deprived of all types of Government favours ;

(b) whether it is also a fact that the Naga rebellion is actually the rebellion by those Christian Nagas, who are in minority in Nagaland and are challenging the integrity of India through foreign aid and foreign missionaries ;

(c) if so, whether Government propose to ask all the foreign missionaries in the interest of the country to leave Nagaland ; and

(d) if not, the reasons therefor ?

The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) : (a) According to the Census of 1961, about 53% of the population in Nagaland is Christian. The rest profess their ancestral Naga beliefs.

(b) There are Christians who are peace loving and some who are violent. It would be incorrect to give a religious colour to the unlawful activities of a section of the Nagas.

(c) and (d) According to information available with the Government, there are not more than seven foreign missionary teachers, all of them women, in two schools at Kohima

and Mokokchung. They are there with the consent of the State Government and are said to be rendering useful service. There have been no complaints from any quarter regarding their behaviour or activities which are confined to teaching children.

Reorganisation of Army

6319. **Shri Om Prakash Tyagi** : Will the Minister of **Defence** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government propose to reorganise the Army from the national point of view by abolishing its organisation based on caste and regional considerations ;

(b) if so, whether the concurrence of the high Army Officers and experts has also been obtained before taking such a decision ;

(c) whether it is apprehended that this reorganisation would have adverse affect on the capacity of fighting forces of the Army ; and

(d) if so, the steps proposed to be taken by Government to counter the aforesaid apprehension ?

The Minister of Defence (**Shri Swaran Singh**) : (a) to (d) The policy of reorganising the Army units, which prior to Independence were based on uncalled for distinctions, so as to remove the same, has been in force now for quite some time and gradual reorganisation has been going on for many years. Due care is taken to ensure that the change does not affect the fighting efficiency of the Army.

'सुकनय' नामक स्टीमर का जमीन में धंस जाना

6320. **श्री महन्त दिग्विजय नाथ :** **श्रीमती बी० राधाबाई :**

क्या **प्रतिरक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मई, 1968 के दूसरे सप्ताह में गुन्टूर जिले में निजाम-पत्तनम् के निकट 'सुकनय' स्टीमर जमीन में धंस गया था ।

(ख) यदि हाँ, तो क्या उसके सभी कर्मचारी बचा लिये गये थे ; और

(ग) इस जहाज को कितनी क्षति पहुँची ?

प्रतिरक्षा मन्त्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) जी, हाँ ।

(ख) जी, हाँ ।

(ग) जहाज को निकालने के बाद ही इसका अनुमान लगाया जा सकेगा ।

अन्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह को भारतीय वायु सेना की कूरियर सेवा में आरक्षण सुविधाएं

6321. **श्री नायनार :** **श्री उमानाथ :**
श्री प० गोपालन :

क्या **प्रतिरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को अन्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में कुछ व्यक्तियों को भारतीय वायु सेना की कूरियर सेवा में आरक्षण सुविधाओं को समाप्त करने के बारे में लोक निर्माण विभाग कर्मचारी संघ, कार निकोबार से कोई अभ्यावेदन मिला है ; और

(ख) यदि हाँ, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

प्रतिरक्षा मन्त्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता ।

सूचना और प्रसारण मन्त्री द्वारा यात्रा भत्ते तथा दैनिक भत्ते के रूप में प्राप्त की गई धनराशि

6322. **श्री जार्ज फरनेन्डीज** :

क्या **सूचना तथा प्रसारण** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि मन्त्रिमण्डल का सदस्य बनने के समय से अब तक उनके बम्बई के दौरों पर उन्होंने यात्रा भत्ते तथा दैनिक भत्ते के रूप में कुल कितनी राशि प्राप्त की है ?

सूचना तथा प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) : मन्त्रि मण्डल का सदस्य बनाने के समय से 19 जुलाई, 1968 तक मैंने अपने दौरे पर यात्रा भत्ते तथा दैनिक भत्ते के रूप में 4,182 रुपये 90 पैसे का क्लेम किया । इसमें वह रकम शामिल नहीं है जो मेरी हवाई जहाज यात्रा के लिये भारतीय वायु निगम को दी गई । यह रकम 20,840 रुपये है । इसमें रेल का किराया भी है जिसके बारे में रेलवे अधिकारियों से अभी तक डैबिट प्राप्त नहीं हुए हैं ।

Impounding of Ships in Suez Canal

6323. **Shri Yashwant Singh Kushwah**: Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the fifteen Indian ships impounded in Suez Canal during the Arab-Israel conflict fourteen months ago have not so far been released and the goods loaded therein have also not been handed over to India ; and

(b) if so, the reaction of Government thereto particularly after waiting for such a long time ?

The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) : (a) and (b) No **Indian** ship has been impounded in the Suez Canal during the Arab-Israeli conflict. There are 16 ships, 2 belonging to the United States, 4 to the U.K., 2 to Sweden, 2 to West Germany, 2 to Poland, 1 to France, 1 to Bulgaria, 1 to Czechoslovakia and 1 to the U.A.R., stranded in the Canal at present. Only one ship namely the 'Observer' has a full cargo, consisting of 27,400 tons of milo meant for India, coming from the U.S.A. under P.L. 480. Three ships are empty while 11 have mixed cargo, some of which is meant for India. An agreement has recently been signed with the United Arab Republic under which the milo on the 'Observer' will be sold to the U.A.R.

Praga Tools Ltd.

6323-A. **Shri Atal Bihari Vajpayee**: **Shri Bharat Singh Chauhan**:

Will the Minister of **Defence** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that although full amount was realised from the Praga Tools Ltd., many years ago, the commercial agent Batliboi has not supplied machines worth several lakhs of rupees so far ;

(b) whether Germany has received the value of this machinery and whether it has sent the machinery ; and

(c) the names of officers and employees who have been found guilty of making payment without obtaining the machinery and the action taken against them so far ?

The Minister of State in the Ministry of Defence (Shri L. N. Mishra) : (a) There has been no such instance.

(b) Praga Tools has not ordered machines from Germany through M/s Batliboi.

(c) Does not arise.

Parliamentary Government in Nagaland

6323-B. **Shri Shiv Kumar Shastri** : Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether Naga hostiles have proposed that if Parliamentary Government is established in Nagaland, they would withdraw their Opposition ; and

(b) if so, the broad details thereof and whether Government propose to accept it?

The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) : (a) and (b) No, Sir. Nagaland State already has a Parliamentary system of Government as exists throughout the country under provisions of the Constitution. No offer of the type referred to by the Hon'ble member could therefore have been made.

सभा-पटल पर रखे गये पत्र
PAPERS LAID ON THE TABLE

समाचार पत्र रजिस्ट्रार का वार्षिक प्रतिवेदन (भाग 1)

सूचना तथा प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) : मैं भारत में प्रेस के बारे में भारत के समाचार पत्र रजिस्ट्रार के 196 के वार्षिक प्रतिवेदन (भाग 1) की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूँ ।

[पुस्तकालय में रखी गई । देखिए संख्या एल० टी० 1932/68]

सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति सम्बन्धी समिति
COMMITTEE ON ABSENCE OF MEMBERS FROM THE SITTINGS OF THE HOUSE

कार्यवाही सारांश

श्री तिरुमल राव (काकिनाडा) : मैं सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति सम्बन्धी समिति की चालू सत्र के दौरान हुई सातवीं बैठक का कार्यवाही-सारांश सभापटल पर रखता हूँ ।

राज्य सभा से सन्देश
MESSAGE FROM RAJYA SABHA

सचिव : श्रीमान मुझे राज्य सभा के सचिव से प्राप्त निम्नलिखित सन्देशों की सूचना सभा को देनी है :

(एक) कि राज्य सभा ने अपनी 26 अगस्त, 1968 की बैठक में लोक-सभा की इस सिफारिश से सहमति प्रकट की है कि पेटेंट विधेयक, 1967 सम्बन्धी दोनों सभाओं

की संयुक्त समिति में राज्य सभा सहयोजित हो और उक्त संयुक्त समिति में कार्य करने के लिए राज्य सभा के निम्नलिखित सदस्यों को नामनिर्दिष्ट किया है :—

(1) श्री एम० के० वेशम्पायन
(2) श्री कृष्ण कान्त
(3) श्री आर० पी० खैतान
(4) श्री अर्जुन अरोड़ा
(5) श्री टी० वी० आनन्दन
(6) श्री ओम मेहता
(7) श्री के० वी० रघुनाथ रेड्डी
(8) श्री पीताम्बर दास
(9) श्री डाह्याभाई वी० पटेल
(10) श्री गोडे मुराहरि
(11) श्री जी० अच्युत मैनन

(दो) कि लोक-सभा द्वारा 13 अगस्त, 1968 को पास किये गये भारतीय पेटेंट तथा डिजाइन (संशोधन) विधेयक, 1968 से राज्य सभा अपनी 26 अगस्त, 1968 की बैठक में बिना किसी संशोधन के सहमत हो गई है।

(तीन) कि लोक-सभा द्वारा 22 अगस्त, 1968 को पास किये गये विनियोग (रेलवे) संख्या 3 विधेयक, 1968 के बारे में राज्य सभा को लोक-सभा से कोई सिफारिश नहीं करनी है।

(चार) कि लोक-सभा द्वारा 22 अगस्त, 1968 को पास किये गये विनियाग (रेलवे) संख्या 4 विधेयक, 1968 के बारे में राज्य सभा को लोक-सभा से कोई सिफारिश नहीं करनी है।

———

सभा की बैठकों से सदस्यों को अनुपस्थिति की अनुमति
LEAVE OF ABSENCE OF MEMBERS FROM SITTINGS OF THE HOUSE

अध्यक्ष महोदय : निम्नलिखित सदस्यों को प्रत्येक के सामने दिखाई गई अवधि के लिये सभा की बैठकों से अनुपस्थिति की अनुमति दी गई :—

(1) रानी ललिता राज्य लक्ष्मी	13 अप्रैल से 3 मई, 1968 (चौथा सत्र)
(2) श्री ए० ई० टी० बैरो	22 जुलाई से 14 अगस्त, 1968 (पांचवां सत्र)
(3) श्री मुरासोली मारन	22 जुलाई से 30 अगस्त, 1968 (पांचवां सत्र)
(4) श्री कमलनयन बजाज	22 जुलाई से 14 अगस्त, 1968 (पांचवां सत्र)
(5) महारानी विजयमाला राजाराम छत्रपति भौंसले	16 अप्रैल से 10 मई, 1968 (चौथा सत्र) और 22 जुलाई से 14 अगस्त, 1968 (पांचवां सत्र)
(6) श्री कन्सारी हाल्दर	24 जुलाई से 26 अगस्त, 1968 (पांचवां सत्र)
(7) श्री नि० चं० चटर्जी	22 जुलाई से 30 अगस्त, 1968 (पांचवां सत्र)

गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBER'S BILLS AND RESOLUTIONS

सैंतीसवां प्रतिवेदन

श्री र० के० खाडिलकर (खेड) : मैं गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति का सैंतीसवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूँ।

प्राक्कलन समिति

ESTIMATES COMMITEE

छप्पनवां प्रतिवेदन

श्री पें० वेंकटासुब्बया (नन्दयाल) : मैं गृह-कार्य मन्त्रालय–सार्वजनिक सेवाओं-के बारे में प्राक्कलन समिति (तीसरी लोक सभा) के 93वें प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही के बारे में प्राक्कलन समिति का 56वां प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूँ।

निदेश संख्या 115 के अन्तर्गत सदस्य द्वारा वक्तव्य तथा मन्त्री का उत्तर

STATEMENT BY MEMBERS UNDER DIRECTION 115 AND MINISTER'S REPLY THERE TO

Shri Kanwar Lal Gupta (Delhi Sadar) : In reply to a question in my name and in the name of Shri Rabi Ray on 7th August 1968, the Deputy Minister, Shri Surendra Pal Singh gave a wrong statement.

In his reply the Minister had stated that they had written to the 'Observer' a letter contradicting what appeared in their paper dated 10th June, 1968 but the paper has not published the statement.

However, 'Observer' in its issue dated 11-8-68 contradicted this statement of the Government and stated that the Indian High Commissioner in London had confirmed that no such letter was sent to the 'Observer'. In the same issue the paper published a letter received thereafter.

It is, therefore, clear that the Minister has wilfully made a wrong statement. He should be asked to correct his statement.

वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में उपमन्त्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह) : मेरा सभा को गुमराह करने का कोई इरादा नहीं था। उत्तर देते समय मेरे मन में उस पत्र का भारत विरोधी दृष्टिकोण था। उसने हमारे कई पत्रों, तारों तथा इंडिया वीकली में दी गई सूचना पर कोई ध्यान नहीं दिया। इस सभा में मेरे उत्तर देने के बाद ही उसने पहली बार हमारे लांक सम्पर्क अधिकारी का वक्तव्य छापा था।

आशा है कि इससे यह गलतफहमी दूर हो जायेगी।

पंजाब राज्य विधान मण्डल (शक्तियों का प्रत्यायोजन) विधेयक
PUNJAB STATE LEGISLATURE (DELEGATION OF POWERS) BILL

गृह-कार्य मन्त्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : मैं प्रस्ताव करता हूँ कि पंजाब राज्य के विधान मण्डल की विधियां बनाने की शक्ति राष्ट्रपति को प्रदान करने वाले विधेयक को पेश करने की अनुमति दी जाय।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि पंजाब राज्य के विधान मण्डल की विधियां बनाने की शक्ति राष्ट्रपति का प्रदान करने वाले विधेयक को पेश करने की अनुमति दी जाय।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The motion was adopted.

श्री यशवन्तराव चव्हाण : मैं विधेयक पुरः स्थापित करता हूँ।

विदेश विवाह विधेयक के बारे में (नियम) 388 के अन्तर्गत प्रस्ताव
MOTION UNDER RULE 388 IN RESPECT OF FOREIGN MARRIAGE BILL

विधि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद यूनस सलीम) : मैं प्रस्ताव करता हूँ :

"कि विदेश विवाह विधेयक, 1963 को संयुक्त समिति को सौंपने के लिए राज्य सभा की सिफारिश से सहमति के लिए प्रस्ताव पर, जो लोक-सभा द्वारा 13 अगस्त, 1968 को पास किया गया था, लोक-सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियमों के नियम 338 का लागू होना निलम्बित किया जाये।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

" कि विदेश विवाह विधेयक, 1963 को संयुक्त समिति को सौंपने के लिए राज्य सभा की सिफारिश से सहमति के लिए प्रस्ताव पर, जो लोक-सभा द्वारा 13 अगस्त, 1968 को पास किया गया था, लोक-सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियमों के नियम 338 का लागू होना निलम्बित किया जाये।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The motion was adopted

विदेश विवाह विधेयक सम्बन्धी संयुक्त समिति के बारे में प्रस्ताव
MOTION RE : JOINT COMMITTEE ON FOREIGN MARRIAGE BILL

विधि मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री मुहम्मद यूनस सलीम) : मैं प्रस्ताव करता हूँ :

"कि विदेश विवाह विधेयक, 1963 को संयुक्त समिति को सौंपने के लिए राज्य सभा की सिफारिश से सहमति के लिए प्रस्ताव पर लोक-सभा द्वारा 13 अगस्त, 1968 को किया गया निर्णय विखण्डित किया जाय।"

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विदेश विवाह विधेयक, 1963 को संयुक्त समिति को सौंपने के लिए राज्य सभा की

सिफारिश से सहमति के लिए प्रस्ताव पर लोक-सभा द्वारा 13 अगस्त, 1968 को किया गया निर्णय विखण्डित किया जाय।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted.

श्री मुहम्मद यूनस सलीम : मैं प्रस्ताव करता हूँ :

"(एक) कि विदेश विवाह विधेयक, 1963 को संयुक्त समिति को सौंपने के लिए राज्य सभा की सिफारिश से सहमति के लिए लोकसभा में 13 अगस्त, 1968 को पेश किये गए प्रस्ताव में निम्नलिखित संशोधन किये जायें :—

(क) 'श्री सी० एम० कृष्ण' के स्थान पर 'श्री एस० एम० कृष्ण' रखिये।

(ख) 'श्री लषण लाल कपूर' के स्थान पर 'श्री लखन लाल गुप्ता' रखिये; और

(दो) कि विदेश विवाह विधेयक, 1963 को संयुक्त समिति को सौंपने के लिए राज्य सभा की सिफारिश से सहमति के लिए उक्त प्रस्ताव, संशोधित रूप में, पास किया जाय।"

श्री हेम बरुआ (मंगलदाई) : इस बात का क्या कारण है कि श्री एस० एम० कृष्ण के स्थान पर श्री सी० एम० कृष्ण रखा गया है और श्री लखन लाल गुप्ता के नाम के स्थान पर श्री लखन लाल कपूर रखा गया है।

अध्यक्ष महोदय : शायद यह मुद्रण की अथवा कोई ऐसी ही गलती है।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : निसन्देह यह गलती जान बूझ कर नहीं की गई है बल्कि यह अदक्षता का प्रतीक है।

श्री अब्दुल गनीदार (गुड़गांव) : मैं संशोधन संख्या 1 से 4 प्रस्तुत करता हूँ।

It is within the competence of this Government to patronise whom they like since they are in a majority, but a name which has been included in the Joint select committee should not be changed. They should first decide amongst themselves whom they have to accommodate.

श्री श्री निवास मिश्र (कटक) : किसी मद पर निर्णय किये जाने के बाद उस निर्णय को समाप्त किया जा रहा है।

श्री मुहम्मद यूनस सलीम : मैं श्री अब्दुल गनीदार के संशोधन का पूर्ण विरोध करता हूँ। श्री श्रीनिवास मिश्र द्वारा उठाये गये प्रश्न के सम्बन्ध में मुझे यह कहना है कि पहले पारित प्रस्ताव को समाप्त किया जा चुका है और अब मैं मामूली संशोधन के साथ एक और प्रस्ताव रखता हूँ।

श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी : श्री एस० एम० कृष्णा के मामले में तो इसे गलती का सुधार माना जा सकता है क्योंकि इस सदन में श्री कृष्णा एक ही सदस्य का नाम है परन्तु दूसरे मामले में तो नाम बदलना है। ऐसा कैसे हो सकता है।

श्री मुहम्मद यूनस सलीम : हम श्री लाखन लाल गुप्त का नाम ही रखना चाहते थे। गलती से श्री कपूर का नाम छप गया है।

श्री श्रीनिवास मिश्र : एक प्रस्ताव स्वीकार किये जाने के बाद कोई और प्रस्ताव नहीं रखा जा सकता। यदि मंत्री महोदय ऐसा चाहते हैं, तो उन्हें प्रस्ताव परिचालित करना होगा।

श्री पी० राममूर्ति (मदुरै) : नियम 338 निलम्बित कर दिया गया है। उन्हें नया प्रस्ताव लाना चाहिये।

अध्यक्ष महोदय : यदि माननीय सदस्य नियमों के आधार पर आपत्ति कर रहे हैं तो इसे कल लिया जा सकता है। मेरा विचार था कि सभा का समय क्यों खराब किया जाये और इसे आज ही स्वीकृति दे दी जाये।

श्री प्र० के० देव : यह एक बुरा उदाहरण होगा कि एक माननीय सदस्य को जिसे पहले चुना जा चुका है किसी आधार पर हटा दिया जाये।

अध्यक्ष महोदय : माननीय मंत्री इसे कल पेश करें।

श्री मुहम्मद यूनस सलीम : यदि आपका यही निर्णय है तो ऐसा ही किया जायेगा।

पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति की उद्घोषणा को जारी रखने सम्बन्धी सांविधिक संकल्प (जारी)

STATUTORY RESOLUTION RE : CONTINUANCE OF PRESIDENT'S PROCLAMATION IN RESPECT OF WEST BENGAL--CONTD.

[उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए
Mr. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : मैं आज केवल एक बात पर ही बोलना चाहता हूँ और वह पश्चिमी बंगाल में खाद्य स्थिति और अत्यावश्यक वस्तुओं की सप्लाई के बारे में है। गत दो वर्षों में बार बार यह आरोप लगाया गया है कि केन्द्रीय सरकार का रुख संयुक्त मोर्चे की सरकार के प्रति सहानुभूतिपूर्ण नहीं रहा है और वह पश्चिम बंगाल के लिये आवश्यक अनाज नहीं भेज रही है जिसके परिणामस्वरूप वहाँ की राज्य सरकार लोगों को पर्याप्त मात्रा में राशन नहीं दे पाती और कानूनी राशन व्यवस्था ठीक तरह से काम नहीं कर रही है। मैं कुछ आंकड़े यहां पर रखना चाहता हूँ जिनसे यह स्पष्ट हो जायेगा कि ऐसी स्थिति वहां पर कैसे थी और राष्ट्रपति शासन लागू करने के बाद वह कैसे सुधर गई। पहली अवधि में राज्य के अन्दर राज्य द्वारा 626000 मीट्रिक टन चावल खरीदा गया था जबकि 22 फरवरी से 4 जुलाई 1968 की तत्सम्बन्धी अवधि में केवल 103000 मीट्रिक टन चावल खरीदा गया। इस अन्तर के कारण ही ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई थी।

इसे कैसे हल किया गया ? अतिरिक्त सप्लाई भेज कर नहीं अपितु राज्य के अन्दर वसूली का काम तेज करके और ठीक तरह से वसूली करके इस कमी को दूर किया गया। राष्ट्रपति शासन लागू किये जाने के बाद कानूनी राशन व्यवस्था को ठीक किया गया और अन्य कई क्षेत्रों में भी उसे लागू किया गया। पहले राशन व्यवस्था का लाभ 86 लाख व्यक्तियों और राशन की संशोधित योजना का लाभ 122 लाख व्यक्तियों को ही उपलब्ध किया गया था। राष्ट्रपति शासन के बाद राशन की संशोधित योजना को इस वर्ष जून के अन्त तक 236 लाख व्यक्तियों पर लागू किया गया। इसके अतिरिक्त हम राशन की मात्रा में भी वृद्धि करने में सफल हुए। पहले राशन की मात्रा 1.75 किलो थी जिसे बढ़ा कर 2 किलो कर दिया गया। इसमें चावल की जो मात्रा थी उसे भी 500 ग्राम से बढ़ा कर 750 ग्राम कर दिया गया। मैं यह सब इसलिये बता रहा हूँ कि वहां पर राष्ट्रपति शासन से स्थिति में सुधार हुआ है और प्रशासन को भी कार्यकुशल बनाया गया है। इन सब बातों से यह स्पष्ट हो जायगा कि केन्द्र पर लगाए गये आरोप निराधार हैं।

राष्ट्रपति शासन के बाद राज्य में अनाज के ही नहीं अपितु अन्य अत्यावश्यक वस्तुओं के दाम भी गिर गये हैं।

मेरा माननीय सदस्यों से निवेदन है कि उन्हें इस मामले में राजनीति को नहीं लाना चाहिये। मैं यह सिद्ध करने की कोशिश नहीं कर रहा हूँ कि संयुक्त मोर्चा सरकार ने कुछ नहीं किया है। मैं तो यह बता रहा हूँ कि राष्ट्रपति शासन से वहां के लोगों को लाभ पहुँचा है। मैं यह सब कुछ राष्ट्रपति शासन को न्यायोचित ठहराने के लिये नहीं कह रहा हूँ। हम तो चाहते हैं कि यह जल्दी से जल्दी समाप्त हो जाये।

इन तथ्यों को दृष्टि में रखते हुए कि इन छै महीनों में वहाँ पर चुनाव नहीं किये जा सकते माननीय सदस्य हमारी मजबूरी को समझेंगे और इस प्रस्ताव को अपना समर्थन प्रदान करेंगे।

उपाध्यक्ष महोदय : जो माननीय सदस्य कल अपने संशोधन प्रस्तुत नहीं कर सके वे अब प्रस्तुत कर सकते हैं।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : मैं अपना संशोधन संख्या 1 प्रस्तुत करता हूँ।

श्रीमती इला पाल चौधरी (कृष्णनगर) : मैं अपना संशोधन संख्या 5 प्रस्तुत करती हूँ।

डा० रानेन सेन (बारसाट) : मैं श्री शुक्ल के प्रस्ताव का विरोध करता हूँ और श्री बनर्जी के संशोधन का समर्थन करता हूँ। राष्ट्रपति शासन का आशय यही है कि केन्द्र के परामर्श से अफसरशाही का शासन चले और अफसरशाही लोक प्रिय सरकार का विकल्प नहीं बन सकती। यह एक तथ्य है कि पिछले कुछ महीनों से पश्चिमी बंगाल में कोई उत्तरदायी सरकार नहीं है।

मैं इस बारे में विस्तार में नहीं जाना चाहता कि पश्चिमी बंगाल में संयुक्त मोर्चा सरकार निहित स्वार्थों के इशारे पर किस तरह से समाप्त की गई। सीधी सी बात यह है कि राष्ट्रपति शासन की अवधि अग्रेतर छह महीने बढ़ाने के इस प्रस्ताव से यह स्पष्ट हो जाता है कि भारत सरकार की नीयत अच्छी नहीं है। वहां पर जल्दी से जल्दी चुनाव कराये जाने चाहियें।

मंत्री महोदय ने कहा है कि राष्ट्रपति शासन के लागू किये जाने के बाद वहाँ पर उन्हें औद्योगिक सम्बन्ध सुधारने में सफलता मिली है। केवल 10 कारखाने दोबारा चालू हुए हैं और इन दस कारखानों में काम करने वाले कर्मचारियों की कुल संख्या 1000 से अधिक नहीं है। मैं यह अच्छी तरह जानता हूँ क्योंकि मैं उसी क्षेत्र से जिसमें ये कारखाने स्थित हैं गत दस वर्षों से विधान सभा के लिये चुना जाता रहा हूँ।

जूट मिल मालिकों के संघ ने श्री हाथी के इस सुझाव को मानने से साफ इन्कार कर दिया है कि जूट उद्योग को कम से कम 1 जनवरी 1968 से छमाही की बजाये प्रत्येक तीन मास के बाद कर्मचारियों के महंगाई भत्ते का पुनरीक्षण करना चाहिये। ऐसे अन्य उदाहरण भी है जिनमें न तो मिल मालिक और न ही पश्चिम बंगाल सरकार कर्मचारी संघों की मांगें मानने के लिये राजी हुई है।

कोयला खान मालिक कोयला खान मजदूर सभा के बड़े-बड़े नेताओं को मार डालने की धमकी दे रहे हैं। वहाँ पर वही गुन्डाराज जारी है। क्या मैं जान सकता हूँ कि सरकार इस बारे में क्या कर रही है ?

स्टैन्डर्ड बैगन कम्पनी, बर्नपुर में तालाबन्दी हुई और यह समझौता हुआ कि एक मध्यस्थ अपना पंचाट देगा। परन्तु कम्पनी उसके पंचाट को, मानने से इन्कार कर रही है। राज्य तथा केन्द्रीय सरकार से इस बारे में अभ्यावेदन किया गया है परन्तु कोई भी कुछ कहने के लिये तैयार नहीं है क्योंकि यह बड़े उद्योगपतियों से सम्बन्धित है।

मैं एक और उदाहरण देता हूँ, प्रबन्धकों के अनुसार भारतीय तेल निगम में कुछ गड़बड़ हुई। परन्तु उसके कारण सरकारी क्षेत्र के इस निगम की यूनियन के 10 कार्यकर्ताओं को बर्खास्त कर दिया गया। कर्मचारी यह सब सहन करने के लिये तैयार नहीं हैं। इसका कुछ संकेत भी मिल चुका है। अभी हाल में सारे बंगाल में इंजीनियरी, जूट तथा कपड़ा उद्योगों के कर्मचारियों ने हड़-ताल की थी।

श्री शुक्ल शांति तथा व्यवस्था की स्थिति के बारे में बहुत बढ़-चढ़ कर बता रहे थे जबकि राज्य सरकार की रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में अपराध बढ़ गये हैं। कलकत्ता की एक सबसे अधिक चहल पहल वाली सड़क पर डाक की एक गाड़ी को लूट लिया गया और अपराधी चार लाख रुपये लेकर चम्पत हो गये, परन्तु पुलिस उन अपराधियों का पता नहीं लगा सकी है। यह उनके लिये बड़ी शर्म की बात है। सीमा सुरक्षा पुलिस के आदमियों ने एक औरत के साथ छेड़खानी की और जब लोगों ने इसका विरोध किया तो इन पुलिस वालों ने गोली चला दी जिससे 3 व्यक्ति मारे गये। मैं जानना चाहता हूँ कि इस मामले में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

पश्चिमी बंगाल में बाढ़ के कारण लगभग 30,000 एकड़ भूमि में पानी भर गया है। हमें आज ही पता चला है कि राज्य सरकार ने राहत कार्यों के लिये 14 करोड़ रुपये मांगे हैं। उन्हें अधिक राशि की मांग करनी चाहिये थी। पर यह बड़ी शर्म की बात है कि केन्द्र ने उन्हें अभी तक केवल एक करोड़ रुपया ही दिया है।

वहां पर राष्ट्रपति शासन केवल तीन महीने के लिये ही बढ़ाया जाये और जल्दी से जल्दी चुनाव कराये जायें।

इसके पश्चात् लोक सभा मध्यान्ह भोजन के लिये दो बजे म० प० तक के लिये स्थगित हुई।

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.

मध्यान्ह भोजन के पश्चात् लोक सभा दो बजे म० प० पर पुनः समवेत हुई।

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at Fourteen of the Clock.

[**उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए।**
MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

श्री कृष्ण कुमार चटर्जी (हावड़ा): मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूँ। यह प्रस्ताव ठीक समय पर ही नहीं लाया गया है अपितु यह वास्तविकता पर भी आधारित है। संयुक्त मोर्चा सरकार द्वारा सत्ता के दुरुपयोग के कारण वहां की जनता को जो भारी धक्का पहुँचा है उससे उभरने के लिये उसे कुछ समय अवश्य ही दिया जाना चाहिये। संयुक्त मोर्चा सरकार के श्रम मन्त्री द्वारा संचालित और प्रोत्साहित घेरावों तथा हड़तालों से औद्योगिक उपक्रम पूर्णतया नष्ट

कर दिये गये हैं। सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों द्वारा संचालित विद्यार्थियों की अशांति से शिक्षा संस्थाओं की व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गई है। इसलिये राष्ट्रपति शासन कम से कम छः मास तक जारी रखना बहुत आवश्यक है। यदि इसे इससे पहले समाप्त किया जायेगा तो वहां फिर से असाधारण स्थिति उत्पन्न हो जायेगी।

पश्चिम बंगाल में बाढ़ से जो भारी क्षति हुई है उसके कारण अधिकारियों तथा जनता को नवम्बर में होने वाले चुनावों के बारे में विचार करने के लिये समय नहीं मिल सकेगा। जब लगभग एक करोड़ व्यक्ति बाढ़ से पीड़ित हैं तो नवम्बर में चुनाव कैसे कराये जा सकते हैं। सामान्य स्थिति लाने के लिये राष्ट्रपति शासन को कायम रखना जरूरी हो गया है।

विपक्षी दल के मेरे माननीय मित्र ने कहा है कि संयुक्त मोर्चा सरकार के समय में राज्य में स्थिति सामान्य थी। परन्तु मैं कुछ उदाहरण देकर यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि उन्होंने जो कुछ कहा है वह सही नहीं है। संयुक्त मोर्चा सरकार के मुख्य मन्त्री संयुक्त मोर्चा सरकार के एक बड़े संघटक के विरुद्ध वक्तव्य जारी करते रहे हैं और जनता को बताते रहे हैं कि ऐसे दल के हाथों में राज्य को सौंपना खतरे से खाली नहीं है जो एक अन्य देश का हिमायती है और हमारे देश के विरुद्ध षड्यंत्र कर रहा है। सचिवालय में उप मुख्य मन्त्री के उकसाने पर कर्मचारियों ने मुख्य मन्त्री को गाली दी और उनपर हमला किया। भूमि तथा राजस्व मन्त्री ने जिलों का दौरा किया और लोगों को अराजकता फैलाने के लिये उकसाया। जिसका परिणाम नक्सलबाड़ी के दंगों के रूप में हमारे सामने आया।

इन सब बातों को दृष्टि में रखकर डा० पी० सी० घोष को जो संयुक्त मोर्चा सरकार में निर्दलीय सदस्य के रूप में भाग ले रहे थे एक वक्तव्य जारी करना पड़ा। मैं कह सकता हूँ कि एक देश भक्त के रूप में उन्होंने पश्चिम बंगाल राज्य को षड़यंत्रकारियों के पंजे से छुड़ाने की कोशिश की जो राज्य को विदेशियों को सौंपने वाले थे। राज्य वह स्थिति अधिक समय तक सहन नहीं कर सकता था। इसलिये एक सरकार बनाई गई। वह सरकार बहुसंख्यक सरकार थी क्योंकि उसे विधान सभा के अधिकांश सदस्यों का समर्थन प्राप्त था। उसने राज्य के हित में काम किया परन्तु कुछ समय बाद इन राजनीतिक दलों द्वारा षड़यंत्र रचे गये और वह अधिक दिनों तक नहीं चल सकी। परन्तु राज्यपाल ने राष्ट्रपति शासन की सिफारिश करके बहुत ही सराहनीय कार्य किया। राज्य की समस्याओं के दीर्घकालीन हल के लिये राज्यपाल को और अधिक समय दिया जाना चाहिये।

राज्य में समस्याएँ अभी भी मुंह खोले खड़ी है। बेकारी के प्रश्न को ही ले लीजिये। अभी भी 79 कारखाने बन्द हैं।

ऐसी स्थिति में नवम्बर में चुनावों की आशा करना असंभव है। मुझे बताया गया है कि निर्वाचन आयुक्त सितम्बर में राज्य का दौरा करेंगे और पता लगायेंगे कि नवम्बर में चुनाव कराये जा सकते हैं या नहीं। मुझे विश्वास है कि वह इसी निष्कर्ष पर पहुंचेगे कि नवम्बर में चुनाव नहीं कराये जा सकते।

अच्छा होता यदि मन्त्री महोदय राष्ट्रपति शासन की अवधि 6 महीने की बजाय एक वर्ष तक बढ़ाने के लिये प्रस्ताव लाते। इससे राज्य में जन जीवन सामान्य तथा सुरक्षित हो जायेगा।

राज्य के लोगों का बाढ़ से भारी क्षति पहुंची है। इसलिये राहत कार्यों के लिये राज्य को कम से कम 15 या 20 करोड़ रुपये की राशि दी जानी चाहिये।

इन सब बातों को दृष्टि में रखते हुए सभी माननीय सदस्यों को इस प्रस्ताव का समर्थन करना चाहिये।

श्री हुमायून कबिर (बसिरहाट) : में श्रीमती इला पालचौधरी और डा० रानेन सेन दोनों के संशोधनों का विरोध करता हूँ। मैं चाहता हूँ कि राष्ट्रपति का शासन कम से कम समय तक रहे। मैं श्रीमती इला पालचौधरी के संशोधन का विरोध इसलिये करता हूँ कि लोकतन्त्र में चाहे जितने दोष या कमियां हों फिर भी यह अब तक का सबसे अच्छा शासन तन्त्र है। यदि साम्यवादी जनता भी फिर से सत्तारूढ़ हो जाये-हालांकि ऐसा होने की कोई संभावना नहीं है तो मैं राष्ट्रपति शासन को जारी रखने से उसे बेहतर समझूंगा।

मैं डा० रानेन सेन के संशोधन का विरोध इसलिये करता हूँ कि वह वास्तविकता पर आधारित नहीं है। नवम्बर में चुनाव की बात करना बाढ़ से पीड़ित लोगों की दयनीय दशा का मजाक उड़ाना है। बाढ़ से भारी क्षति हुई है और सरकार को उन लोगों के पुनर्वास तथा उन्हें राहत पहुँचाने के काम में अपनी शक्ति लगानी चाहिये।

मैंने एक रिपोर्ट देखी है कि इस आरोप के समाधान के लिये कि लगभग 60-70 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र पानी में डूब जायेंगे और लोग अपने मत नहीं डाल सकेंगे, निर्वाचन आयोग प्रत्येक आधा मील पर एक मतदाता केन्द्र स्थापित करने की बात सोच सकता है। मैं हाल ही में मुर्शिदाबाद जिले का दौरा कर रहा था। कुछ ग्रामवासी मेरे पास आए और कहने लगे कि प्रत्येक आधा मील पर मतदाता केन्द्र स्थापित करने की बात करना तो आसान है परन्तु कीचड़ में 100 गज चलना भी कठिन है। नौकाओं के चलने के लिए पर्याप्त पानी नहीं होता है। दूसरी ओर भूमि इतनी सख्त नहीं होती कि उसपर बैल ठेला भी चल सके। पांव 6 से 9 इंच तक भूमि में धंस जाते हैं।

यदि चुनाव नवम्बर में कराये जाते हैं तो महिला मतदाता उसमें भाग नहीं ले सकेगी। मुझे विश्वास है कि मुख्य चुनाव आयुक्त का इरादा महिला मतदाताओं को मतदान के अधिकार से वंचित करना नहीं है। संविधान के अधीन चुनाव आयुक्त का यह कर्तव्य है कि वह इस बात को सुनिश्चित करे कि मतदाता अनुकूल परिस्थितियों में तथा बिना किसी बाधा के अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे।

यदि मुख्य चुनाव आयुक्त के सुझाव के अनुसार प्रत्येक आधे मील पर मतदान केन्द्र बनाये जाते हैं तो मेरे विचार पर इनमें यात्रा भत्ता, महंगाई भत्ता तथा अन्य सुविधाओं को जोड़ कर कुल 8 करोड़ रुपये व्यय आयेगा क्योंकि दो मील की दूरी पर मतदान केन्द्र बनाये गये थे तो इन पर कुल दो करोड़ रुपये व्यय हुआ था।

मैं इलापाल चौधरी के संशोधन करता हूँ कि राष्ट्रपति के शासन को आवश्यकता से एक दिन भी अधिक नहीं रखा जाना चाहिए। श्री रानेन सेन के संशोधन का मैंने इसलिए विरोध किया है कि परिस्थितियों को देखते हुए चुनाव नवम्बर में नहीं बल्कि अगले वर्ष फरवरी में कराये जाने चाहिए।

मैं इस बात से इन्कार नहीं करता कि वर्तमान सरकार ने स्थिति का सामना करने के भरसक प्रयत्न किये हैं। परन्तु अभी और बहुत कुछ किया जाना शेष है। मुझे जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा बताया गया है कि सभी जिलों से समान व्यवहार नहीं किया गया है। 24 परगना में उतना ही क्षेत्र बाढ़ ग्रस्त हुआ है जितना कि मिदनापुर में। जहां तक हुगली का सम्बन्ध है वहां पर सरकार की गति विधियों के कारण ही अधिकांश क्षेत्र में पानी भरा है। दामोदर घाटी परियोजना ने 8 बांधों का निर्माण नहीं किया है जैसा कि मूल योजना में सिफारिश की गई थी अपितु कुल 4 बाँध ही बनाये गये हैं। वनारोपण के कार्यक्रम को भी क्रियान्वित नहीं किया गया है जो कि कटाव रोकने के लिए अत्यावश्यक है। विभिन्न बांधों तथा जलाशयों के शीघ्र ही भर जाने का खतरा है और उसके फलस्वरूप पानी ऊपर से बहने लगेगा। अतः पानी के बहाव को नियमित करने के लिये सरकार को इस अवधि में कार्यवाही करनी चाहिए।

जब से सरकार ने जमींदारी समाप्त की है सरकार ने नदियां तथा नहरों की सफाई के लिये कोई कार्यवाही नहीं की है जिसके परिणाम स्वरूप उनमें गत 15 अथवा 16 वर्ष में पर्याप्त रेत भर गई है। सरकार को आगामी तीन अथवा चार महीनों में लोगों की कठिनाइयों को दूर करने पर जोर देना चाहिये।

Shri Shardanand (Sitapur): I rise on a point of order. No cabinet Minister is present in the House when the fate of Bengal is being discussed. Atleast one cabinet Minister should be present here.

उपाध्यक्ष महोदय : मैं आपका निवेदन उन तक पहुँचा दूँगा।

श्री समर गुह : (कल्टाई) पश्चिमी बंगाल इस समय दैवी प्रकोप का सामना कर रहा है और लोगों को अकथनीय कठिनाई उठानी पड़ रही है। मन्त्रिमण्डल के मंत्री को यहाँ पर उपस्थित रहना चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय : मैं उन तक आपकी बात पहुँचा दूँगा।

श्री विमलाकान्ति घोष (सीरामपुर) : मैं संकल्प का समर्थन करता हूँ। इस अवसर पर मैं सरकार का ध्यान पश्चिमी बंगाल की बाढ़ की स्थिति की ओर दिलाना चाहता हूँ। पश्चिमी बंगाल में हाल के वर्षों में यह सबसे गम्भीर दैवी प्रकोप हुआ है।

गत दो महीनों में पश्चिमी बंगाल में दो बार गम्भीर बाढ़ आ चुकी है। जून के अन्तिम भाग तथा जुलाई के आरम्भ में निरन्तर भारी वर्षा से पश्चिमी बंगाल के लगभग सभी जिलों में बुरा प्रभाव पड़ा है। अभी यह पानी उतरने नहीं पाया था कि अगस्त में फिर भारी वर्षा हो गई। अतः समूचा राज्य बाढ़ ग्रस्त है तथा मिदनापुर और हुगली जिलों में बाढ़ का अत्यधिक बुरा प्रभाव पड़ा है। लगभग आठ लाख एकड़ भूमि की फसल नष्ट हो गई हैं हजारों मकान या तो नष्ट हो गये हैं या उनको क्षति पहुँची है। पानी के कम होने के साथ-साथ अनेक मकान गिर रहे हैं। अभी क्षति का अनुमान लगाना सम्भव नहीं है।

हुगली में आराम बाग सब डिवीजन सहित 12 पुलिस स्टेशनों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। तीन लाख की जनसंख्या का लगभग 300 वर्ग मील क्षेत्र नष्ट हो गया है। लगभग 2000 मकानों को क्षति पहुँची है।

24 परगना में 15 पुलिस स्टेशनों के क्षेत्र पर बुरा प्रभाव पड़ा है। लगभग 6000 मकानों को क्षति पहुँची है और हजारों एकड़ भूमि में फसलें नष्ट हो गई है।

हावड़ा में 8 पुलिस स्टेशनों के लगभग 20,000 एकड़ क्षेत्र पर बुरा प्रभाव पड़ा है।

बाढ़ के कम होने के साथ सरकार को पुनर्वास का कार्य सुचारु ढंग से चलाना चाहिए।

बीज, पौधों तथा धन से सहायता करने का प्रत्येक सम्भव प्रयत्न किया जाना चाहिए। लाल फीता शाही कम से कम होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के पास कार्य नहीं है अतः उन्हें सहायता देने आदि के कार्य पर लगाया जाना चाहिए। जिन लोगों के मकान नष्ट हो गये हैं अथवा क्षति ग्रस्त हो गये हैं उनको उदारता पूर्वक सहायता दी जानी चाहिए ताकि वह पुनः मकान बना सकें।

लगान सहित सभी सरकारी बकाय राशियों को छोड़ दिया जाना चाहिए अथवा उनकी वसूली स्थगित कर दी जानी चाहिए। प्रभावित क्षेत्रों के विद्यार्थियों तथा वहां के लोगों के पुत्रों तथा पुत्रियों को विशेष रियायतें दी जानी चाहिए। पानी के निकास सम्बन्धी कार्यों को शीघ्र आरम्भ किया जाना चाहिए और निकासी संबंधी योजनाओं को चौथी पंचवर्षीय योजना में सम्मिलित किया जाना चाहिए।

इन बाढ़ों के कारण फरक्का का प्रश्न फिर महत्वपूर्ण हो गया है। इसको शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए।

श्री समर गुह : मैंने पहले ही कहा है कि पश्चिमी बंगाल पर एक अभूत पूर्व प्राकृतिक संकट आया है। पश्चिमी बंगाल के लोगों के समक्ष यह समस्या है कि राज्य के एक तिहाई लोगों को जिन कठिनाइयों का सामना है उनको किस प्रकार दूर किया जाये।

परन्तु इस कार्य में दो बाधायें हैं। एक बाधा नवम्बर में चुनाव की सम्भावना है। दूसरी बाधा केन्द्रीय सरकार द्वारा किये गये वित्तीय वादों की अनिश्चितता है। आज इस बात की आवश्यकता है कि पश्चिमी बंगाल के 18 में से जिन 14 जिलों में बाढ़ आई है उनमें सहायता तथा पुनर्वास कार्य पर पूरा ध्यान दिया जाये।

मैं चुनाव आयुक्त से अपील करूँगा कि वह बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में चुनाव व्यवस्था करने की व्यवहार्यता के पहलू से विचार न करें बल्कि वह इस समस्या पर मानवीय पहलू से विचार करें।

एक अन्य पहलू यह है कि पश्चिमी बंगाल सरकार में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में सहायता तथा पुनर्वास कार्य करने की न तो क्षमता है और न ही उसके पास साधन हैं। योजना आयोग ने एक अध्ययन दल नियुक्त किया है जो पश्चिमी बंगाल की यात्रा कर रहा है। मैं जानना चाहता हूँ कि क्या अन्य राज्यों के लिए भी ऐसा किया गया था। अतः मैं सरकार से निवेदन करूँगा कि वह पश्चिमी बंगाल सरकार के प्रतिवेदन पर कार्य करे और पश्चिमी बंगाल सरकार जो 14 करोड़ रुपये की मांग की है उसकी तुरन्त मन्जूरी दी जाये। क्या आप विश्वास करेंगे कि अब तक अर्थात तीन महीने बाद एक योजना बनाई गई है जिसके अनुसार सहायता कार्य के लिए 1.50 पैसे प्रति व्यक्ति तथा मकान बनाने के लिए 3 रुपये प्रति व्यक्ति देने का प्रस्ताव है। मेरा निवेदन है कि सरकार को सहायता देने में बिल्कुल भी बिलम्ब नहीं करना चाहिए।

कल पश्चिमी बंगाल के आई० जी० पुलिस ने बताया कि पाकिस्तान ने दिनाजपुर और

कूच बिहार के सामरिक महत्व के क्षेत्रों में पूर्वी पाकिस्तान राइफिलस के सैनिको अर्ध सैनिकों तथा नियमित सैनिकों का भारी जमाव कर दिया है। त्रिपुरा की सीमा के निकट भी सैनिक जमाव किया गया है। अतः मैं सरकार का ध्यान 15 दिन पहले चीन के साम्यवादी दल द्वारा पास किये तथा परिचालित किये गये एक परिपत्र जिस पर चाऊ एन लाई के हस्ताक्षर है, दिलाना चाहता हूँ। यह परिपत्र तिब्बत में चीनी सेनाओं को भेजा गया है। इसमें उनको सीमावर्ती घटनाओं के लिए तैयार रहने के आदेश दिये गये हैं। मैं जानना चाहता हूँ कि सरकार ने इस स्थिति का सामना करने के लिए क्या कार्यवाही की है।

पश्चिमी बंगाल में न्यायपालिका में एक गतिरोध उत्पन्न हो गया है। स्थिति यह है कि मुख्य न्यायाधिपति के न्यायालय का बहिष्कार किया जा रहा है तथा सत्याग्रह किया जा रहा है। वहाँ पर बैरिस्टरों तथा एडवोकेट्स के पृथक-पृथक संगठन हैं। भारत के किसी अन्य राज्य में इंग्लिश तथा इन्डियन बार में भेदभाव नहीं है। अतः एडवोकेट्स को बैरिस्टरों की बार असोसिशयेन का सदस्य बनने की अनुमति नहीं है। इस भेदभाव को दूर किया जाना चाहिए। दोनों संस्थाओं को मिलाकर एक किया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय में नियुक्ति के बारे में इन दोनों तथा सेवाओं में समानता रखी जानी चाहिए।

गत वर्ष भी दामोदर घाटी निगम के जलाशयों के कुप्रबन्ध के कारण बाढ़ आई थी और इस वर्ष भी ऐसा ही हुआ है। पश्चिमी बंगाल सरकार द्वारा दामोदर घाटी निगम के निर्माण कार्य की लागत तथा बाढ़ नियंत्रण की लागत का 60 प्रतिव्यय वहन किया गया था परन्तु फिर इस निगम में उनका कोई प्रतिनिधि नहीं है। अतः मेरा निवेदन है कि निगम में पश्चिमी बंगाल का एक प्रतिनिधि होना चाहिए जो राज्य का दृष्टिकोण पेश कर सके।

श्रीमती इला पाल चौधरी (कृष्णनगर) : मैं महसूस करती हूँ कि पश्चिमी बंगाल में संयुक्त मोर्चा सरकार के कुप्रभाव को दूर करने के लिए आगामी कुछ समय के लिए वहां पर राष्ट्रपति शासन लागू रहना चाहिए। राष्ट्रपति शासन तब लागू किया गया था जब वहां पर लोकतन्त्र शान्ति तथा विधि व्यवस्था की स्थिति भंग हो चुकी थी। अतः मेरे विचार में वहां कम से कम 6 महीने तक राष्ट्रपति का शासन जारी रहना चाहिए और यदि आवश्यक हो तो इसको और बढ़ाया जाना चाहिए।

हम भी चाहते हैं कि वहाँ पर लोकप्रिय सरकार हो। परन्तु परिस्थितयाँ ऐसी होनी चाहिए जिससे कि लोग किसी प्रकार के स्थायित्व के लिए अपने मत का प्रयोग कर सकें। लोग बाढ़ के कारण अपने मत का प्रयोग नहीं कर सकते। पश्चिमी बंगाल को बाढ़ की ऐसी गम्भीर स्थिति का सामना है जोकि गत 50 वर्षों में कभी उत्पन्न नहीं हुई। अतः लोगों को इन कठिनाइयों से छुटकारा दिलाने के प्रत्येक सम्भव प्रयत्न किया जाना चाहिए। पश्चिमी बंगाल सरकार ने सहायता कार्यों तथा पुनर्वास कार्यों के लिए 14 करोड़ रुपये की माँग की है। परन्तु यह कहते हुए मुझे खेद है कि अभी तक इस धन की मंजूरी नहीं दी गई है। मुझे विश्वास है कि इस धन की यथा सम्भव शीघ्र मंजूरी दी जायेगी क्योंकि सहायता कार्य तुरन्त करने की आवश्यकता है।

यह कहा गया है कि राज्यपाल के शासन के दौरान दस कारखाने खोले गये हैं। क्या मैं बता सकती हूँ कि संयुक्त मोर्चा सरकार के शासन के दौरान 200 से अधिक कारखाने बन्द हो गये थे। अनेक लोग बेरोजगार हो गये थे।

राष्ट्रपति के शासन के दौरान पश्चिमी बंगाल की विधि व्यवस्था में सुधार हुआ है और अभी कल ही छापे के दौरान बहुत सा गोला बारुद पकड़ा गया है। यह सभी हथियार समाज-विरोधी तत्वों के पास थे। संयुक्त मोर्चा सरकार ने इन पर कभी छापा मारने का प्रयास नहीं किया था।

पश्चिमी बंगाल के राज्यपाल ने बताया है कि वह 8 करोड़ रुपये का ऋण जारी करने वाले हैं। मुझे आशा है कि ऋण की इस राशि को परियोजनाओं की क्रियान्विति तथा सड़कों आदि की मरम्मत के लिये प्रयोग किया जायेगा। घनी जनसंख्या वाले क्षेत्रों में लघु उद्योग स्थापित करने के लिए भी इसका प्रयोग किया जाना चाहिए। नदिया के घनी जनसंख्या वाले एक क्षेत्र में कोई उद्योग नहीं है।

एक माननीय सदस्य ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने बोनगांव में एक महिला के साथ दुर्व्यवहार किया है। यदि यह सच है तो हम इस बात में सहमत है कि यह एक खेदजनक मामला है। परन्तु हमें उनके अच्छे कार्य की सराहना भी करनी चाहिए जबकि 30 पाकिस्तानी घुसपैठिये नादिया में घुस आये थे।

अन्त में मैं यह निवेदन करना चाहती हूँ कि यदि आवश्यक हो तो राष्ट्रपति के शासन की अवधि को और बढ़ा दिया जाना चाहिए और कि अगली सरकार बनाने में जल्दबाजी नहीं की जायेगी।

जहां तक दामोदर घाटी निगम का सम्बन्ध है 'तेन्नेस्स' घाटी विशेषज्ञ श्री बूरडयून ने कहा था कि 8 बांध बनाये जाने चाहिए परन्तु सरकार चार से अधिक नहीं बना सकी। पश्चिमी बंगाल में बाढ़ का यह सबसे बड़ा कारण है। अतः अगली योजना में क्रमबद्ध कार्यक्रम के अनुसार इन जलाशयों का कार्य शुरु किया जाना चाहिए। फरक्का परियोजना का कार्य भी शीघ्र पूरा किया जाना चाहिये।

कुछ शरणार्थियों को नादिया में बसाया गया है। परन्तु यहाँ पर प्रति वर्ष इतनी बाढ़ आती है कि उनके मकान नष्ट हो जाते हैं अतः मकानों के पुनर्निर्माण के लिए उन लोगों को ऋण लेना पड़ता है। सरकार को उन लोगों पर ऋण के भुगतान के लिए दबाव नहीं डालना चाहिए।

श्री पाशा भाई पटेल (बड़ोदा) : मेरा दल अर्थात स्वतन्त्रता पार्टी पश्चिमी बंगाल में शीघ्र चुनाव कराने के बिरुद्ध हैं। यह राष्ट्रपति शासन को जारी रखने का समर्थन करता है अन्यथा वहाँ पर वही स्थिति उत्पन्न हो जायेगी जो विधान मण्डल भंग करने के समय थी। राज्य की स्थिति में स्थायित्व लाने के लिए राष्ट्रपति के शासन को पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए।

जैसा कि हम सब जानते हैं कि संयुक्त मोर्चा सरकार के शासन काल में उद्योगों की स्थिति बहुत बिगड़ गई थी। मैं जानता हूँ कि अनेक लोग अपने उद्योगों को कलकत्ता से बाहर देश के अन्य भागों में ले जाना चाहते हैं। जब तक पश्चिमी बंगाल में एक अच्छी तथा स्थिर सरकार नहीं बन जाती कलकत्ता देश का प्रथम नगर नहीं कहला सकेगा।

कुछ माननीय मित्रों ने हत्याओं का उल्लेख किया है। मैं तथ्य तथा आँकड़े जानना चाहूँगा। मैने नहीं सुना कि किसी उद्योगपति ने किसी मजदूर की हत्या की हो।

केन्द्रीय सरकार ने बिहार, पंजाब और पश्चिमी बंगाल में शामिल होकर भारी भूल की है। मुझे आशा है कि कांग्रेस दल इन घटनाओं से सबक सीखेगा।

पश्चिमी बङ्गाल की वर्तमान स्थिति को देखते हुए वहाँ पर राष्ट्रपति शासन ही ठीक है और वहाँ पर राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाये जाने की मैं जोरदार शब्दों में समर्थन करता हूँ।

राष्ट्रपति शासन लागू होने से वहां पर कुछ स्थिरता आ गई है। यदि इसकी अवधि को कुछ और बढ़ा दिया जाये तो इससे स्थिति में कुछ और स्थिरता आ जायेगी और लोकतंत्रात्मक शक्तियों को काम करने का अवसर मिलेगा।

सरकार को दोनों साम्यवादी दलों पर रोक लगा देनी चाहिए। उनकी निष्ठा रूस के साथ है। अत: यदि सरकार अब इन पर रोक नहीं लगाती तो बाद में सरकार को पछताना पड़ेगा। सरकार को साहस से काम लेकर इन दोनों साम्यवादी दलों पर रोक लगा देनी चाहिए।

Shri Onkar Lal Bohra (Chittorgarh) : West Bengal is faced with a grave situation which has arisen due to heavy rains. Almost every year crops are destroyed in West Bengal due to floods and heavy rains. The Government should find out a permanent solution to this problem. Out of the 18 districts 14 districts are inundated and people are facing lot of hardships. We should help the people in all passible manner.

I fully support the resolution which seeks to extend the term of the President's rule in West Bengal for six months.

Law and Order situation has improved since the imposition of President's rule in West Bengal. During the period of United Front Government many untoward incidents such as Naxalbari happenings and gheraos were happening every day. Law and Order situation was deteriorated to such an extent that Government was forced to impose the President's rule there. Now the situation has improved and people are having a sigh of relief.

Elections should not be held in November as large number of people will not be able to exercise their franchise due to inundation. I would, therefore, request to reconsider this matter.

Unhealthy atmosphere of Calcutta should be wiped out and it should be converted into a beautiful city. More funds should be allotted to the Corporation if there is any dearth of money with the Corporation. The practice of pulling the rikshaws by individuals should be abolished.

श्री स्वतंत्र सिंह कोठारी (मंदसौर) : पश्चिमी बंगाल के लोगों को आज जीवन आवश्यकताएं अर्थात खाद्य, मकान और अनेक नागरिक सुविधायें उपलब्ध नहीं। पश्चिमी बंगाल की समस्याएं आधिक हैं। परन्तु सर्वप्रथम मैं पश्चिमी बंगाल की बाढ़ की समस्या का उल्लेख करना चाहता हूँ। सहायता कार्य किया जा रहा है परन्तु मैंने राज्यपाल को बताया था कि वह कार्य संतोषजनक नहीं है। स्वयं राज्यपाल ने हाल में इस बात को स्वीकार किया है कि जो कुछ सहायता कार्य किया जा रहा है वह संतोषजनक नहीं है। हमें बताया गया है कि पश्चिमी बंगाल सरकार ने सहायता कार्यों के लिए 14 करोड़ रुपये की मांग की है। परन्तु बहुत थोड़े धन की मंजूरी दी गई है। अत: सहायता की राशि को बढ़ाया जाना चाहिए। लाखों लोग बेघर हो गये हैं उनकी सम्पत्तियां नष्ट हो गई हैं। अत: उनको पर्याप्त सहायता दी जानी चाहिए।

हम आरम्भ से ही यह कह रहे हैं कि पश्चिमी बंगाल में चुनाव नवम्बर में नहीं बल्कि फरवरी में होने चाहिए। ऐसा इसलिए है क्यों कि अधिकांश जिलों में पानी भरा होगा और इस कारण अधिकांश मतदाता अपने मतों का प्रयोग नहीं कर सकेंगे। अत: चुनाव आयोग को

फरवरी में चुनाव कराने का निर्णय करना चाहिए। चुनाव के समय विधि व्यवस्था की स्थिति को बनाये रखा जाना चाहिए जिसमें कि लोग स्वतंत्रता से अपने मतों का प्रयोग कर सकें।

देश की अच्छी फसल को देखते हुए मैं कहना चाहता हूँ कि पश्चिमी बंगाल में चावल को छोड़ कर गेहूँ तथा अन्य खाद्यान्नों का राशन समाप्त कर दिया जाये। हरियाना और अन्य केन्द्रों में पर्याप्त गेहूँ पड़ा हुआ है। जहां तक चावल का प्रश्न है पता लगा है कि वसूली कार्य ठीक ढंग से चल रहा है परन्तु अन्य खाद्यान्नों में कुछ सुविधा दी जा सकती है।

गरीबी तथा बेरोजगारी की समस्या को बड़े, माध्यम तथा छोटे पैमाने के उद्योग स्थापित करके ही हल किया जा सकता है। परन्तु इसके लिए आवश्यक है कि राज्य में पूंजी लगाने के लिए उचित वातावरण उत्पन्न किया जाये यदि गैर-सरकारी क्षेत्र के लोग राज्य के औद्योगीकरण में हाथ नहीं बंटाना चाहते तो राज्य सरकार को यह कार्य अपने हाथ में लेना चाहिए। जहां तक सम्भव हो केन्द्रीय सरकार को इस कार्य में राज्य सरकार की सहायता करनी चाहिए। राज्य की आर्थिक समस्याओं का यह ही एक हल है।

यह बड़े खेद की बात है कि केन्द्रीय सरकार का औद्योगिक विकास मंत्रालय पश्चिमी बंगाल में उद्योग स्थापित करने सम्बन्धी आवेदन पत्रों के बारे में अच्छा खैया नहीं अपना रहा है। कई उद्योगपतियों द्वारा यह शिकायत की गई है। हल्दिया की स्कूटर तथा तेल शोधक कारखानों सम्बन्धी परियोजनाओं को स्थगित किया जा रहा है। पश्चिमी बंगाल में औद्योगीकरण की बहुत क्षमता है अतः इसका उचित ढंग से लाभ उठाया जाना चाहिए।

बेरोजगारी के बारे में मेरा कहना है कि शिक्षा प्रणाली का सुधार किया जाना चाहिए। हाई स्कूल की शिक्षा के पश्चात विद्यार्थियों को मेकेनिक, इन्जीनियर आदि बनने के लिए प्रोत्साहिन किया जाना चाहिए।

कलकत्ता में जीवन बीमा निगम, औद्योगिक वित्त निगम, यूनिट ट्रस्ट तथा अन्य संस्थाओं के मुख्यालय खोले जाने चाहिए। इन के मुख्यालय बम्बई अथवा दिल्ली में हैं। यह प्रवृत्ति अच्छी नहीं है। इसको रोका जाना चाहिए।

ऐसा समाचार मिला है कि कलकत्त को अन्तर्राष्ट्रीय विमान मार्ग से पृथक किया जा रहा है और कुछ अन्तर्राष्ट्रीय विमान कम्पनियों ने काठमण्डू से सीधे ढाका तक उड़ान भरने की अनुमति सरकार से माँगी है। सरकार को ऐसी अनुमति नहीं देनी चाहिए क्यों कि एक तो इससे कलकत्ता का महत्व कम हो जायेगा और इससे जो विदेशी मुद्रा की कमाई होती है वह नहीं होगी। यदि पर्यटकों को कुछ कठिनाइयां महसूस हो रही है तो उनको दूर करने के लिए कलकत्ता में उचित परिस्थितियां उत्पन्न की जा सकती हैं।

जहां तक दार्जिलिंग का सम्बन्ध है यह एक अच्छा पर्यटक केन्द्र है। वहां लगे सभी प्रतिबन्धों को हटा दिया जाना चाहिए ताकि पर्यटकों को वहां जाने में कोई कठिनाई न हो।

कलकत्ता की समस्याओं की उपेक्षा नहीं की जा सकती क्योंकि यह एक वाणिज्यिक केन्द्र है। यहां से चाय तथा पटसन का निर्यात होता है। चौथी पचंवर्षीय योजना में कलकत्ता के लिए कम से कम 100 करोड़ रुपये की राशि रखी जानी चाहिए जिससे कि नगर की विभिन्न समस्याओं को हल किया जा सके। हुगली पर एक अन्य पुल बनाये जाने की बहुत आवश्यकता है। लोगों

को नागरिक सुविधाएं उपलब्ध की जानी चाहिए। हम कलकत्ता में गैर कांग्रेसी तथा-गैर साम्यवादी सरकार चाहते हैं।

स्कूलों और कालेजों में दाखिला लेना मुश्किल है। इस समस्या को हल किया जाना चाहिए।

Shri Sheo Narain (Basti) : It is not possible to hold elections in West Bengal in November, because most of the areas will be inundated. People will not be able to cast their votes. I honestly feel that elections should not be held before February. Till then the term of the President's rule should be extended.

It is very essential to complete the Farrakka Barrage to save to this Calcutta Port, Government should complete this project quickly.

Floods have affected the large portions of the population including Harijans in West Bengal. I know the conditions of the poor Harijans and semi-starved farmers of the State. I would request the Government to help the poor people of the State in all possible manner.

Due to gheraos and strikes during the United Front's Government time a large number of factories have closed down. Several big factories are thinking of shifting outside Calcutta.

President's rule should not be extended beyond February. A Stable Government should be formed after the elections.

श्री गणेश घोष (कलकत्ता-दक्षिण): कलकत्ता में अभतपूर्व बाढ़ आई है जिससे लगभग एक करोड़ लोग प्रभावित हुए है। इस बात को राज्य सरकार ने भी स्वीकार किया है। इस बात को देखते हुए यह हास्यास्पद लगता है कि राज्य सरकार ने सहायता कार्यों पर केवल चार करोड़ रुपये व्यय किये है।

हम जानते हैं कि राज्य सरकार के साधन बहुत सीमित है। अतः वहां चाहे कोई भी सरकार हो उसके लिए अपने साधनों से इस गम्भीर समस्या से निपटना आसान नहीं है। केन्द्रीय सरकार को राज्य सरकार की अधिक धन से सहायता करनी चाहिए।

हमें आशा दिलाई गई है कि विशेषज्ञों का एक दल स्थिति का अनुमान लगाने के लिए शीघ्र वहां भेजा जा रहा है। परन्तु मेरा कहना है कि इस ओर तुरन्त उपाय किये जाने चाहिए। प्रभावित क्षेत्रों के गरीब किसानों से बकाया राशियों की वसूली स्थगित की जानी चाहिए। हमें यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि राज्य सरकार जोतदारों से भूराजस्व की वसूली स्थगित करने पर विचार कर रही है। मेरा सुझाव है कि संसद के अधिवेशन के समाप्त होने पर एक अध्यादेश जारी किया जाये जिसके अन्तर्गत जोतदारों साहूकारों आदि लोगों को आदेश दिया जाये कि वे बाढ़ग्रस्त क्षेत्र के किसानों से जमीन का किराया अथवा ऋण वसूल न करें।

सभी सरकारी सहायता स्थानीय लोकप्रिय निर्वाचित समितियों द्वारा बांटी जानी चाहिए न कि कांग्रस दल के माध्यम से।

पश्चिमी बंगाल के लोग निश्चय ही डा० पी० सी० घोष के मंत्रालय को समाप्त कर कुछ समय के लिए वहां पर राष्ट्रपति शासन चाहती थी। अतः डा० घोष का मंत्रिमंडल बर्खास्त कर वहां पर राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया परन्तु इससे वास्तव में कांग्रेस, पुलिस तथा समाज-विरोधी तत्वों को लाभ हुआ है। इस समय कांग्रेस को पश्चिम बंगाल का अधिक समर्थन नहीं मिल रहा है। अतः वह अनेक स्थानों पर आतंक फैलाने के लिए समाजविरोधी तत्वों गुन्डों, माल डिब्बे तोड़ने वालों को संगठित कर रहे हैं। डा० धर्मवीर ने

कांग्रेस विरोधी तत्वों से निपटने के लिए पुलिस को खुली छूट दे रखी है। मैं एक उदाहरण देना चाहता हूँ। उज्जल राय नामक एक व्यक्ति को, जो कि कांग्रेस विरोधी है परन्तु किसी अन्य राजनैतिक दल से संलग्न नहीं है, गुन्डों द्वारा एक सुबह मारपीट की गई और बाद में उसे पुलिस स्टेशन ले जाया गया वहां पर भी पुलिस इंस्पेक्टर द्वारा बहुत मारपीट की गई। उसकी मां सूचना मिलने पर जब वहां गई तो उसकी भी मारपीट की गई और उसे पुलिस स्टेशन से बाहर निकाल दिया। इस घटना की सूचना पुलिस के सभी बड़े अधिकारियों को दी गई परन्तु कोई जांच नहीं की गई है। अतः मैं कहना चाहता हूँ कि लोगों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता तथा सम्मान को पुलिस के हाथों में गिरवी रख दिया गया है। रबिन बोस को, जो कि एक युवा व्यक्ति थे और जिसने कांग्रेसी नेताओं के कहने सुनने पर भी कांग्रेस में शामिल होने से इन्कार कर दिया था, 25 मई को दिन दहाड़े पांच आदिमियों द्वारा जान से मार दिया गया। ये पांच आदमी आज भी आजाद फिर रहे हैं और अन्य व्यक्तियों को उसी तरह मारने की धमकी देते फिरते हैं। इसी प्रकार दीपक चौधरी नामक युवक ने जब कांग्रेस में शामिल होने से इन्कार कर दिया तो उसे रात में पुलिस स्टेशन ले जाकर बुरी तरह मारापीटा गया, यहां तक कि उसके बूढ़े मां-बापके साथ तक बुरा बर्ताव किया गया। इसी प्रकार एक अन्य मामले में पुलिस वालों ने एक उप सहायक इन्जीनियर को, जो सरकारी काम से कहीं गया था, बुरी तरह पीटा। यह केवल इसलिये हुआ कि उक्त सहायक इन्जीनियर ने किसी पुलिस अधिकारी के रिश्तेदारों से, जिन्होंने बेहला सरकार आवास बस्ती के कई फ्लैटों पर गैर कानूनी रूप से कब्जा कर रखा था, इक्जिक्यूटिव इन्जीनियर के आदेशानुसार मकान खाली करवाने चाहे थे। इस तरह एक नहीं, दो नहीं, कई घटनाएं घटी हैं और अब भी घट रही हैं जहां बेकसूर व्यक्तियों पर पुलिस ज्यादतियां कर रही है और राजनैतिक विरोधियों को हर प्रकार तंग किया जा रहा है। पुलिस पर कोई अंकुश नहीं है वह अपनी मनमानी चला रही है और राज्य में भय, आतंक का वातावरण बनाये हुए है। वहां वास्तव में पुलिस राज्य कायम हो गया है जिसे यथा शीघ्र समाप्त किया जाना चाहिए और पुलिस की ज्यादतियों के बारे में जाँच की जानी चाहिए।

श्रीमती शारदा मुकर्जी (रतनगिरि): माननीय सदस्य सभा में गलत बातें कह रहे हैं। वस्तुतः वे सारी बाते जाधवपुर विश्वविद्यालय में हुई थीं।

श्री जे०कृ० दासचौधरी (कूच बिहार): अधिकतर माननीय सदस्यों ने यही तर्क दिया है कि पश्चिम बंगाल में नवम्बर में चुनाव करने वहां के सभी लोग मतदान में भाग नहीं ले सकेंगे क्योंकि उस समय कई क्षेत्रों में पानी भरा रहता है। चुनाव चाहे जब भी हों, इससे कोई फ़र्क नहीं पड़ता। लेकिन हमें इस पहलू पर भी विचार करना है कि वहां की स्थिति किस ओर जा रही है और राष्ट्रपति के शासन का क्या प्रभाव पड़ा है। राष्ट्रपति का शासन लागू होने के बाद पश्चिम बंगाल की समूची स्थिति और अधिक बिगड़ गई है। नौकरशाही तथा पुलिस जो चाहे कर रहे हैं, आम आदमी दुःखी है और उसकी सुनने वाला कोई नहीं है। इस सिलसिले में मैं अपने ही क्षेत्र की 23 मार्च की एक घटना का उदाहरण देना चाहूँगा।

कूच बिहार के बीच में कदमतला नामक एक जगह है जहां भूमि के एक प्लॉट पर कब्जे के बारे में कोई विवाद था। इस भूमि पर 17 अथवा 18 वर्षों से एक व्यक्ति का कब्जा चला आ रहा था। 23 मार्च को स्थानीय डिप्टी कमिश्नर, डी० एस० पी० तथा अन्य अधिकारियों ने

आपस में साजिश की और उस व्यक्ति के, जिसके कब्जे में यह विशेष प्लॉट था, मकान आदि को तोड़-गिरा दिया जिससे 17000 या 18000 रुपये का नुकसान हो गया। जब इस कार्यवाही को चुनौती दी गई क्या किसी न्यायालय ने उस व्यक्ति को बेदखल करने का आदेश जारी किया था, तो पता लगा कि उसके विरुद्ध कोई मामला दर्ज ही नहीं था। इस प्रकार वहां अधिकारी यह समझ रहे हैं कि जो कुछ भी है वे ही हैं और वे जो चाहे कर सकते हैं और अपनी मनमानी कर रहे हैं। मैने इस मामले को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के पास भेजा। लेकिन पता चला है कि वह अभी तक रिपोर्ट का ही इन्तजार कर रहे हैं। इस प्रकार के प्रशासन से लोग क्या आशा कर सकते हैं ?

2 जून, 1968 को मेरे जिले दिनहाटा सब डिवीजन के कुछ लोगों ने गृह-कार्य मन्त्री, श्री यशवन्तराव चह्वाण को एक ज्ञापन दिया था। इस ज्ञापन में यह बताया गया था कि इस सब डिवीजन में स्थानीय अधिकारी तस्कर व्यापारियों तथा राष्ट्र विरोधी तत्वों के साथ किस तरह साजिश कर रहे हैं। इस बारे में जांच की जानी चाहिए।

[उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए
MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

बंगला दैनिक बसुमति, में 26 जून 1968 को एक समाचार प्रकाशित हुआ है कि 3 व्यक्ति भूख से मरे हैं, और अन्य समाचारों से पता चला है कि कूच-बिहार जिले में भूख से 6 व्यक्तियों की मृत्यु हुई हैं। स्थिति ऐसी है कि 80 प्रतिशत ग्रामवासियों के पास खाद्यपदार्थ खरीदने के लिये पैसा नहीं है। वहां लोगों की क्रय शक्ति घट गई है। सरकार केवल 6,02,144 व्यक्तियों के लिये राशन की सप्लाई कर रही है और शेष 1,68,069 लोगों के लिये कोई राशन नहीं भेज रही है।

Shri Deven Sen (Asansol) : Sir, in the course of discussion, much has been said about what should be the policy for the next mid-term poll in West Bengal. There are people who want that these elections should not be held in November 1968, because the people in West Bengal will not be able to vote in November, as most of the areas are under water during this period. There are water-logged areas. So these elections should be held in February, 1969 and not in November 1968. What I feel is the grounds and arguments advanced by them are not cogent and all this is only an excuse for getting the elections post-poned. The supporters of this view are people who are not sure of their success in these elections. But the Congress Party must understand that it is not going to succeed in the elections, whether they are held in November or February. They are certainly to suffer debacle.

It has been said that the situation in West Bengal has improved under the President's rule. But no body quoted any instance in support of his statement. The position is certainly otherwise. So far as the question of law and order is concerned, the situation has in fact worsened. There has been a marked increase in crimes and cases of dacoity, loot and murder have gone up. The police is harassing innocent people. The Law and order situation has considerably deteriorated there.

As regards the food situation in the state, the prices of foodgrains have shot up. Rice is not available at less than Rs. 2.50 per kilo. The villagers have no money to purchase their foodstuffs and the average income of the individual has gone down. The purchasing power of the people of the state in general has come down. The President's rule has in fact brought nothing to the state. It has rather suffered during this rule.

Today West Bengal is faced with a number of problems, the important of which is the devastation caused by floods. The relief measures taken in the flood effected areas are not satisfactory. Officers are not taking any interest in the relief work. This is really a sorry state of affairs. The Central Government are not paying due attention to the problems of the state. It is being discriminated against in all the matters. There is a proposal to shift the Central Government offices from Calcutta. We oppose the proposed step. I strongly support the amendment moved by my hon. friend S. M. Banerjee so far as question of the mid-term poll in the state is concerned, the elections must be held in or by the end of November, 1968.

Shri Yamuna Prasad Mandal (Samastipur : Sir, according to latest official reports, an area of 16.6 lakh hectacres including cropped area of 13.6 lakh hectacres was affected in West Bengal and the damage to crops is Rs. 48.6 crores. There has been an unprecedented flood havoc in the state which has created a grave situation there. It has affected millions of people, hundreds of houses have collapsed and thousands of people have become homeless. There is immense loss of life and property all round. But the Government of West Bengal who had requested for a ways and means advance of Rs. 2 crores have been advanced a sum of Rs. 1 crore to keep the State Government in funds. But keeping in view the problems the West Bengal Government is faced with today, the Central Government should grant more funds for the purpose of relief.

Calcutta is a national city. It is necessary to develop and protect this city on national basis. It is a matter of satisfaction that Farakkha dam which is being put up, would give protection to Calcutta from floods. Steps should be taken to see that the work of this dam is expedited.

The need of the hour is to undertake constructive works. It does not matter whether elections are held in November, 1968 or February, 1969. The grave situation created by floods in West Bengal should be tackled as a national problem. We should all combine together and face it jointly.

***श्री मजहरि महतो** (पुरुलिया): सम्पूर्ण बंगाल राज्य सूखा, तथा बाढ़ से पीड़ित है। ऐसी स्थिति में यह ठीक नहीं होगा कि राज्यपाल के शासन की अवधि को बढ़ाया जाय, क्योंकि राज्यपाल के शासन काल में जनता की परेशानियाँ बहुत बढ़ी हैं। वे हमेशा नौकरशाही अफसरों के शिकार रहे हैं। नौकरशाही अफसरों की उनके प्रति उदासीनता व निर्दयता पूर्ण व्यवहार के कारण जनता के दुख और भी बढ़ गए हैं।

नौकरशाही लोग जनता की आवश्यकताओं और समस्याओं की ओर ध्यान नहीं देते 'मुक्ति' समाचार पत्रिका में लिखा है-कि भारी वर्षा के कारण दामोदर और अटला नदियों में बाढ़ आने से पुरुलिया के समस्त गाँव डूब गए और काफी नुकसान हुआ परन्तु सरकारी सूचना में इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहा गया।

पुरुलिया के लोगों के इस दुःख के प्रति सरकारी व्यवस्था का उदासीन रहना बड़ी शर्म की बात है। सरकारी अधिकारियों ने केन्द्र को भी इस सम्बन्ध में कुछ भी सूचना नहीं दी है। अपितु बंगाल के 14 जिलों में बाढ़ आने के बारे में कहा गया, पता नहीं पुरुलिया में आई बाढ़ के बारे में सरकारी अधिकारी चुप क्यों हैं? कांग्रेस के 20-22 वर्षों के शासन काल में इस जिले का शोषण होता रहा और वही बात राज्यपाल के शासन काल में भी हो रही है।

*मूल बंगला के अंग्रेजी अनुवाद से अनुदित

From English translation of the speech delivered in Bengali

मैंने अपनी आँखों से पुरुलिया जिले के बाढ़ से प्रभावित लोगों के दुःखों को देखा है। वहाँ सहत कार्य की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। पुरुलिया जिला के प्रति उपेक्षापूर्ण दृष्टिकोण कई वर्षों से रहा है। वहां के गरीब किसानों और मजदूरों का मुनाफाखोर, पूंजीवादी, महाजन आदि द्वारा शोषण किया जाता रहा है। राज्यपाल के शासन का दुरुपयोग इस प्रकार किया जा रहा है।

कुछ लोगों की यह मांग है कि मध्यावधि चुनाव स्थगित किए जाएँ और पश्चिमी बंगाल में राज्यपाल के शासन काल को बढ़ाया जाय परन्तु वास्तव में वे उन लोगों को बढ़ावा दे रहे हैं जो कि गरीब लोगों का शोषण कर रहे हैं। सरकार की समस्त मशीनरी लोगों पर हर तरह की मुसीबतें ला रही हैं। अगर सरकार को यहां के जनता के प्रति हमदर्दी है तो चुनाव नवम्बर के महीने में अवश्य होने चाहिए, ताकि सर्वप्रिय सरकार को कार्य करने को मौका मिल सके और जनता के मन में राज्यपाल के शासन का जो भय समाया हुआ है उसे दूर किया जा सके। मेरी प्रार्थना यह है कि राज्यपाल के शासन को शीघ्र समाप्त किया जाये।

सयुंक्त मोर्चा सरकार ने लोगों के दिलों में उच्च आशाओं का संचार किया था परन्तु उस पर अकर्मण्यता, अकुशलता आदि के अभियोग लगाये गए, परन्तु एक सरकार नौ महीने में कर ही क्या सकती है? कांग्रेस ने 20 वर्षों तक राज्य किया, अपने इस शासन काल में उसने क्या किया?

मैं उनके प्रति कृतज्ञ हूँ जो यह कहते हैं कि बंगाल केवल भारतीय पुनरुत्थान की अपितु भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नेताओं की भी जन्मभूमि रही है। यह कहते हुए दुःख होता है कि कांग्रेस र ज्य के 20-22 वर्षों के शासन काल ने उन महान लोगों की आशाओं व आदर्शों को आघात पहुँचाया है जिन्होंने देश की स्वतन्त्रता के लिए सब कुछ बलिदान कर दिया। यह भी शर्म की बात है कि जिस बंगाली भाषा में मैं बोल रहा हूँ, उसका लेखाबद्ध नहीं किया जायेगा। मेरी प्रार्थना है कि सब भाषाओं को समान दर्जा दिया जाये। नहीं तो प्रजातंत्र, समानता आदि का क्या महत्व है?

अन्त में मैं फिर से कहूँगा कि गवर्नर का राज्य काल पश्चिमी बंगाल में न बढ़ाया जाय और इसको शीघ्र समाप्त किया जाय जिससे लोगों की परेशानियाँ दूर हो सकें। चुनाव अवश्य ही नवम्बर में कराये जायें जिससे लोगों को अपनी सरकार का चुनाव करने का मौका मिल सके।

श्री ज्योतिर्मय वसु : जैसा कि मैं पहले भी कई बार कह चुका हूं कि कांग्रेस सभी मामलों में राजनीतिक चाल चल रही हैं। वे बंगाल में बढ़ी हुई कीमतों के लिये जिम्मेवार हैं। वहां एक किलो चावल का मूल्य तीन रूपया है। यदि आप सीमा पार कर उड़ीसा या बिहार जायें तो आपको चावल का मूल्य इससे आधा मिलेगा।

पुरुलिया जिले में भूख से दो व्यक्ति मरे। सरकार इसको स्वीकार नहीं करेगी। जिन व्यक्तियों को निवारक निरोध अधिनियम के अन्तर्गत गिरफ्तार कर लिया गया है, उन्हें छोड़ा जाना चाहिये।

पश्चिमी बंगाल में अपराधों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। इस मामले में कांग्रेस, पुलिस और असामाजिक तत्वों में साठगांठ है। आसनसोल की रत्निबाली कोयला खानों के मालिक

आगरा, चम्बल घाटी और अन्य स्थानों से भूतपूर्व अपराधियों को बुलाकर श्रमिकों को डरा धमका रहे हैं। इसके कारण कानून और व्यवस्था की समस्या उठ खड़ी हुई है।

जो लोग कांग्रेस शासन का विरोध करते हैं पुलिस उन पर जुल्म करती है।

बेकारी में बहुत वृद्धि हुई है। 1956 से, जब कांग्रेस शक्ति में थी, औद्योगिक उत्पादन में कमी हुई। केन्द्रीय सरकार ने पश्चिम बंगाल में बड़े बड़े लोगों से मिलकर माल डिब्बे और रेलवे का बहुत सारा सामान बनाने का कार्य रोक दिया है। इस प्रकार से उन्होने बेकारी की समस्या उत्पन्न की है।

कांग्रेस के ही शासन काल में जीवन बीमा निगम की आय पूर्वी क्षेत्र बंगाल और आसाम से बहुत सा व्यापार प्राप्त किया लेकिन सब धन अहमदाबाद सूती कपड़ा मिलों को सौंप दिया गया। ब्रिटेन ने दुर्गापुर प्लान्ट का विस्तार करने के लिये 670 लाख पौंड के ऋण का प्रस्ताव रखा था। यदि इसे स्वीकार कर लिया जाता तो नौकरी के अवसर उत्पन्न हो जाते। लेकिन उस धन को कहीं और भेजा गया।
